वर्ष 69 अंक 89 पृष्ठ 12+8= 20
भोपाल, शनिवार 27 दिसंबर, 2025
पौष शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत् 2082
महानगर मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

किसी भी व्यक्ति के विचार ही सबकुछ हैं, वह जैसा सोचता है वैसा ही बन जाता है।
-महात्मा गांधी

## ऑफ बीट

### महाकाल में आया एक अरब से अधिक दान



*जागरण, उज्जैन। महाकाल लोक बनने के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर में अब रोजाना दर्शनार्थियों की संख्या डेढ़ से दो लाख पर पहुंच गई है। भक्तों ने इस साल भी दिल खोलकर दान किया है। महज 11 महीने में 43 करोड़ 43 लाख नकद दान में मिला है, तो वीआईपी दर्शन से 64 करोड़ से अधिक की आय हुई है। वहीं 13 करोड़ से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण भी मिले हैं। इस साल में पहली बार मंदिर की दान पेटियां गुरुवार को खोली गईं। इन पेटियों ने मंदिर को एक ही साल में अरब पति बना दिया। 1 जनवरी से 15 दिसंबर तक 5.50 करोड़ श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे हैं। भक्तों ने 13 करोड़ का सोना-चांदी दान किया। शीघ्र दर्शन व्यवस्था से 64 करोड़ 50 लाख की आय हुई है। पिछले वर्ष की तुलना की इस साल दानपेटी, शीघ्र दर्शन से करीब 15 करोड़ अधिक मिले हैं। पिछले साल कुल 92 करोड़ रुपए की आय हुई थी।*

# भारत में भी 16 से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल-मीडिया बैन हो: हाईकोर्ट

## केंद्र सरकार को ऑस्ट्रेलिया जैसे सख्त कानून पर विचार की सलाह, कहा-पैरेंटल कंट्रोल मिले

**चेन्नई, जेएनएन।** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी 16 साल से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने कहा कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने यह बात नाबालिगों को ऑनलाइन पोर्नोग्राफिक कंटेंट आसानी से मिल जाने के मुद्दे पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कही। याचिकाकर्ता एस विजय कुमार के वकील केपीएस पलानीवेल राजन ने ऑस्ट्रेलिया के नए कानून का हवाला दिया था। कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (आईएसपी) पर और सख्त नियम लागू किए जाएं। उन्हें अनिवार्य रूप से पैरेंटल विंडो सर्विस (पैरेंटल कंट्रोल) देने के लिए कहा जाए, जिससे माता-पिता अपने बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी को फिल्टर और कंट्रोल कर सकें। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ने 9 दिसंबर से 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अकाउंट बनाने पर बैन कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस तरह का बैन लगाने वाला दुनिया का पहला देश है। यह मामला एक पुरानी जनहित याचिका से जुड़ा है। इसमें शिकायत की गई थी कि बच्चों को इंटरनेट पर अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट बहुत आसानी से मिल जाता है। याचिका में मांग की गई थी कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), तमिलनाडु बाल अधिकार आयोग और इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स को निर्देश दिया जाए कि वे पैरेंटल कंट्रोल सिस्टम लागू करें और स्कूलों व समाज में बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं।



### अदालत ये भी दिए सुझाव

- अदालत ने क्या कहा-जब तक नया कानून नहीं बनता, तब तक सरकार और आयोग जागरूकता अभियान तेज करें और बच्चों और माता-पिता को सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल के तरीके सरल भाषा में समझाएं।
- स्कूलों, मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए बच्चों और अभिभावकों को सुरक्षित इंटरनेट के बारे में बताया जाए।
- आईएसपी को मजबूर किया जाए कि वे पैरेंटल विंडो/पैरेंटल कंट्रोल जैसी सुविधा आसान तरीके से उपलब्ध कराएं।



### ऑस्ट्रेलिया वाला मॉडल क्या है?

ऑस्ट्रेलिया सरकार ने नवंबर 2024 में 'ऑनलाइन सेफ्टी अमेंडमेंट बिल' पास किया था। इस कानून का मकसद बच्चों को ऑनलाइन हानिकारक कंटेंट और साइबर जोखिमों से बचाना है। इसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों को टिकटॉक, एक्स (ट्विटर), फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, यूट्यूब जैसी बड़ी सोशल मीडिया साइटों से दूर रखने का प्रावधान है। इन प्लेटफार्म्स को नाबालिगों के अकाउंट हटाने और उम्र की सख्त जांच (एज वेरिफिकेशन) करने की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, इस कानून को लेकर वहां अभिव्यक्ति की आजादी और डिजिटल अधिकारों पर बहस भी चल रही है।

**शीतलहर :** पहाड़ों से लेकर मैदान तक घना कोहरा, उप्र में जीरो विजिबिलिटी

# मप्र समेत 22 राज्य ठंड की चपेट में अगले दो दिन में और बढ़ेगी सर्दी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश के करीब 22 राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मप्र के 25 से ज्यादा शहरों का न्यूनतम पारा 10 डिग्री से नीचे है। सबसे ठंडा पचमढ़ी रहा, जहां 3.6 डिग्री पारा रहा। वहीं कश्मीर में शीतलहर के बीच सर्दी तेज हो गई है। चिल्ले कलां के साथ यहां ज्यादातर जिलों में रात का पारा शून्य डिग्री से नीचे पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के मुताबिक, नववर्ष पर 30 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच कई हिस्सों में बारिश के साथ बर्फबारी के आसार हैं। इसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। बर्फबारी की सूरत में यात्रियों और पर्यटकों को यातायात व प्रशासन की एडवाइजरी के तहत सफर करने की सलाह दी गई है। घाटी के सभी जिलों में रात के तापमान में गिरावट आई है। बर्फबारी के बाद गुलमर्ग, सोनमर्ग समेत अन्य पर्यटन स्थलों पर नए साल का जश्न मनाने पर्यटकों की भीड़ पहुंचने लगी। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के साथ ही उत्तरी ठंडी हवाओं ने सर्दी बढ़ा दी है। गुरुवार को 4 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री और 21 शहरों में 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। माउंट आबू 1.0, फतेहपुर 1.6 और नागौर 1.8 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा रहा।

**आज दिन में भी धुंधः** पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार और मप्र में घने कोहरे की संभावना है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में न्यूनतम तापमान में और गिरावट के साथ शीतलहर जारी रहेगी। ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी और बारिश से मैदानी इलाकों में ठंडी हवाएं चल सकती हैं।

**28 दिसंबरः ठंडी हवाएं बढ़ाएंगी सर्दी, रातें ज्यादा सर्दः** पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार में कोहरे के साथ ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है। कोल्ड-डे जैसी स्थिति रहेगी।



प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर, नर्मदापुरम में जलने लगे अलाव।

### उप्र के 27 जिलों में घना कोहरा

उप्र के कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, बरेली समेत 27 जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। सड़कों पर कम विजिबिलिटी के चलते कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। प्रयागराज, देवरिया समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। गोरखपुर समेत कई एयरपोर्ट्स पर पांच फ्लाइट्स रद्द करनी पड़ी।

### खबरा मौसमः इंडिगो फ्लाइट डायवर्ट 100 से अधिक यात्रियों का हंगामा



**कोलकाता, जेएनएन।** खराब मौसम के चलते हैदराबाद से दरभंगा आ रही फ्लाइट को डायवर्ट किया गया है। 100 से ज्यादा यात्री कोलकाता में फंसे हैं। यात्रियों ने फ्लाइट के अंदर ही जमकर हंगामा किया है। विमान के अंदर हंगामे का वीडियो भी सामने आया है। हैदराबाद से दरभंगा आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई 537 को निर्धारित समय दोपहर 2.05 बजे दरभंगा में उतरना था, लेकिन मौसम खराब होने से विमान को कोलकाता डायवर्ट कर दिया गया।

### पचमढ़ी, राजगढ़ में कड़ाके की ठंड ग्वालियर-दतिया में घना कोहरा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** देश के उत्तरी इलाकों के साथ मैदानी क्षेत्र में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मप्र में भी ठंड का असर दिख रहा है। अधिकांश जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे रिकार्ड किया जा रहा है। वहीं कुछ जिले ऐसे भी हैं, जहां न्यूनतम पारा 5 डिग्री से भी नीचे है। शुक्रवार की रात पचमढ़ी और राजगढ़ में पारा 4.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सबसे कम था। मंदसौर में 4.6 डिग्री पारा रहा। मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक, मप्र में तेज ठंड का कारण उत्तरी इलाकों में हो रही बर्फबारी है। इससे मप्र के ग्वालियर व चंबल क्षेत्र में घना कोहरा देखने को मिल रहा है। ग्वालियर, दतिया, भिंड, छतरपुर, नौगांव में कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड है। भोपाल में शुक्रवार को सुबह के समय विजिबिलिटी एक हजार मीटर रह गई थी, जो आठ से दस बजे के बीच दर्ज की गई।

**मप्र में कई जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे**

# स्कूली बच्चों को पढ़ाएंगे गुरु गोबिंद की वीरगाथा : सीएम

## भोपाल में प्रकाश पर्व के आयोजन में सहयोग करेगी सरकार



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में गुरु गोबिंद सिंह और उनके परिवारों की वीरता की गाथाओं को शामिल किया जाएगा। राज्य सरकार भोपाल में गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के आयोजन में सहयोग प्रदान करेगी।

शुक्रवार को यह ऐलान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। उन्होंने वीर बाल दिवस पर हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा में मत्था टेका और सिख वीर साहिबजादों की शहादत को नमन किया। उन्होंने भाजपा दफ्तर में आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। डॉ. यादव ने कहा, सच्चाई और धर्म की रक्षा के लिए साहिबजादों के बलिदान को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारा हमीदिया रोड में मत्था टेका और साहिबजादों की शहादत को नमन किया। उन्होंने घोषणा की कि उनके बलिदान की गाथाओं को अब स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, वीर बाल दिवस दसवें सिख गुरु, गुरु गोविंद सिंह के छोटे बेटों, साहिबजादा फतेह सिंह और जोरावर सिंह की शहादत की याद दिलाता है। साहिबजादों ने बहुत छोटी उम्र में अन्याय के सामने झुकने से इंकार किया और धर्म व सच्चाई की रक्षा के लिए अद्वितीय साहस का परिचय दिया। उनका जीवन आज के युवाओं के लिए हिम्मत, ईमानदारी और आत्मसम्मान का प्रतीक है।

वीर बाल दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यालय में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने साहिबजादों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संत सिपाहियों ने अखाड़ा गत्तका प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा, सिख वीरों ने देश की आजादी और धर्म की रक्षा में अद्वितीय योगदान दिया। अरेरा कॉलोनी गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष पजिंदर सिंह ने बताया कि सिख गुरुओं ने मुगलों और अंग्रेजों का मुकाबला करने के लिए वीर फौज बनाई और खालसा पंथ की स्थापना की।

### उनके आदर्श हमारे प्रेरणा का केंद्र

सीएम ने कहा, सिख वीरों के आदर्श और बलिदान युवा पीढ़ी को धर्म और देश की रक्षा के लिए प्रेरित करते रहेंगे और उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। इस तरह वीर बाल दिवस सिख धर्म की वीरता, धर्मनिष्ठा और साहस की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बन गया है। उन्होंने प्रथम गुरुनानक देव जी की उज्जैन यात्रा और उज्जैन स्थित गुरुद्वारा इमली साहब का उल्लेख करते हुए कहा कि सिख गुरुओं ने सदैव मानवता का मार्ग दिखाया है, उनके आदर्श हमारे लिए प्रेरणा के केंद्र रहेंगे।

### क्रिकेटर वैभव समेत 20 बच्चों को बाल पुरस्कार



**नई दिल्ली, जेएनएन।** वीर बाल दिवस पर शुक्रवार को 20 बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए। अलग-अलग क्षेत्र में बेहतरीन और बहादुरी के कामों की वजह से इन बच्चों को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुना गया। 14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी भी इनमें शामिल हैं। दिल्ली आने की वजह से वे विजय हजारे टूर्नामेंट में मणिपुर के खिलाफ मैच नहीं खेल रहे हैं। 20 बच्चों में से 2 बच्चों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया। तमिलनाडु की ब्योमा व बिहार के कमलेश कुमार का पुरस्कार उनके माता-पिता ने लिया। पीएम मोदी ने भी विजेता बच्चों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जेन जी और जेन अल्फा ही हमें विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएंगे। वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के 4 बेटों की शहादत के सम्मान में मनाते हैं।

**2025 गुजरता साल यादगार लम्हे**

*फिल्मों ने मनोरंजन के साथ ही दर्शकों पर अमिट छाप भी छोड़ी* *( पेज-11 पर )*

### संपादकीय पेज आज से नये कलेवर में

न सिर्फ पेज की साज-सज्जा में परिवर्तन किया गया है बल्कि 'खुला मंच' के नाम से एक नया कॉलम भी प्रारंभ हुआ है। इसके तहत अब प्रतिदिन राजनीति से लगायत कला, संस्कृति साहित्य एवं आर्थिक जगत आदि की किसी महत्वपूर्ण घटना या गतिविधि पर संक्षिप्त, सारगर्भित एवं लालित्यपूर्ण टिप्पणी प्रस्तुत की जाएगी।
- संपादक

# जबलपुर कृषि विवि में नौकरी के नाम पर युवती से दुष्कृत्य

**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश के जबलपुर में जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि में शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां नौकरी दिलाने के नाम पर 22 साल की युवती से विवि परिसर में ही रेप किया गया। आरोप विवि में पदस्थ बाबू और चपरासी पर लगा है। दोनों ने तिलवारा की रहने वाली युवती को विवि परिसर में बुलाया और कमरे में ले जाकर वारदात की। घटना 25 दिसंबर रात की है। युवती जैसे-तैसे आरोपियों के चंगुल से छूटकर अगले दिन आधारताल थाने पहुंची और दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर कराई। पुलिस ने आरोपियों को घर से गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, आरोपी खुद को निर्दोष बता रहे थे। विवि में संविदा पद पर निकले पद की नियुक्ति को लेकर युवती यूडीसी दुर्गाशंकर सिंगरहा के संपर्क में आई थी। आरोप है कि इसी सिलसिले में उसकी दुर्गाशंकर से दो बार शहर में ही मुलाकात भी हुई। इसके बाद 25 दिसंबर दोपहर को यूडीसी दुर्गाशंकर ने युवती को कॉल कर विवि बुलाया। युवती गुरुवार शाम विवि परिसर में ■ शेष पृष्ठ 9 पर




**एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी**

### हाईकोर्ट में केंद्र बोला-कोई मोनोपॉली चाहता है

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हाईकोर्ट ने एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी 18 फीसदी से 5 फीसदी करने की मांग वाली जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। इस दौरान जस्टिस विकास महाजन और जस्टिस विनोद कुमार की बेंच ने केंद्र से पूछा, एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी क्यों नहीं घटा सकते। हाईकोर्ट ने सरकार से कहा, आपको जो भी करना पड़े, कीजिए। फिलहाल एक एयर प्यूरीफायर की कीमत 10-15 हजार रुपए है। जीएसटी को ऐसे उचित स्तर पर क्यों नहीं लाया जाता, जहां आम आदमी भी इसे खरीद सके। केंद्र की ओर से पेश एएसजी एन. वेंकटरमण ने याचिका पर ही सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा-कोई एयर प्यूरीफायर सेक्टर में मोनोपोली चाहता है।

# होमवर्क नहीं किया तो कपड़े उतार ठंड में खड़ा किया, प्राचार्य व ड्राइवर को हटाया

### सीहोर में निजी स्कूल प्रबंधन की अमानवीयता, एक लाख जुर्माना

**जागरण, सीहोर।** बच्चों को ठंड से बचाने एकतरफ जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों का आदेश दिया है कि किसी भी बच्चे को रंगीन स्वेटर या कपड़े पहनकर आने पर क्लास से बाहर न किया जाए। दूसरी तरफ सीहोर का एक निजी स्कूल मासूमों को कपड़े उतारकर कड़कड़ाती ठंड में खड़ा कर रहा है। इतना ही नहीं, अंडर वियर-बनियान में ही बच्चों से ग्राउंड की सफाई और पेड़-पौधों में पानी डलवाया जाता है। मना करने पर प्राचार्य द्वारा स्कूल के ड्रायवर व सुरक्षाकर्मी से बच्चों को पिटवाया जाता है। दंड का यह अमानवीय तरीका सामने आने पर अभिभावकों और बजरंग दल-विहिप ने स्कूल में जमकर हंगामा किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने भी निरीक्षण के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। स्कूल की प्राचार्य, ड्राइवर व सुरक्षा कर्मी को नौकरी से हटा दिया गया है। बच्चों से अमानवीयता का यह मामला भोपाल-इंदौर हाईवे पर सीहोर जिले के ग्राम जताखेड़ा के पास सेंट एंजल कॉन्वेंट हाईस्कूल में सामने आया है। बच्चों द्वारा स्कूल प्रबंधक और शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा आए दिन स्कूल में ऐसी ही सजा दिए जाने की शिकायत अपने अभिभावकों से की जा रही थी। शुक्रवार को भी इसी तरह सजा दिए जाने की सूचना पर बड़ी संख्या में अभिभावक, ग्रामीण स्कूल पहुंच गए। स्कूल का संचालन जाफरी परिवार द्वारा किया जा रहा है। ■ शेष पृष्ठ 9 पर



**बदलाव** — बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का अहम फैसला

# सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए अखबार पढ़ना अनिवार्य

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी सरकारी बेसिक और माध्यमिक स्कूलों में छात्रों के लिए अखबार पढ़ना अनिवार्य कर दिया है। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, स्कूलों की सुबह की प्रार्थना सभा में 10 मिनट का समय अखबार पठन के लिए रखा गया है। हिंदी, अंग्रेजी दोनों अखबारों को शामिल किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करना, स्क्रीन टाइम कम करना, सामान्य ज्ञान बढ़ाना और आलोचनात्मक सोच को मजबूत करना है। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के एसीएस पार्थ सारथी सेन शर्मा ने 23 दिसंबर को आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, स्कूलों में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं के अखबार उपलब्ध कराए जाएंगे और इन्हें स्कूल की दैनिक गतिविधियों का हिस्सा बनाया जाएगा।

### एकाग्रता बढ़ाने का उपाय

आदेश में कहा गया है कि छात्रों में मोबाइल, डिजिटल स्क्रीन पर बढ़ते समय को कम करने फिजिकल अखबार पढ़ने को बढ़ावा दिया जाए। इससे छात्रों की एकाग्रता, ध्यान क्षमता बेहतर होगी। साथ ही, आंखों पर कम दबाव पड़ेगा और वे जानकारी को गहराई से समझ पाएंगे।



चित्रः एआई निर्मित

### प्रार्थना सभा में होगा अखबार पठन

आदेश के अनुसार, स्कूलों की सुबह की प्रार्थना सभा में 10 मिनट का समय अखबार पढ़ने के लिए तय किया गया है। छात्र रोटेशन के आधार पर अखबारों से संपादकीय लेखों के मुख्य बिंदु, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समाचार और खेल से जुड़ी सकारात्मक खबरें पढ़कर सुनाएंगे।

### हिंदी और इंग्लिश दोनों अखबार होंगे शामिल

सरकार ने स्पष्ट किया है कि स्कूलों में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं के अखबार पढ़े जाएंगे। इससे छात्रों की भाषा समझ, शब्दावली और अभिव्यक्ति क्षमता को बेहतर बनाया जा सकेगा।

### छात्रों की भाषा और सामान्य ज्ञान होगा मजबूत

आदेश में अखबार पढ़ने के फायदे भी बताए गए हैं। इसके अनुसार, नियमित रूप से अखबार पढ़ने से छात्रों का सामान्य ज्ञान और करेंट अफेयर्स मजबूत होगा, शब्दावली और भाषा शैली में सुधार आएगा, लेखन क्षमता का विकास होगा और जो भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी साबित होगा।

### फेक न्यूज पहचानने की क्षमता होगी विकसित

एसीएस शर्मा ने कहा, अलग-अलग विषयों और दृष्टिकोणों को पढ़ने से छात्रों में आलोचनात्मक सोच विकसित होती है, इससे वे सही और गलत सूचना के बीच फर्क कर पाएंगे और फेक न्यूज के दौर में अधिक जागरूक बनेंगे।

### स्थानीय और सामाजिक मुद्दों से जुड़ेंगे छात्र

आदेश के अनुसार, अखबारों में प्रकाशित स्थानीय समाचार, सामाजिक मुद्दों और मानव-रुचि से जुड़ी खबरें छात्रों को अपने आसपास के माहौल से जोड़ेंगी, इससे उनमें सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित होगी।

### सुडोकू और पहेलियों से बढ़ेगी लॉजिकल स्किल

सरकार ने यह भी कहा है कि अखबारों में उपलब्ध सुडोकू, क्रॉसवर्ड और शब्द पहेलियां छात्रों की तार्किक सोच और समस्या समाधान क्षमता को मजबूत करती हैं। शर्मा ने कहा कि यह निर्देश सरकारी स्कूलों के लिए अनिवार्य हैं, लेकिन यदि अन्य स्कूल चाहें तो वे भी इसे अपना सकते हैं।

# एक शब्द मिटाकर जिला सहकारी बैंक में किया 65 लाख का गबन

## 'अ' हटाकर अस्वीकृत को किया स्वीकृत, 4 पर एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के मंडला जिला सहकारी बैंक में जालसाजी व धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में जांच एजेंसी के अफसर हैरान हैं। बैंक अफसरों ने महज एक अक्षर 'अ' को हटाकर लाखों का घोटाला कर दिया। पड़ताल के बाद ईओडब्ल्यू जबलपुर यूनिट ने तत्कालीन महाप्रबंधक सहित 4 लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। दरअसल, मामला 14 साल पुराना है। लोन से जुड़े मामले में छानबीन के बाद दस्तावेजों के जरिए ये साबित हो गया कि महज एक अक्षर को हटाकर इन अफसरों ने मिलीभगत कर लाखों की सरकारी रकम हड़प ली। 65 लाख की ये राशि अल्प बचत साख सहकारी समिति मर्यादित मंडला ■ शेष पृष्ठ 9 पर




### इस तरह हुआ घोटाला

8 नवंबर 2011 को सहकारी बैंक में हुई लोन उप-समिति की बैठक में आवेदक संस्था अल्प बचत साख सहकारी समिति मंडला के 38 लाख बकाया होने से ऋण के आवेदन को अस्वीकृत किया गया था। शातिर अधिकारियों ने बाद में बैठक के कार्यवाही रजिस्टर में हेराफेरी की और अस्वीकृत शब्द में से 'अ' को मिटा दिया, जिससे वह स्वीकृत बन गया।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान का पोस्टर लांच

**भोपाल।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी से गणतंत्र दिवस 2026 तक ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत ग्राम विकास पखवाड़ा आयोजित कर रहा है। इस अभियान के पोस्टर का विमोचन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में किया। इस अवसर पर परिषद् के उपाध्यक्ष मोहन नागर एवं कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ सहित योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे।

### 4 हजार की घूस लेने वाले टीचर को 4 साल की कैद



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** बड़वानी में दस साल पहले महज 4 हजार की घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़े गए एक टीचर को स्पेशल कोर्ट ने 4 साल कैद के साथ 10 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। जिले के शासकीय हाई स्कूल गेरू घाटी में पदस्थ टीचर पुन्टा वार्डे 2015 में रमेश कोटे नाम के सहायक अध्यापक से वेतन और एरियर की राशि जारी करने के एवज में रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार हुए थे। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस ने उनके खिलाफ कोर्ट में चाला पेश किया था। अदालत ने सुनवाई और सबूतों के आधार पर पुन्टा वार्डे को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और धारा 13(1), 13(2) के तहत दोषी पाते हुए 4 साल का कारावाद और 10 हजार का अर्थदंड लगाया गया।

### अवैध गतिविधियों में लिप्त क्रेडिट सोसायटी पर एक्शन

**विसं, भोपाल।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अशोकनगर में सट्टा संचालन एवं अवैध आर्थिक गतिविधियों के आरोपी आजाद खान से जुड़ी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी पर एक्शन लिया है। मंत्री सारंग ने आजाद खान की केजीएन साख सहकारी संस्था मर्यादित, वार्ड क्रमांक 10, की सभी वित्तीय ट्रांजेक्शन पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि मामले की गहन और निष्पक्ष जांच कर 7 दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जांच में यदि किसी भी स्तर पर दोष सिद्ध होता है, तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। तब तक आजाद खान की केजीएन साख सहकारी संस्था मर्यादित के सभी तरह के वित्तीय लेनदेन पर रोक रहेगी।

### सीएम ने की ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा, जिलों में एनजीओ से जुड़ी महिलाएं खोलेंगी बड़े ब्रांडों के आउटलेट

# हस्तशिल्प से महिलाओं की सुधरेगी आर्थिक स्थिति

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही हैं। हैंडलूम और हस्तशिल्प से जुड़ी गतिविधियां में महिलाओं को दक्ष किया जाएगा, जिससे वो जहां अपनी दक्षता साबित कर सकेंगी, तो वहीं आर्थिक रूप से और मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि बड़े हैंडलूम ब्रांडों की फैंचाइजी जिला स्तर तक स्वयं सहायता समूह को देने की दिशा में काम होगा। डॉ. यादव शुक्रवार को अपने निवास स्थित समत्व भवन में ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पिछले दो वर्ष की विभाग की उपलब्धियों और अगले तीन साल के रोडमैप को लेकर अधिकारियों से चर्चा भी की। सीएम ने कहा कि विभाग के अधिकारी नवाचारों पर अपने आप को फोकस करें। हमारे पास मृगनयनी, विंध्या वैली, कबीरा और प्राकृत जैसे ब्रांड हैं, जिन्हें हमें देश विदेश के साथ-साथ अपने राज्य में जिला स्तर पर पहुंचना है। इसके लिए सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से प्रचार -प्रसार पर काम किया जाए और स्व-



सहायता समूहों व लाड़ली बहनों को इन ब्रांडों के विस्तार के लिए जोड़ा जाए। मृगनयनी तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अन्य ब्राण्ड के विक्रय केन्द्रों का विस्तार जिला स्तर तक किया जाए। इन ब्राण्डों की फ्रेंचाइजी भी निजी उद्यमियों और समूहों को प्रदान की जाए। सीएम ने कहा कि लाड़ली बहनों को लूम तथा चरखे उपलब्ध कराकर उत्पादन आरंभ करने के लिए चयनित जिलों में पॉयलेट प्रोजेक्ट लिए जाएं। सीएम ने कहा विभाग इस गतिविधि में निजी पहल को भी प्रोत्साहित कर प्रदेश के हैंडलूम और हस्तशिल्प की सोशल मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में प्रस्तुति दर्ज कराई जाए। सीएम ने अधिकारियों को बताया कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे यहां के महेश्वरी स्टोल प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा महत्वपूर्ण अतिथियों को भेंट के रूप में दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मां अहिल्यादेवी को समर्पित 52 डिजाइन की साड़ियों का संग्रह विकसित किया जाएगा।

#### इंदौर में साड़ी वॉकथान जैसे आयोजन अन्य शहरों में भी करें

सीएम ने अधिकारियों से कहा कि इंदौर की तर्ज पर साड़ी पहनने की गौरवशाली परंपरा को प्रोत्साहित करने के लिए इंदौर में हुए साड़ी वॉकथान जैसे आयोजन प्रदेश के अन्य शहरों में किए जाएं। उन्होंने रेशम उत्पादन गतिविधियों का प्रदेश के अन्य जिलों में विस्तार करने तथा इस गतिविधि में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न प्रकार के उत्पादों के जीआई टैग प्राप्त की जानकारी का संकलन एकीकृत रूप से किया जाए। बैठक में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने अगले तीन साल के रोडमैप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ग्वालियर तेलघानी केन्द्र का उन्नयन कर वहां उत्पादन बढ़ाया जाएगा। भोपाल में बुटिक एवं ब्लॉक प्रिंट, जरी-जरदोजी, सिलाई और माटीकला पर केन्द्रित सामान्य सुविधा केन्द्र की स्थापना।

### अध्यक्ष को पद से वापस बुलाने 19 को मतदान

**विसं भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका परिषद देवरी जिला के अध्यक्ष को पद से वापस बुलाने के संबंध में निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया है। मतदान 19 जनवरी, 2026 को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 29 दिसंबर 2025 को होगा। इसी दिन प्रतीकों का आवंटन भी होगा। मतदान 19 जनवरी, 2026 को होगा। मतगणना तथा निर्वाचन परिणामों की घोषणा 21 जनवरी को सुबह 9 बजे से की जायेगी। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही नगरपालिका परिषद देवरी के नगरीय क्षेत्र पर आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है। **उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित:** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर परिषद मौ जिला भिंड के वार्ड 4 के पार्षद पद के उप निर्वाचन का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने बताया कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 26 दिसंबर से शुरू हो चुका है। नाम निर्देशन पत्र 2 जनवरी तक लिये जायेंगे।

## बीयू से गायब रहने वाले कर्मचारियों पर अंकुश लगाएगा समर्थ पोर्टल

### एक जनवरी से उपस्थिति के आधार पर मिलेगा वेतन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विवि के कर्मचारी बिना बताए गायब रहते हैं। कहां हैं, जिसकी जानकारी किसी के पास नहीं रहती। कुलपति और रजिस्ट्रार भी अधिकारी और रजिस्ट्रार की उपस्थिति को लेकर पशोपेश में रहते थे। अब ऐसा नहीं होगा। अपनी कार्यशैली से पहचाने जाने वाले रजिस्ट्रार प्रो समर बहादुर सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा कि एक जनवरी से बीयू का हर कर्मचारी, अधिकारी और प्रोफेसर सर्मथ पोर्टल पर उपस्थिति लगाएगा। उन्हें उपस्थिति के हिसाब से ही वेतन दिया जाएगा। यहां तक पोर्टल से उनकी छुट्टियों तक का हिसाब रखा जाएगा। सभी की लोकेशन तक निर्धारित की जाएगी। इससे यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि कर्मचारी से लेकर अधिकारी और अतिथि विद्वान से लेकर प्रोफेसर कार्यालयीन समय में कहां थे। उन्हें बीयू परिसर के अंदर उपस्थिति दर्ज कराना होगी।

#### जुलाई से शुरू होना था पोर्टल

विभाग ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में सर्मथ पोर्टल से उपस्थिति लगाने के आदेश दिए थे। अभी तक सिर्फ बीयू ही समर्थ पोर्टल से उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश जारी कर सका है। शेष विवि भी व्यवस्थाएं जुटाने में लगा हुआ है। जबकि बीयू ने अधिकतर कर्मचारी और अधिकारियों के पोर्टल पर जानकारी अपलोड कर दी है। यहां तक जिन कर्मचारियों के ई-मेल आईडी नहीं थीं। उनकी ई-मेल आईडी तैयार कर पोर्टल से जोड़ दिया गया है।

> एक जनवरी से सर्मथ पोर्टल के माध्यम से बीयू में कार्यरत सभी कर्मचारी और अधिकारियों की उपस्थिति लगेगी। समर्थ पोर्टल पर लगी उपस्थिति से ही वेतन जारी किया जाएगा।
> **प्रो समर बहादुर सिंह**, रजिस्ट्रार, बीयू

#### छुट्टियों का रखा जाएगा पूरा हिसाब

अधिकारी-कर्मचारियों की छुट्टियां का लेखाजोखा किसी के पास नहीं है। वर्ष 2025 में कितने अवकाश के लिए आवेदन आए हैं, इसकी सूचना किसी के पास नहीं हैं। सिर्फ मौखिक निर्देशों पर बीयू में छुट्टियों के हिसाब किताब चल रहा है। अब सर्मथ पोर्टल पर सभी को छुट्टियों के आवेदन करना होगा। यहां ही उन्हें अधिकारी स्वीकृति दे सकेंगे। सेमिनार व वर्कशाप में भागीदारी करने प्रोफेसर और शहर में जाते हैं, तो उसकी जानकारी भी पोर्टल पर मौजूद रहेगी।

## बैठक में दिग्विजय ने बताया प्रदेश में जीत का रोडमैप

### बनाई रणनीति: कांग्रेस को प्रदेश में मजबूत बनाने के लिए दिग्गज नेताओं ने पांच घंटे किया मंथन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता मैदान संभालेंगे। इसके लिए जल्द ही पार्टी द्वारा रणनीति बनाई जाएगी। पार्टी एसआईआर को लेकर बनाए गए बीएलओ की सक्रियता का भी आंकलन करेगी। यह निर्णय शुक्रवार को पीसीसी में पार्टी की विस्तारित कार्यकारिणी बैठक में लिया गया। बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ संगठन को मजबूत करने और भाजपा व उसकी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की रणनीति पर लगभग चार घंटे से ज्यादा समय तक खुलकर मंथन किया। बैठक में तय किया गया कि एसआईआर में मतदाताओं के नाम काटे जाने के खिलाफ प्रदेशभर में गांव चलो-बूथ चलो अभियान चलाया जाएगा और गांव-वार्ड तक संगठन मजबूत करने के लिए वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारा जाए। इसके लिए पार्टी जल्द ही अपनी कार्ययोजना बनाएगी। बैठक में संगठन सृजन अभियान, जनसंपर्क बढ़ाने और आने वाले राजनीतिक संघर्ष की रणनीति पर मंथन किया गया और साफ कर दिया गया कि यदि हमें प्रदेश में कांग्रेस की फिर से सत्ता लानी है, तो हमें 2026 में प्रदेश से लेकर गांव और वार्ड स्तर तक पूरी ताकत से होना पड़ेगा। बैठक में मौजूद राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने गांव चलो-बूथ चलो अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इसके जरिए लोगों को




एसआईआर प्रक्रिया और वर्ष 2023 के चुनाव परिणाम की वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी। बैठक में दो साल के कार्यकाल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के संगठनात्मक कामकाज की सर्वसम्मति से सराहना की गई। पंचायत और वार्ड कमेटियों के गठन, मास कनेक्ट प्रोग्राम और बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत करने पर सहमति बनी। बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, विधायक, पूर्व मंत्री, सांसद और सभी जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

#### बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

- जनवरी से लेकर 15 फरवरी तक पंचायत कांग्रेस कमेटी और वार्ड कांग्रेस कमेटी का होगा गठन।
- मंडल अध्यक्षों का भी नए सिरे से होगा चुनाव।
- गांव चलो बूथ चलो के प्रचार के लिए बनेगी टीम।
- जीतू पटवारी ने कहा कि एसआईआर को लेकर जरूरत पड़ेगी तो पार्टी कोर्ट भी जाएगी। 42 लाख वोटर काटे गए, 8 लाख वोटर जांच के घेरे में।
- विधानसभा चुनाव में करीब 32 लाख वोट से कांग्रेस चुनाव हारी थी, उससे ज्यादा वोट एसआईआर में काटे गए।

#### भाजपा ने वोट चोरी से जीता चुनाव: पटवारी

बैठक के उपरांत प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के साथ पत्रकारों से चर्चा करते हुए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि करीब 60 विधानसभा सीटों पर जीत के अंतर से कहीं ज्यादा वोट एसआईआर प्रक्रिया में काटे गए, जिससे यह संदेह मजबूत होता है कि चुनाव में वोटर लिस्ट से छेड़छाड़ हुई। उन्होंने इसे वोट चोरी करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब 71 जिला कांग्रेस अध्यक्षों और सभी ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति पारदर्शी संगठनात्मक प्रक्रिया के तहत एक साथ की गई है।

#### एसआईआर प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं: चौधरी

प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने एसआईआर प्रक्रिया को निष्पक्ष न बताते हुए गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया। यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ रही है। साथ ही भाजपा पर संविधान और महात्मा गांधी के विचारों के विपरीत काम करने का आरोप भी लगाया गया।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने नई दिल्ली में की प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

## दवाओं के निर्माण से लेकर वितरण तक पर रखी जाए नजर

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मध्य प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस अवसर पर मप्र के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में मंत्री नड्डा ने कहा कि मप्र सहित देश भर में दवाओं के निर्माण से लेकर उनके वितरण और लॉजिस्टिक पर पैनी नजर रखी जाए। घटिया क्वालिटी की दवाएं मरीजों तक न पहुंचे, इसके लिए विशेष मॉनीटरिंग सिस्टम को विकसित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने राज्य की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने, रोगी संतुष्टि बढ़ाने और प्रमुख राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर चर्चा कर निर्देश दिए। फ्री ड्रग्स एवं फ्री डायग्नोस्टिक्स योजनाओं की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण डायग्नोस्टिक्स एवं समय पर जांच प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और इन्हें प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक स्तर पर और सशक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन एवं नियामक अनुपालन के लिए पेशेवर प्रबंधन की आवश्यकता पर बल देते हुए रक्तकोष, अस्पताल प्रणालियों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के सुदृढ़ नियमन के निर्देश दिए।



#### स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मिशन मोड में किया जाएगा क्रियान्वित: शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को आश्वस्त किया कि राज्य में दवा नियमन, डायग्नोस्टिक्स सुदृढ़ीकरण, टेलीमेडिसिन विस्तार तथा टीबी उन्मूलन के लक्ष्यों को मिशन मोड में क्रियान्वित किया जाएगा।

#### टेलीमेडिसिन का किया जाए विस्तार

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि टेलीमेडिसिन को दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इसे नियमित स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली में और अधिक एकीकृत करने के निर्देश दिए। टीबी मुक्त भारत 2027 के लक्ष्य को दोहराते हुए केंद्रीय मंत्री नड्डा ने जिला-विशेष रणनीतियों, सघन स्क्रीनिंग, बेहतर डायग्नोस्टिक्स, उपचार अनुपालन एवं पोषण सहयोग को सुदृढ़ करने तथा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## शादी से चर्चा में आए दीपक जोशी से बीजेपी ने किया किनारा, पत्नी ने बताया जान को खतरा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** शादियों को लेकर सुर्खियों में आए पूर्व मंत्री दीपक जोशी से भारतीय जनता पार्टी ने किनारा कर लिया है। उधर कांग्रेस ने भी उन्हें लेकर टिप्पणी की है। गौरतलब है कि पूर्व मंत्री जोशी के साथ शादी होने का दावा करने वाली कांग्रेस नेत्री पल्लवी राज सक्सेना ने जोशी की जान को खतरा बताया है। उन्होंने इस संबंध में एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि दीपक जी से उनकी शादी मेरे माता-पिता, भाई और दीपक जोशी के परिजनों के सामने हुई है। उनके द्वारा सोशल मीडिया में दीपक जोशी के साथ अपनी कई फोटो अपलोड भी की गई हैं। पल्लवी ने बताया कि उनकी दीपक जोशी से आखिरी बातचीत 20 दिसंबर को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई थी। उसके बाद उनकी अपने पति दीपक जोशी से बात नहीं हो पाई है। उनका भी कोई फोन नहीं आया है। इधर पल्लवी से शादी की खबर से चर्चा में आए पूर्व मंत्री दीपक जोशी से भाजपा ने दूरी बना ली है। इस संबंध में पार्टी से



साफ शब्दों में कह दिया है कि जोशी की अब तक वापसी नहीं हुई है और न ही वे पार्टी के प्राथमिक सदस्य हैं। इस संबंध में पूर्व प्रदेश महामंत्री और कार्यालय प्रभारी रहे विधायक भगवान दास सबनानी ने कहा कि दीपक जोशी की भाजपा में विधिवत वापसी नहीं हुई है। चूंकि विषय चुनाव में सहयोग करने का आया था। तब उनके द्वारा सहयोग किया था, लेकिन उनकी भाजपा में वापसी नहीं हुई थी। देवास के भाजपा जिलाध्यक्ष राय सिंह सेंधव ने भी जोशी की पार्टी में वापस आने से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि दीपक कांग्रेस में चले गए थे। बाद में उन्हें किसी सभा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें दुपट्टा पहनाया होगा, लेकिन उन्होंने न तो तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और न ही संगठन महामंत्री हितानंद या किसी अन्य नेताओं से पार्टी की सदस्यता ग्रहण नहीं की। दीपक जोशी ने भाजपा से नाता तोड़कर कांग्रेस का दामन थामा था और उनके द्वारा खांतेगांव से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन वे हार गए। इसके बाद लोकसभा चुनाव के दौरान उनकी भाजपा में वापसी की चर्चा सामने आई थी, लेकिन 11 मार्च 2024 को उनकी भाजपा में वापसी होनी थी, लेकिन ऐन टाइम उनकी वापसी टल गई। हालांकि उसी दिन खुरई के पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे और पन्नी से विधायक रहे शिवदयाल बागरी की भाजपा में वापसी करा ली गई थी।

**कान्फ्रेंस**

### पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री और बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने गिनाई उपलब्धियां

# एससी-एसटी वर्ग जैसा लाभ ओबीसी को नहीं मिला: गौर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा है कि आरक्षण की व्यवस्था को लेकर जिस तरह का लाभ अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग को मिला है,वैसा ओबीसी वर्ग को नहीं मिला। हमारी सरकार इस वर्ग के उत्थान के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि भोपाल में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सिम्युलेटरी स्पेस सेंटर की स्थापना का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा रहा है। अपने दो वर्ष के कार्यकाल को लेकर पत्रकारों से चर्चा करते हुए मंत्री गौर ने बताया कि स्पेस सेंटर को स्थापित करने का प्रस्ताव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के समन्वय से तैयार किया गया है। इस केंद्र का उद्देश्य मध्यप्रदेश के युवाओं को स्पेस टेक्नोलॉजी के प्रति जागरूक, प्रेरित और वैज्ञानिक सोच से जोड़ना है। प्रस्तावित स्पेस सेंटर में मिसाइल और सैटेलाइट के क्रमिक विकास के डिजाइनों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही अंतरिक्ष के समान जीरो ग्रेविटी वातावरण में स्पेस स्टेशन का सिम्युलेटरी अनुभव देने के लिये विशेष




अधोसंरचना विकसित की जाएगी, जिससे बच्चे यह देख और महसूस कर सकें कि उपग्रह के भीतर अंतरिक्ष यात्री किस तरह रहते और कार्य करते हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के शैक्षणिक एवं सामाजिक उन्नयन के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अत्यंत पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए प्रस्तावित 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2025 के तहत हर वर्ष करीब 4000 युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण देकर सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार किया जाएगा। शारीरिक प्रशिक्षण के साथ सैद्धांतिक मार्गदर्शन देकर युवाओं में अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यबोध विकसित किया जाएगा। राच्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि प्रदेशभर में ओबीसी छात्रावासों को आदर्श बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। छात्रावासों में जिम, वाचनालय, पुस्तकालय, वाई-फाई, कंप्यूटर कक्ष और खेल सुविधाओं से युक्त इन छात्रावासों के उन्नयन पर करीब 16 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक छात्रावासों में इनडोर गेम्स से लेकर वाई-फाई तक की सुविधाएं दी जा रही है। पहले जहां छात्रावासों में मेस की सुविधा नहीं थी,वहां अब उन्हें निःशुल्क भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। यह व्यवस्था 26 जनवरी से प्रारम्भ की जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे है। वर्तमान में 50 विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजा जा रहा है। सोशल इम्पैक्ट बॉन्ड के तहत आगामी समय में 600 युवाओं को विदेश भेजा जाएगा।जबकि साढ़े 7 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृत कर उन्हें दी जा रही है।

## बच्चों की मालिश और मोटीआई से प्रदेश ने दी कुपोषण को मात: भूरिया

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि पिछले दो साल में प्रदेश ने बच्चों की मालिश और मोटीआई से कुपोषण को मात दी है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहनों को आर्थिक रुप से सक्षम बनाने के लिए सरकार जल्द ही नई योजना लांच करेगी। मंत्री भूरिया शुक्रवार को अपने दो वर्षो के कार्यकाल को लेकर पत्रकारों से चर्चा कर रही थी। उन्होंने कहा कि कुपोषण



से निपटने के लिए विभाग ने कई नवाचार किए है। इसमें मोटी आई कार्यक्रम से बहुत हद तक कुषोपण से बच्चों को मुक्त कराया गया है। उन्होंने मोटी आई नवाचार को बारे में बताया कि इसमें हमने एक एक बच्चे की हाइट, उनका वजन उसकी पूरी मॉनिटरिंग इस तरह की गई कि उनकी फाइल तैयार की गई। योजना के तहत विभाग ने प्रत्येक आंगनवाड़ी के दायरे में किसी महिला को मोटीआई के रुप में जोड़ा और आयुष विभाग से मिलकर उन्हें प्रशिक्षित कराया। ट्रेनिंग के माध्यम से पूरी जवाबदारी मोटीआई को दी गई । जिससे उनके द्वारा चिन्हित बच्चें की मालिश और उसे पोष्टिक खाना दिया गया। जनवरी 2024 से लेकर अक्टूबर 2025 तक कुल 6.08 लाख गंभीर कुपोषित बच्चों का पंजीयन किया। 2.90 लाख यानि करीब 48 प्रतिशत बच्चों का सामान्य पोषण स्तर में लाया गया। मंत्री ने बताया कि विभाग जल्द ही मोटीआई 2.0 भी शुरू करेगा। एक सवाल के जवाब में मंत्री भूरिया ने कहा कि नए साल में लाड़ली बहनों की झोली और भरेगी। उन्हें आने वाले समय में प्रत्येक माह क्रमशः राशि बढ़ाते हुए 5 हजार रुपए तक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। जून 2023 से दिसंबर 2025 तक योजना की 31 किस्तों का नियमित भुगतान किया गया है। वर्तमान में 1 करोड़ 26 लाख से अधिक महिलाएं योजना से लाभान्वित हैं और अब तक 48,632 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में अंतरित की जा चुकी है।

#### शैक्षणिक योग्याता के अनुसार अब प्रशिक्षण दिया जाएगा

सरकार अगले वर्ष योजना बना रही है कि योजना की हितग्राही महिलाओं को उनको शैक्षणिक योग्याता के अनुसार कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं के लिए पिंक ड्राइविंग लाइसेंस अभियान चलाया गया, जिसके तहत अब तक 6,134 महिलाओं एवं बालिकाओं को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किए गए हैं। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सुरक्षित परिवहन को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मंत्री ने बताया कि आगामी तीन वर्षों में शाला त्यागी बालिकाओं को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। इसके तहत इच्छुक बालिकाओं को मध्यप्रदेश राच्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के माध्यम से 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा दिलाकर उनकी स्कूली शिक्षा पूर्ण कराई जाएगी। वहीं जो बालिकाएं आगे पढ़ाई जारी नहीं रखना चाहतीं, उनके लिए कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

### पूर्व राष्ट्रपति शर्मा को कांग्रेस ने किया याद

**विसं, भोपाल।** कांग्रेस ने शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति स्व.डॉ शंकर दयाल शर्मा को 26वीं पुण्यतिथि पर याद किया। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने रेतघाट स्थित स्व. शर्मा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण श्रीवास्तव, डॉ. शर्मा के परिजन, संत हिरदाराम नगर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारन, पूर्व पार्षद वात्सल्य जैन सोनू भावा जी सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शंकर दयाल शर्मा के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान, संवैधानिक मूल्यों के प्रति उनकी अटूट निष्ठा तथा उनके सादगीपूर्ण जीवन को स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र नमन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में देश के पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. शंकर दयाल शर्मा एवं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण किया गया। **सीएम ने श्रद्धांजलि की अर्पित:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास और जनसेवा के लिए श्रद्धेय शंकर दयाल शर्मा के प्रयास अविस्मरणीय रहेंगे।

# स्मॉग ने बढ़ाए निमोनिया के मरीज, अस्पतालों में नहीं मिल रहे बेड

## चिकित्सकों की सलाह, 95 मास्क का करें इस्तेमाल, आम बोलचाल में डबल निमोनिया के नाम से पहचानी जा रही बीमारी

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** बीते दिनों शहर में पड़ी कड़ाके की ठंड और सुबह कोहरे ने लोगों को बीमार कर दिया है। इसके नतीजे अस्पतालों में बढ़ती मरीजों की संख्या के रूप में सामने आ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ कोहरे से लोग बीमार हुए हैं, बल्कि धुंध और वायु प्रदूषण के मिश्रण से यह हो रहा है। ज्यादातर बड़े अस्पतालों में निमोनिया पीड़ित मरीजों की कतार देखी जा सकती है। हमीदिया सहित अन्य सरकारी अस्पतालों में ओपीडी में 25 से 35 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। यानि सामान्य दिनों में चेस्ट रोग विभाग की ओपीडी यदि 100 मरीजों की थी, तो बढ़कर 135 तक पहुंच गई है। इसी अनुपात में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। टीबी अस्पताल से लेकर एम्स तक में पल्मोनरी डिपार्टमेंट में मरीज भर्ती करने बेड खाली नहीं हैं। जिस बीमारी के कारण अस्पतालों में मरीज पहुंच रहे हैं, उसे सामान्य भाषा में डबल निमोनिया कहा जा रहा है। जबकि मेडिकल भाषा में बाइलेटरल



निमोनिया कहा जाता है। चिकित्सकों के अनुसार सामान्य निमोनिया में अक्सर फेफड़ों का एक हिस्सा प्रभावित होता है। लेकिन जब दोनों फेफड़ों में एक साथ संक्रमण और सूजन हो जाती है, तो इसे बाइलेटरल निमोनिया या बोलचाल में डबल निमोनिया कहा जाता है। इसमें फेफड़ों की वायु थैलियों में तरल पदार्थ या मवाद भर जाता है, जिससे शरीर को ऑक्सीजन लेने में कठिनाई होती है।

### अधूरा इलाज बन रहा जानलेवा

गांधी मेडिकल कॉलेज के टीबी एंड चेस्ट विभाग के एचओडी डॉ. निशांत श्रीवास्तव ने बताया कि बाइलेटरल निमोनिया सामान्य स्थिति नहीं है। सर्दी में अक्सर बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी को यह समस्या होती है, लेकिन डबल निमोनिया एक खास स्टेज है। जो लोग पहले से अस्थमा, सीओपीडी या किसी क्रानिकल बीमारी से पीड़ित हैं, उनको यह समस्या हो रही है। चौंकाने वाली बात है जो सामान्य मरीज हैं, यदि एक बार निमोनिया के बाद पूरा इलाज नहीं ले रहे हैं हैं तो उनको डबल निमोनिया की शिकायत सबसे ज्यादा हो रही है। अधूरा इलाज ऐसे मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है।

### जिन्होंने मास्क लगाया, उनको फायदा

बकौल डॉ. श्रीवास्तव मेरे कुछ मरीज पुराने भोपाल में रहते हैं, वह हर दिन नौकरी के लिए भोपाल से मंडीदीप जाते हैं। बीते दो से तीन साल पहले हर सर्दियों में वह मेरे पास इलाज के लिए आते थे, उन्हें फेफड़ों का संक्रमण हो जाता था। मैंने उनको सलाह दी कि दिसंबर और जनवरी में एन95 मास्क का इस्तेमाल करें, खासकर सुबह के समय गाड़ी चलाते समय। मेरी सलाह पर कई मरीजों ने यह प्रयोग किया, इसका रिजल्ट यह है कि इस वर्ष की सर्दी में वह मरीज मुझसे मिलने तो आए, लेकिन उन्हें कोई बीमारी या संक्रमण नहीं है। मैं यह सलाह सभी को देना चाहूंगा कि प्रदूषण और कोहरे के समय मास्क जरूर लगाएं।

### अस्पतालों में बढ़ी ऑक्सीजन की खपत

डबल निमोनिया के कारण शहर के ज्यादा अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। चूंकि मरीज को हर समय ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत होती है इसलिए अस्पतालों में ऑक्सीजन की खपत भी बढ़ गई है। डबल निमोनिया में मरीज का ऑक्सीजन लेवल 80 से नीचे जा रहा है। जिसे मेंटेन करने के लिए कृत्रिम ऑक्सीजन दिया जाता है।

**भोपाल में पिछले एक सप्ताह का एक्यूआई स्तर**

| तारीख | लेवल |
|---|---|
| 18 दिसंबर | 141 |
| 19 दिसंबर | 136 |
| 20 दिसंबर | 203 |
| 21 दिसंबर | 138 |
| 22 दिसंबर | 169 |
| 23 दिसंबर | 150 |
| 24 दिसंबर | 129 |
| 25 दिसंबर | 140 |

" हमने सर्दियों की शुरूआत में ही एडवाइजरी जारी कर दी थी, लोगों को चाहिए कि वह स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अस्पतालों में ऑक्सीजन सप्लाई की निगरानी की जा रही है, कहीं कोई कमी या किल्लत अभी तक नजर नहीं आई है।

■ **डॉ. मनीष शर्मा,** सीएमएचओ भोपाल

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों को परीक्षा में शामिल होने का मिलेगा मौका



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) ने कक्षाओं से अनुपस्थित रहने वाले करीब तीन दर्जन विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान की है। उन्हें शपथ पत्र और दो हजार का जुर्माना भरने के बाद परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया जाएगा। विद्यार्थियों को शपथ पत्र में यह घोषणा करनी होगी कि मैं कम उपस्थिति हेतु क्षमा प्रार्थी हूं। इस लापरवाही व भूल को स्वीकार करता हूं। भविष्य में कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे। एमसीयू के मीडिया हेड डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि पिछली परीक्षा में कक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा से वंचित किया गया था। इसके बाद से उपस्थिति पर सख्ती बढ़ाई गई, जिसका असर अब देखने को मिल रहा है। वहीं, उपस्थिति वाले 38 छात्रों के अभिभावकों का वाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। इससे सभी विभागों में अनुपस्थित विद्यार्थियों का अगले सेमेस्टर में वीकली रिकॉर्ड देखा जाएगा और उनके परिजनों को भेजा जाएगा।

### कारों की भिड़ंत में ठेकेदार की मौत, तीन घायल

**जागरण, भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र में दो कारों की आमने-सामने हुई टक्कर में ठेकेदार की मौत हो गई, जबकि दूसरी कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 42 वर्षीय रशीद खान कान्हाकुंज इलाके में रहते थे। वह कंस्ट्रक्शन ठेकेदारी का काम करते थे। गुरुवार शाम वह अपनी कार से साइट से काम खत्म कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान अमरनाथ कॉलोनी के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार में कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में रशीद खान गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दूसरी कार में सवार तीन लोग भी घायल हो गए हैं। घटना के बाद चोरों लोगों को इलाज के लिए जेके अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने रशीद को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने दोनों कारों को जब्त कर लिया है। पुलिस घायलों के बयान दर्ज कर आगे की जांच कर रही है।

### बीपीएड-एमपीएड में प्रवेश लेने 108 विद्यार्थी अपात्र

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के बीपीएड और एमपीएड प्रवेश में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। बाहरी राज्यों से आए छात्रों के दस्तावेजों की जांच में 108 छात्र अपात्र पाए गए। इनमें से कई को पहले ही प्रवेश मिल चुका था। अधिकतर मामलों में खेल प्रमाणपत्र अमान्य या तय मानकों के अनुरूप नहीं थे। नियमानुसार केवल बाहरी राच्यों के छात्रों को एडमिशन के पात्रता प्रमाणपत्र बनवाना जरूरी है। इसके लिए खेल प्रमाणपत्रों को भी देखा जाता है। इन छात्रों के दाखिले निरस्त हो सकते हैं। हालांकि इसके पहले भी बीयू ने प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर कई विद्यार्थियों को पात्रता नहीं दी थी।

# हमीदिया कालेज का जर्जर भवन बना अहाता, लोग पी रहे शराब

## छोटे तालाब के जरिए नाव से पहुंचकर कर रहे घंटों पार्टी





**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** हमीदिया प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस के ए ब्लाक का हिस्सा दो बार छोटे तालाब में गिर चुका है। यहां गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। इसके बाद भी रहवासी छोटे तालाब में नाव का सहारा लेकर कालेज के ए ब्लाक तक पहुंच रहे हैं। जहां वे घंटों शराब पार्टी करते हैं। इन अवैध गतिविधियों की खबर लगने के बाद प्राचार्य ने पीडब्ल्यूडी और जिला प्रशासन से पत्र व्यवहार भी किया है, लेकिन अभी तक कोई उचित कार्रवाई नहीं हो पाई है। हमीदिया के प्रोफेसर और विद्यार्थी दिन ढलने के साथ घर जाने की तैयारी में लग जाते हैं। दूसरी ओर कई शराबी दिन ढलने का इंजतार सिर्फ इसलिए करते हैं कि वे कालेज के जर्जर भवन में पहुंचकर पार्टी कर सकें। वे तालाब के किनारे उठती लहरें और ठंडी हवाओं के बीच शराब पार्टी के लिए इसे सबसे सुरक्षित स्थान मान रहे हैं। बता दें कि शहर में आहतों को बंद कर दिया गया है और लोग शराब पीने के लिए सुरक्षित स्थान की तलाश में जुटे रहते हैं, इसलिए जगह सबको पसंद आ रही है। रात का अंधेरा और कालेज सुनसान होने के कारण किसी की नजर उन तक नहीं पहुंच पाती है, जिसका फायदा उठाते हुए वे घंटों यहां जाम झलकाते हैं। शराब पीने के बाद खाली बोतलें, सिगरेट के टुकडे, पानी की बोतल और डिस्पोजल के गिलास के अलावा कुछ खाने पीने के सामन के पैकेट जर्जर भवन में छोड़ देते हैं, जिन्हें चौकीदार रोज साफ कर रहा है। चौकीदार ने इसकी शिकायत प्राचार्य डॉ. अनिल शिवानी से की है। लोगों के ऐसे अनाधिकृत प्रवेश की चिंता करते हुए प्राचार्य शिवानी ने जिला प्रशासन पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई करने के लिए कहा है, ताकि भवन का निर्माण कार्य शुरू हो सके और लोगों की नाव से आवाजाही पर प्रतिबंध लग सके।

### एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे पीडब्ल्यूडी के अधिकारी

हमीदिया कालेज के जर्जर भवन को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी गंभीर नहीं हैं। वे एक दूसरे के पाले में गेंद फेंककर जिम्मेदारी से हाथ खींच रहे हैं। हमीदिया कॉलेज के प्राचार्य द्वारा पत्र लिखे जाने के मामले में पूछने पर प्रमुख अभियंता (भवन) आरएस बघेल ने कहा कि इस संबंध में केशव सिंह यादव से बात करें। केशव सिंह ने कहा कि एसडीओ अरविंद गुप्ता से बात करें। जब उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि वह नये भवन के निर्माण कार्य को देखते हैं। पुराने भवने के मरम्मत का कार्य दूसरे विभाग का है। इसके बाद राकेश निगम से पूछा तो उन्होंने पीआईयू के पाले में गेंद फेंक दी। इससे स्पष्ट है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और इंजीनियर किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हैं।

" कालेज के जर्जर भवन की तरफ लोग नाव का सहारा लेकर पहुंच रहे हैं। यहां वे शराब पीते हैं और कचरा छोड़ जाते हैं। ऐसे लोगों को प्रतिबंतिध करने जिला प्रशासन और भवन का निर्माण कार्य करने के लिए पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखे गये हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई उचित कार्रवाई नही की गई है। इससे भविष्य में कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

■ **डॉ अनिल शिवानी,** प्राचार्य हमीदिया प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस

### विभाग ने लिखा प्राचार्य को पत्र

उच्च शिक्ष विभाग ने बी ब्लाक की उपयोगिता के लिए प्राचार्य शिवानी को पत्र लिखा है। इसमें विभाग ने प्राचार्य से कहा कि वे पीडब्ल्यूडी से बी ब्लाक का परीक्षण कराएं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि इसका उपयोग किया जा सकता है या फिर उसे गिराकर नये भवन का निर्माण कराया जाए। प्राचार्य ने इस संबंध में पीडब्ल्यूडी को पत्र लिख दिया है, लेकिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की लापरवाही के कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है। पीडब्ल्यूडी की अनदेखी विद्यार्थियों के लिए काफी जोखिम भरी साबित हो सकती है।

# पार्किंग में खड़ी कार से गहनों से भरा पर्स चोरी

**जागरण, भोपाल।** कमला नगर स्थित एक होटल की पार्किंग में खड़ी कार से चोरों ने सोने की चेन और पेंडल समेत करीब एक लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 50 वर्षीय सरिता चावला अयोध्या नगर में रहती है। वह ब्यूटी पार्लर का संचालन करती हैं। चार दिसंबर की रात वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए कमला नगर स्थित सायाजी होटल पहुंची थी। जहां उन्होंने अपनी कार होटल की पार्किंग में खड़ी करने के लिए गार्ड को कार की चाबी दी। इसके बाद सरिता कार्यक्रम में चली गई। समारोह के बाद कार वह घर लौट गई। अगले दिन जब उन्होंने कार चेक की तो अंदर रखा पर्स गायब मिला। पर्स में सोने की चेन, पेंडल समेत करीब 95 हजार की ज्वेलरी रखी हुई थी। इसके बाद सरिता ने होटल प्रबंधन से संपर्क कर बैग की तलाश की, लेकिन कई दिनों तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिला। बाद में पीड़िता ने गुरूवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# दो भाइयों का रास्ता रोककर बदमाशों ने बाइक समेत 30 हजार रुपए छीने

## आरोपियों ने कार सवार रिश्तेदारों की गाड़ियों में की तोड़फोड़

**जागरण, भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दो भाइयों का रास्ता रोककर बाइक और 30 हजार रुपए नगद छीन लिए। घटना के दौरान आरोपियों ने बीच-बचाव करने आए कार सवार रिश्तेदारों की गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की। वारदात भोजापुरा के आगे घाटी के पास की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ झपटमारी और तोड़फोड़ का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 50 वर्षीय कमल सिंह मीणा परवरिया गांव में रहता है। गुरुवार दोपहर ढाई बजे वह अपने भाई रघुनाथ सिंह मीणा के साथ परिचित की बाइक से खताखेड़ी गांव निवासी रिश्तेदार के घर जा रहे थे। जैसे ही वे भोजापुरा से आगे घाटी के पास पहुंचे, तभी बुलेट और डिस्कवर बाइक पर सवार चार युवकों ने उनकी बाइक के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी। आरोपियों ने बाइक रुकवाते ही चाबी निकाल ली और जेब में रखे 30 हजार रुपये छीन लिए। इसी दौरान पीछे से आ रहे रिश्तेदार राकेश (स्विफ्ट कार) और राजेश (ऑल्टो कार) ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, तो बदमाशों ने डंडों से उनकी



कारों में तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद आरोपी बाइक और नकदी लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद कमल सिंह ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। छीने गए सामान की कुल कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने बताया कि छीनी गई बाइक बजाज कंपनी की है, जो रायसेन में रहने वाले एक परिचित की बताई जा रही है। शुरूआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि बाइक फाइनेंस पर हो सकती है और किस्त बकाया होने के कारण फाइनेंस कंपनी से जुड़े लोग भी वारदात में शामिल हो सकते हैं, हालांकि इसकी पुष्टि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हो सकेगी। पुलिस इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपियों की तलाश कर रही है।




**परेशानी** विद्यार्थी यूजी अंतिम वर्ष की परीक्षाओं में व्यस्त, नहीं कर पा रहे तैयारी

# बीए के बाद एमएससी करने पर सीयूईटी से ही मिलेगा प्रवेश, विद्यार्थियों की बढ़ी परेशानी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी)-2026 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसको लेकर आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों को सीयूईटी-2026 में शामिल करने प्रदेश के सभी कॉलेजों को निर्देश दिए हैं, जो यूजी स्तर पर पढ़े मेजर और माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य सब्जेक्ट से पीजी करना चाहते हैं। विद्यार्थी अभी अंतिम वर्ष की परीक्षाएं देने की तैयारी में जुटे हैं। उन्हें सीयूईटी की तैयारी करने के लिए समय नहीं है। इधर, अधिनियम 14(2) के संशोधन में स्पष्ट लिखा है कि विषय बदने संबंधित विवि को अपने स्तर पर प्रवेश परीक्षा करानी होगी, जिसके लिए प्रदेश के किसी भी विश्वविद्यालय ने तैयारी नहीं की है। वह विभाग के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। प्रोफेसरों का कहना है कि यूजी से पीजी में कोर्स बदलने पर विद्यार्थियों को आगामी सत्र में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विद्यार्थी वर्तमान में अंतिम वर्ष की परीक्षाओं



की तैयारी में लगे हैं। ऐसे में उन्हें सीयूईटी का भार देने से रिजल्ट पर असर पड़ सकता है। इसलिए विभाग को विवि स्तर पर परीक्षाएं कराने की तैयारी शुरू कर देना चाहिए, ताकि अंतिम वर्ष का रिजल्ट आने और काउंसलिंग शुरू होने से पहले विद्यार्थी परीक्षाएं देकर पीजी में कोर्स बदलकर प्रवेश ले सकें। समय रहते परीक्षाएं नहीं करा गईं, तो गत वर्ष की तरह विभाग को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। परीक्षा नहीं कराई गई और विद्यार्थियों के प्रवेश हो जाते हैं, तो विद्यार्थियों की डिग्री को मान्य नहीं किया जाएगा। बता दें कि पिछले साल भी परीक्षाएं नहीं हो पाई थीं, साक्षात्कार के जरिए प्रवेश दिए गए थे।

### पीजी में विषय बदलने के लिए प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक

पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार यूजी की डिग्री उत्तीर्ण विद्यार्थी मेजर या माइनर सब्जेक्ट में पीजी के लिए पात्र होंगे या संबंधित विषय में सीयूईटी या विश्वविद्यालय स्तर की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। उदाहरण के लिए कोई छात्र यूजी स्तर पर मेजर विषय के तौर पर बीए या कामर्स विषय पढ़ रहा है। उसे पीजी कैमिस्ट्री और फिजिक्स से करनी है तो प्रवेश परीक्षा में पास होना जरूरी है।

### और भी आ रहीं समस्याएं

विभाग ने स्पष्ट नहीं किया कि जिन विषयों में विद्यार्थी सीयूईटी नहीं देना चाहते या जहां सीयूईटी उपलब्ध नहीं है। वहां विवि स्तर पर प्रवेश परीक्षा होगी या नहीं। इससे प्रवेश प्रक्रिया को लेकर असमंजस है। प्रदेश के सभी विवि सीयूईटी में नहीं देशभर में सीमित प्रदेश स्तर के विवि ही सीयूईटी में भाग ले रही हैं। मप्र में भी सभी विश्वविद्यालय ऑन बोर्ड नहीं हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के सामने यह सवाल है कि वह सीयूईटी देकर आखिर किस विश्वविद्यालय में प्रवेश लेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### विनीता चौबे के नए संग्रह 'परछाईं' का लोकार्पण




**भोपाल।** आईसेक्ट पब्लिकेशन एवं वनमाली सृजन पीठ के संयुक्त तत्वावधान में स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के सभागार में वरिष्ठ लेखिका विनीता चौबे के कहानी एवं कविता संग्रह 'परछाईं' का लोकार्पण साहित्यिक गरिमा और आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार मुकेश वर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बलराम गुमास्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में नीलेश रघुवंशी, निरंजन श्रोत्रिय और डॉ. अनीता सक्सेना ने अपने विचार साझा किए। वरिष्ठ साहित्यकार संतोष चौबे का विशेष आत्मीय सान्निध्य रहा। मंच पर लेखिका विनीता चौबे भी उपस्थित रहीं। शुभारंभ लेखिका विनीता चौबे के कविता पाठ से हुआ, जिसने श्रोताओं को संग्रह की भावभूमि से परिचित कराया। स्वागत वक्तव्य वनमाली सृजन पीठ की अध्यक्ष ज्योति रघुवंशी ने प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने रचना और रचनाकार दोनों के महत्व को रेखांकित किया।

### ज्योतिषाचार्य आनंद का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज

**भोपाल।** देश-विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके विश्व विख्यात ज्योतिषाचार्य आनंद वरंदानी के लिए आज का दिन ज्योतिष जगत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया।




ज्योतिष विज्ञान के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान, मौलिक शोध, विशिष्ट कार्य-पद्धति तथा पांच लाख से अधिक कुंडलियों के गहन विश्लेषण को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन (यूनाइटेड किंगडम) द्वारा अपनी प्रतिष्ठित रिकॉर्ड बुक में सम्मिलित किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का सर्वोच्च सम्मान आज दिनांक 27 दिसंबर को भोपाल में आयोजित एक विशिष्ट एवं गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया, जहाँ वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन की ओर से उन्हें एक विशेष मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन - जो कि यूनाइटेड किंगडम से संचालित एक वैश्विक प्रतिष्ठा प्राप्त संस्था है ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में कहा कि आनंद वरंदानी जी ने ज्योतिष को केवल परंपरागत विद्या न रखकर शोध, तर्क और व्यावहारिक परिणामों से जोड़ा है। उनकी विकसित की गई विशिष्ट पद्धति और विशाल अनुभव उन्हें विश्व स्तर पर अद्वितीय बनाता है।

### डाकघर में लाखों की हेराफेरी करने वाले कर्मचारी को 7 साल की सजा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** इंदौर की विशेष सीबीआई कोर्ट ने शुक्रवार को डाक विभाग के पूर्व कर्मचारी राशिद खान को 7 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। राशिद पर ग्राहकों के खातों से धोखाधड़ी कर 13.41 लाख रुपए निकालने का आरोप साबित हुआ है। जेल की सजा के साथ अदालत ने उस पर 45000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामला 2019 से 2020 के बीच का है। उस समय आरोपी राशिद खान उज्जैन जिले के महिदपुर और तराना डाकघर में पोस्टल असिस्टेंट के पद पर तैनात था। राशिद ने अपने पद का गलत फायदा उठाते हुए महिदपुर डाकघर के 6 खाताधारकों के फर्जी विड्रॉल वाउचर (पैसे निकालने वाली पर्ची) तैयार किए और जाली हस्ताक्षर कर उनके खातों से 13 लाख 41 हजार रुपए निकाल लिए। हेराफेरी का पता चलने पर डाक विभाग उज्जैन के वरिष्ठ अधिकारियों ने सीबीआई को लिखित शिकायत भेजी। इस पर 23 जून 2021 को सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### संस्था सप्तवर्णी सृजन पीठ ने किया चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**जागरण, भोपाल।** कला संस्था सप्तवर्णी कला-साहित्य सृजन पीठ द्वारा संस्था के सूर्या कॉलोनी, कोलार स्थित परिसर की 'राजाराम रूप ध्वनि कला दीर्घा ' में पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला में 6 से 14 वर्ष तक तथा निबंध प्रतियोगिता में 14 से 18 वर्ष के बच्चों ने हिस्सा लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में 28 तथा निबंध प्रतियोगिता में 08 बच्चों की भागीदारी रही। निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने अटल जी के जीवन से प्रेरित भावनाओं को शब्दों में उकेरा। संस्था की निदेशक डॉ. विनय राजाराम ने बताया कि 26 दिसंबर को विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षाविद डॉ. भागीरथ कुमरावत तथा वरिष्ठ कलाकार डॉ. अर्चना मुखर्जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम शाम 4 बजे से संपन्न होगा।

### लेखक संघ का वार्षिक साहित्यकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कल

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश लेखक संघ का वार्षिक साहित्यकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह रविवार 28 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से मानस भवन में आयोजित किया जायेगा। समारोह की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा करेंगे। मुख्य अतिथि रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे तथा सारस्वत अतिथि विकास दवे होंगे। प्रदेश की विभिन्न इकाइयों के साहित्यकार उपस्थित रहेंगे । इस अवसर पर प्रदेश के 28 साहित्यकारों को वर्ष 2025 के विभिन्न सम्मानों से अलंकृत किया जायेगा।

# पीड़ित किसानों का अनशन खत्म कराने पहुंचे रेलवे अफसर, जल्द निकलेगा हल

## धरना खत्म करने के बाद रास्ते के लिए किसानों को मिल सकती है 3 मीटर जमीन

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** निशातपुरा कोच फैक्ट्री के पास बन रहे वंदे भारत मेंटेनेंस हब निर्माण स्थल पर क्षेत्रीय किसान आंदोलन कर रहे हैं। बीते पांच दिन से किसान 24 घंटे धरने पर बैठे हुए हैं। किसानों की इस समस्या को दैनिक जागरण ने प्रमुखता से छापा। जिसका असर यह हुआ कि शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी इन किसानों से मिलने पहुंचे और बातचीत के माध्यम से समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया। किसानों से मिली जानकारी अनुसार रेलवे के गति शक्ति विभाग से चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर अनुपम अवस्थी शुक्रवार को धरना स्थल पर आए और किसानों से बातचीत की। पहले तो रेलवे अधिकारी ने कहा कि आप लोग यहां से धरना प्रदर्शन खत्म कर दें और वंदे भारत ट्रेनों के मेंटेनेंस हब बनने में सहयोग करें। इस पर किसानों ने कहा कि आप हमें हमारे खेतों पर जाने के लिए रास्ता दे दें, हम अपना आंदोलन खत्म कर देंगे।



### मौखिक आश्वासन दिया

आंदोलन कर रहे किसानों ने शुक्रवार को रेल अधिकारियों की ओर से एक मौखिक आश्वासन दिया । इसमें अधिकारियों ने कहा कि हम अपनी जमीन में से किसानों के लिए 3 मीटर भूमि देने को तैयार हैं, आप लोग यहां से धरना समाप्त कर दो। इस पर किसानों ने लिखित में आश्वासन मांगा, जिसे देने से अधिकारियों ने मना कर दिया, लेकिन फिर भी अधिकारी यही कहते रहे कि हम पर भरोसा करें, हम आपको रास्ता देने के लिए तैयार हैं।

### पहले बांउड्री तोड़ो फिर हटेंगे

रेल अधिकारी एक मौखिक आश्वासन पर आंदोलन कर रहे किसानों ने कहा कि रेलवे पहले अपनी बाउंड्री तोड़ दे, फिर हम अपना धरना खत्म कर देंगे। क्योंकि कहीं ऐसा न हो कि रास्ते के लिए हम बाउंड्री तोड़ दें और रेलवे हम पर कानूनी कार्रवाई करवा दे। इसलिए बेहतर होगा कि रेलवे स्वयं बाउंड्री को तोड़ दे और तीन मीटर जमीन हमें दे दे। इसके बाद हम अपना रास्ता बना लेंगे और समस्या सुलझ जाएगी।

### मेंटेनेंस हब का चल रहा निर्माण

उल्लेखनीय है कि कोच फैक्ट्री के पास रेलवे की जमीन पर 113 करोड़ रुपए की लागत से वंदे भारत ट्रेनों का मेंटेनेंस हब बन रहा है। यहां मध्य भारत की ज्यादातर वंदे भारत ट्रेनों का रखरखाव किया जाएगा। इस निर्माण के कारण रेलवे ने अपनी जमीन पर तीन तरफ दीवार खड़ी कर दी है। जिसके बाद किसान अपने खेतों पर जाने से वंचित हो गए हैं।

# 70 साल बाद रेजिमेंट रोड पर नाली का काम तो शुरू हुआ, लेकिन सुस्त रफ्तार

## नाली की खुदाई से ट्रैफिक जाम, आम लोग हो रहे परेशान

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शाहजहानाबाद स्थित रेजीमेंट रोड क्षेत्र में रहवासियों, दुकानदार सहित आम लोगों को रोजाना सड़क पर भरने वाले गंदे पानी की समस्या से निजात मिलेगी। क्योंकि पीडब्ल्यूडी द्वारा दुर्गा मंदिर से लेकर मिलेट्री गेट तक 70 साल बाद सीमेंट क्रांक्रीट नाली का निर्माण किसा जा रहा है। लेकिन नाली निर्माण की सुस्त रफ्तार यहां के दुकानदारों सहित आम लोगों को परेशान कर रही है। दुकानदारों के अनुसार धीमी रफ्तार से हो रहे काम के चलते सड़क पर दिन भर जाम लगा रहता है, वहीं ग्राहकों को दुकान तक पहुंचने में भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के दौरान मलबा और निर्माण सामग्री सड़क पर फैलने के कारण जाम की समस्या हो रही है, जिससे लोग परेशान हो रहे हैं।



### गलियों से घूमकर घरों तक पहुंच रहे हैं लोग

पुराने भोपाल सहित शाहजहानाबाद क्षेत्र में पहली बार सड़कों को सीमेंट क्रांक्रीट करने के साथ ड्रेनेज सिस्टम का भी निर्माण हो रहा है, लेकिन निर्माण की सुस्त रफ्तार आम लोगों को परेशान करती है। इससे दिन भर ट्रैफिक जाम रहता है और लोगों को घरों से निकलने में असुविधा का सामना करना पड़ता है।

# कलियासोत पहुंचा फिनलैंड-स्कॉटलैंड से हर साल आने वाला मछलीमार

## यूरोप का ओस्प्रे पक्षी तालाब से मछली पकड़ने में होता है माहिर

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** हर साल सर्दियों के मौसम में यूरोप के फिनलैंड, स्कॉटलैंड व साइबेरिया से हजारों किलोमीटर का सफर तय कर भोपाल पहुंचने वाला ओस्प्रे पक्षी इन दिनों कलियासोत डैम के क्षेत्र में डेरा डाले हुए है। हिंदी में यह पक्षी मछलीमार के नाम से प्रसिद्ध है। यह मुख्यतः तालाब के ऊपर उड़ते हुए रहते हैं और बड़ी मछलियों का शिकार करते हैं। यह पक्षी मार्च के अंत और अप्रैल की शुरुआत तक भारत में रुकते हैं। इसके बाद फिर से यूरोप और साइबेरिया की यात्रा पर निकल जाते हैं। इस पक्षी को भोपाल बर्ड्स संस्था द्वारा गत दिवस कलियासोत डैम के पास चिन्हित किया गया। इस अवसर पर भोपाल सामान्य वन मंडल के एसडीओ धीरज सिंह चौहान सहित भोपाल बर्ड्स से डॉ. संगीता राजगीर और मोहम्मद खालिक सहित अन्य लोग मौजूद थे। बता दें कि पक्षी गणना कार्यक्रम का आयोजन भोपाल सामान्य वन मंडल और व्ही एन एस नेचर सेवियर के सहयोग से किया गया था।



### कलियासोत डैम के आसपास मिला 70 पक्षियों का बसेरा

कार्यक्रम के दौरान पक्षी प्रेमियों ने स्थानीय व प्रवासी पक्षियों को मिलाकर 70 से ज्यादा पक्षियों को चिन्हित किया। इन पक्षियों में रूड्डी शेल्डक, स्पॉट बिल्ड डक, कॉमन रेडशैंक, लिटिल रिंग प्लोवर, ओपन बिल स्टोर्क, यल्लो वेटेल्ड लेपविंग, ओस्प्रे, येलो वैगटेल, व्हीट वैगटेल, कॉमन सैंड पाइपर, लार्ज कोर्मोरेंट, लिटिल टर्न सहित अन्य पक्षियों को खोजा गया। गणना सुबह 7 से सुबह 11 बजे तक की गई।

### मानस भवन के पास रहने वाले आदिवासी नहीं होंगे बेदखल

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मानस भवन के पास पिछले 7 दशक से वनभूमि पर काबिज आदिवासी परिवारों को जमीन से फिलहाल बेदखल नहीं किया जाएगा। दरअसल मप्र राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग ने कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह को आदिवासी परिवारों की बेदखली पर रोक लगाने को कहा है। मप्र राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव ने पत्र लिखकर कलेक्टर को बताया है कि श्यामला हिल्स के पास रहने वाले आदिवासी परिवारों ने आयोग के समस्त उपस्थित होकर बताया कि श्यामला हिल्स मानस भवन के पास खसरा नंबर 1413/1 पर काबिज आदिवासी परिवार इस स्थान पर 7 दशकों से रह रहे हैं और शासकीय रिकॉर्ड में यह भूमि वनभूमि के रूप में दर्ज है। नियमानुसार वनभूमि पर काबिज आदिवासी परिवारों को उनकी जगह से बेदखल नहीं किया जा सकता है। लेकिन इस जमीन को राजस्व भूमि मानकर नायब तहसीलदार द्वारा 25 अगस्त को बेदखली आदेश जारी किया गया है, जबकि इस फैसले के विरुद्ध एसडीएम न्यायालय में अपील दायर की गई है। फिलहाल जिसका निर्णय आया नहीं है।

### धरना...



मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सात चरणों के चरणबद्ध आंदोलन के चौथे चरण में कलेक्टर कार्यालय में धरना दिया। कर्मचारियों ने लंबित मांगों, वेतन विसंगतियों और नियमितीकरण को लेकर नारेबाजी की तथा प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की।

### छोला, निशातपुरा सहित कई इलाकों में आज नहीं रहेगी बिजली

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शनिवार को छोला निशातपुरा और बागसेवनिया सहित कई अन्य इलाकों में बिजली कटौती की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज जेपी नगर, निशातपुरा, आरिफ नगर, फिरदौस नगर, शीतल नगर, श्रीनगर, शारदा नगर, नारियलखेड़ा, छोला गणेश मंदिर, छोला नाका व काली परेड इंडस्ट्रियल एरिया सहित आसपास सुबह 10 से 2 बजे तक बिजली सप्लाई को बंद रखा जाएगा। बागसेवनिया, उत्सव परिसर, लक्ष्मी परिसर, जाटखेड़ी, बागमुगालिया नई बस्ती, प्रतीक गार्डन, गुलाबी नगर, तुलसी विहार व आसपास सुबह 10 से शाम 4 बजे तक और सिंगापुर सिटी कालोनी, डीके 4, दानिशकुंज, विराशा हाइट्स व आसपास सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक बिजली सप्लाई को बंद रखा जाएगा।



# भोपाल के सूफी सिंगर करनदीप ने दी श्रीलंका में लाइव परफॉर्मेंस

## लोकप्रिय बैंड अधिरोह के साथ कई प्रतिष्ठित मंचों पर दे चुके प्रस्तुति

**जागरण, भोपाल।** राजधानी भोपाल के प्रतिभाशाली पंजाबी, सूफी और बॉलीवुड गायक करनदीप मट्टू ने संगीत के क्षेत्र में अपनी एक अलग और मजबूत पहचान बनाई है। मूल रूप से भोपाल में जन्मे करनदीप को बचपन से ही संगीत के प्रति विशेष रुचि रही है। इसी लगन और निरंतर अभ्यास के बल पर उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी आवाज का जादू बिखेरा है। हाल ही में करनदीप ने श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित एक कॉर्पोरेट शो में लाइव कंसर्ट में परफॉर्म किया, जहां उनकी प्रस्तुति को दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिली। सूफी संगीत, बॉलीवुड और पंजाबी गीतों के अनोखे मेल ने उनकी गायकी को खास पहचान दिलाई है। भोपाल के लोकप्रिय सूफी बैंड 'अधिरोह' के प्रमुख सिंगर के रूप में भी करनदीप अपनी शानदार प्रस्तुतियों के लिए जाने जाते हैं।

### देशभर में 500 से अधिक राष्ट्रीय स्तर पर दे चुके हैं प्रस्तुति

करनदीप अब तक देशभर में 500 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के शो में प्रस्तुति दे चुके हैं। उन्होंने रिवायत, आईआईआईटीडीएम जबलपुर सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों और मंचों पर अपने सुरों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया है। करनदीप का कहना है कि मध्य प्रदेश में पंजाबी कलाकार बहुत कम हैं, इसी वजह से वे हर तरह के पंजाबी गाने गाते हैं। उन्होंने बताया कि वे फोक, बॉलीवुड, देसी पंजाबी और सूफी गीतों को समान रूप से प्रस्तुत करते हैं, ताकि अलग-अलग वर्ग के श्रोताओं से जुड़ सकें।



### प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ की सहभागिता

करनदीप को वर्ष 2014 में आईडिया रॉक्स इंडिया शो के दौरान प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका सुनिधि चौहान द्वारा सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्होंने मशहूर संगीतकार जोड़ी सलीम-सुलेमान के कॉन्सर्ट में ओपनिंग परफॉर्मेंस देने का गौरव भी प्राप्त किया। मुंबई में भी गायिका रुचा शर्मा के साथ उनके शोज़ में गायिकी करने का अवसर मिला।

# हनुमंत महोत्सव का दूसरा दिन भक्ति रस में सराबोर हुए श्रद्धालु

**जागरण, भोपाल।** दादाजी धाम मंदिर, पटेल नगर, भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दूसरे दिवस दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक युवा कथाव्यास कामेश कृष्ण महाराज द्वारा भावपूर्ण श्री हनुमंत कथा का वाचन किया गया। कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए। सायंकाल मंदिर परिसर में विधिवत आरती संपन्न हुई। इसके पश्चात सायं 7.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक विष्णु शर्मा, निकुंज शर्मा एवं आशु शर्मा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने भजन-कीर्तन के साथ भावविभोर होकर सहभागिता की। दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जानकारी दी गई कि शनिवार, 27 दिसंबर को दोपहर 1.00 से 4.00 बजे तक कथा का समापन एवं सायं 7.30 बजे से श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। रविवार को दोपहर 12.00 से 5.00 बजे तक प्रसादी एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा ।



**बैठक** — संभाग आयुक्त के सामने आया मामला, 301 आंगनबाड़ियों का काम एक महीने में करना होगा पूरा

# 5 जिलों में 666 स्वीकृत आंगनबाड़ियों में से 365 का काम पूरा

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल संभाग के सभी 5 जिलों में 666 नई आंगनबाड़ियों का काम चल रहा है, जिनमें से अब तक केवल 365 आंगनबाड़ियों का काम ही पूरा हो सका है। शुक्रवार को यह जानकारी संभागायुक्त कार्यालय में वीडियो कान्फ्रेंस के दौरान ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग द्वारा सामने आई। दरअसल संभाग आयुक्त संजीव सिंह संभाग की सभी आंगनबाड़ियों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्हें ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग के इंजीनियर आरके शर्मा ने बताया कि वर्तमान में केवल 365 आंगनबाड़ियों का काम ही पूरा हुआ है।

अन्य 301 का काम जल्दी पूरा होगा। इस पर संभाग आयुक्त ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि पहले ही निर्माण कार्य में देरी हुई है। ऐसे में काम पूरा करने के लिए और अधिक समय नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने अन्य आंगनबाड़ियों का काम पूरा करने के लिए एक माह का अल्टीमेटम जारी कर दिया। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी आंगनबाड़ियों के कामों की गुणवत्ता देखी और जरूरी सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही पांचों जिलों के जिला पंचायत सीईओ, महिला एवं बाल विकास अधिकारी के साथ ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों को दल बनाकर निर्माणाधीन आंगनबाड़ियों की समीक्षा कर एक हफ्ते में रिपोर्ट सौंपने को कहा है।




### पहले निपटाएं 100 दिन पुरानी शिकायतें

इस दौरान सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की पेंडेंसी देख भी संभाग आयुक्त नाराज हुए। उन्होंने शिकायतों का निराकरण करने के साथ पहले उन शिकायतों कोक्लोज करने को कहा जो 100 दिवस से ज्यादा पेंडिंग हैं। पीडिब्ल्यूडी सहित अन्य निर्माणाधीन एजेंसियों को खराब सड़कों की मरम्मत तेजी से करने को कहा। अधिकारियों को आम लोगों तक शासन की सभी योजनाओं के लाभ पहुंचाने और कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कांफ्रेंस के बिंदुओं पर प्राथमिकता से काम करने को कहा। साथ ही किसी भी तरह की प्राकृतिक आपदा से मकान क्षति, पशु हानि संबंधी प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि देने का काम समय से करने को कहा।

### दो अलग मामलों में युवकों ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जागरण,भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। 35 वर्षीय विक्रम यादव सुपर स्टेट कॉलोनी में रहता था। गुरुवार शाम वह नशे की हालत में घर पहुंचा था। उसे नशे में देख उसकी मां और पत्नी घर के बाहर चली गई थी। इसी दौरान विक्रम ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। इधर, अशोका गार्डन थाना क्षेत्र की चंबल कॉलोनी में 44 वर्षीय रामबाबू अहिरवार ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका था और वह अपने 14 वर्षीय बेटे के साथ रहता था। गुरुवार सुबह बेटा पास में रहने वाली नानी के घर गया हुआ था। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तो पिता को फांसी के फंदे पर लटका पाया।

# जिन पेड़ों पर बांधे थे रक्षासूत्र पहले उन्हें ही काटा गया

## अयोध्या बायपास क्षेत्र की जैव विविधता तबाह, जमीन पर घोसला ढूंढते मिले पक्षी, टूटी टहनियों पर बैठी दिखीं गिलहरियां

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** अयोध्या बायपास को 10 लेन किए जाने के चलते शहरवासियों द्वारा मई माह में अयोध्या बायपास पर आंदोलन किया गया था। एनएचएआई के अधिकारियों ने उसी जगह पर सबसे पहले पेड़ों की कटाई करवाई है। गुरुवार को जब आंदोलन के संयोजक उमाशंकर तिवारी सहित अन्य लोगों के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी मौके पर पहुंचे तो रक्षा सूत्र बंधे पेड़ों को कटा देखकर परेशान हो गए। इस दौरान पेड़ों की कटाई के चलते कई पक्षियों के आशियाने भी जमींदोज हो गए हैं। साथ ही गिलहरी सहित अन्य जीव जंतु भी गिरे हुए पेड़ों पर इधर से उधर भागते हुए दिखे। मानो जैसे अपने टूटे हुए आशियाने की दुहाई दे रहे हों। बता दें कि प्रत्येक वृक्ष की अपनी जैव विविधता होती है। ऐसे में उस वृक्ष को काटने से न केवल वह पेड़ खत्म होता है, बल्कि वहां की सारी जैव विविधता भी खत्म हो जाती है।

### यह होती है जैव विविधता

हर पेड़ पर विभिन्न प्रकार के जीव जंतु रहते हैं। जैसे गिलहरी, पक्षी, सांप, गिरगिट, छिपकली व अन्य सरिसृप सहित कीड़े मकोड़े। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की फंगस व काई भी पेड़ के तने पर मौजूद होती है। इन विभिन्न श्वसन करने वाले जीवों की विविधता ही जैव विविधता कहलाती है। ऐसे में किसी भी प्रोजेक्ट के दौरान पेड़ काटने से पहले अन्य उपायों पर विचार होना चाहिए। जैसे पेड़ों को काटे बिना निर्माण, पेड़ों का स्थानांतरण करने पर विचार होना चाहिए। इसके बाद भी यदि कोई रास्ता न मिले तो ही पेड़ों की कटाई होना चाहिए। जिस जगह पेड़ों की कटाई की जाती है। उसके आसपास कोई जगह चिन्हित कर ग्रीन कवर विकसित किया जाना चाहिए।




पर्यावरणविदों ने प्रदर्शन के दौरान 18 मई 2025 को अयोध्या बायपास स्थित पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधे थे। इन्हें बचाने का संकल्प भी लिया गया था, लेकिन सड़क चौड़ी करने के लिए इन्हें काट दिया गया है।



अयोध्या बायपास पर कटे पेड़ों पर अपना आशियाना ढूंढ रही है गिलहारी।

### जैव विविधता खत्म होने के नुकसान

किसी भी क्षेत्र के पारिस्थितिक तंत्र (ईकोसिस्टम) को बेहतर बनाए रखने के लिए वहां जैव विविधता का होना जरूरी है। नहीं तो आसपास के लोगों को पर्यावरण असंतुलन के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जैसे किसी विशेष क्षेत्र में पक्षी, सरिसृप व छिपकली खत्म होने से वहां कीड़े बढ़ेंगे। गिलहरी खत्म होने से सांप आसपास के रहवासी इलाके में पहुंचेंगे, जिससे लोगों का जीवन भी खतरे में पड़ सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने तय की 1 लाख रुपए हर पेड़ की कीमत

आंदोलन के संयोजक उमाशंकर तिवारी का कहना है कि इस इलाके में जैव विविधता को तो खत्म किया ही गया है। पेड़ काटने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा जो राशि निर्धारित की गई है वह भी पूरी नहीं जमा कराई गई है। एनएचएआई ने अभी तक जो भी पेड़ काटे हैं। उनके एवज में 6 हजार रुपए प्रति पेड़ के हिसाब से राशि नगर निगम के खाते में जमा कराई गई है। पहला 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने एक पेड़ की कीमत 74 हजार 500 रुपए तय की है। जबकि 26 मार्च 2025 को प्रत्येक पेड़ की कीमत सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक लाख तय की गई है। यानि पेड़ काटने के एवज में यह राशि जमा कराई जाना चाहिए। एनएचएआई द्वारा 7840 पेड़ काटना प्रस्तावित है। इस हिसाब से 78 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि जमा कराई जानी थी, ताकि इस राशि से इस इलाके के आसपास ग्रीन कवर और जैव विविधता की सुरक्षा पर राशि खर्च की जा सके।

# घूस लेने वाला कर्मचारी तीन दिन की रिमांड पर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** देवास के बैंक नोट प्रेस इलाके में स्थित केंद्रीय विद्यालय (सेंट्रल स्कूल) के वरिष्ठ सचिवालय सहायक को कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड पर सीबीआई को सौंप दिया है। उसे सीबीआई भोपाल की एंटी करप्शन यूनिट ने 60000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। आर भारती नाम के इस कर्मचारी ने सुरक्षा और लेबर सप्लाई करने वाली एजेंसी के संचालक विनीत राणा से बिल पास करने के एवज में रिश्वत की डिमांड की थी। सीबीआई ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद 23 दिसंबर 2025 को एफआईआर दर्ज की थी और 25 दिसंबर को भारती को रंगे हाथों दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे 3 दिनों की सीबीआई रिमांड (पुलिस हिरासत) पर भेज दिया है। अब अगले तीन दिनों तक सीबीआई आरोपी से पूछताछ कर ये पता लगाने की कोशिश करेगी कि इस भ्रष्टाचार के खेल में स्कूल के कुछ अन्य बड़े अधिकारी भी शामिल हैं और आरोपी पहले भी इस तरह की वसूली किन लोगों से कर चुका है। सीबीआई भोपाल की एंटी करप्शन यूनिट ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

# दिसंबर में पहली बार दिन का तापमान 23.6 पर आया

## सर्द हवाओं ने कराया ठंड का एहसास

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में शुक्रवार को पहली बार दिन का अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री पर रिकार्ड किया गया। इस सीजन में इससे पहले कभी दिन का तापमान इतना नीचे नहीं आया। यह पहली बार है जब दिन का तापमान 23.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.3 डिग्री कम है। यही कारण रहा कि शुक्रवार को दिन में हवा में ठंडक महसूस की गई। टू व्हीलर चलाने वालों को अपनी सवारी पर ठंड और तेज महसूस हुई। वहीं शहर के हरित इलाकों में लोगों को घरों की छत या आंगन में धूप सेंकते देखा गया। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज हुई। दिन का तापमान गुरुवार के मुकाबले 1.7 डिग्री की गिरावट के साथ 23.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। जबकि रात का पारा 1.4 डिग्री की गिरावट के साथ 7 डिग्री रिकार्ड किया गया।

### सुबह के समय कोहरा नहीं, छा रही है धुंध

शुक्रवार सुबह भोपाल के आसमान में कोहरा को नहीं था, लेकिन धुंध के कारण विजिबिलिटी कम रही। सुबह साढ़े आठ बजे भोपाल में दृश्यता एक हजार मीटर तक पहुंच गई। जबकि सामान्य दिनों में यह 4 से 5 हजार मीटर तक रहती है। मौसम केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी भारत के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जिससे मध्य प्रदेश के मैदानी क्षेत्र तक ठंडी हवाएं बहकर आ रही हैं। इन्हीं हवाओं के कारण तापमान में गिरावट हो रही है। हालांकि अगले चार से पांच दिन मौसम ऐसा रहने की उम्मीद है।

### कम हो रहा दिन व रात के तापमान का अंतर

भोपाल के मौसम बुलेटिन पर नजर डालें तो अब दिन व रात के तापमान का जो अंतर वो धीरे धीरे कम होता जा रहा है। महीने के शुरू में दिन का अधिकतम तापमान 27 से 28 डिग्री के बीच बना हुआ था। जबकि रात का न्यूनतम पारा 6 से 8 डिग्री के बीच था। इस तरह दिन में 18 से 20 डिग्री का अंतर देखा जा रहा था। शुक्रवार को यह स्थिति बदल गई। अब दिन व रात के तापमान का अंतर 16 डिग्री के आस पास आ गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दिसंबर के अंत तक दिन का पारा 25 डिग्री से नीचे आ जाता है और जनवरी में पहुंचकर यह 20 डिग्री से नीचे रिकार्ड किया जाता रहा है।

# वन हेल्थ मिशन के तहत लोगों को कर रहे बीमारियों से जागरूक

## सीपीआर और एडवांस लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में नवाचार और जनकल्याणकारी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित ग्रोइंग मध्यप्रदेशः 2025 प्रदर्शनी का शुभारंभ भोपाल में किया गया। इस तीन दिवसीय आयोजन में भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा एक स्टॉल लगाया गया है, जिनमें स्वास्थ्य सेवाओं, अनुसंधान एवं राष्ट्रीय मिशनों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदर्शित की जा रही हैं। उद्घाटन अवसर पर बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि बीएमएचआरसी गैस त्रासदी पीड़ितों के साथ-साथ आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ जनस्वास्थ्य जागरूकता एवं अनुसंधान के क्षेत्र में भी सक्रि य भूमिका निभा रहा है। यह प्रदर्शनी भारत सरकार के वन हेल्थ मिशन से जुड़ी हुई है। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव और आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल का भी यह विश्वास है कि वन हेल्थ के अंतर्गत मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य, पर्यावरण, और संबंधित क्षेत्रों को जोड़ने वाली एक एकीकृत स्वास्थ्य रणनीति को बढ़ावा दिया जाए, जिससे टीका, निदान, और डेटा एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। प्रदर्शनी के पहले दिन बीएमएचआरसी द्वारा सिकल सेल डिजीज एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) विषयों पर आम नागरिकों को जागरूक किया गया। विशेषज्ञों द्वारा सिकल सेल रोग की पहचान, उपचार एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। वहीं बेसिक लाइफ सपोर्ट के अंतर्गत आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक प्राथमिक सहायता से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को साझा किया गया। इसके साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।



# रातीबढ़ में खेत में काम कर रहे किसान को सांप ने डसा, मौत

**जागरण, भोपाल।** रातीबढ़ थाना क्षेत्र में खेत पर काम कर रहे एक किसान की सांप के डसने से मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार गणपत माली पिता श्यामा माली (37) ग्राम मुंगालिया छाप का रहने वाला था। वह खेती-किसानी करता था। गुरुवार दोपहर वह खेत में सिंचाई के लिए पाइप बदल रहा था। इसी दौरान जैसे ही उसने खेत में पड़ा पाइप उठाया, वहां बैठे सांप ने उसके मुंह पर डस लिया। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग

पंचम तल, मेट्रो प्लाजा, ई-5, अरेरा कॉलोनी, बिट्ठन मार्केट, भोपाल-462016
फोन नं. : 0755-2430154, 2464643, फैक्स नं. 2981055
ई-मेल : secretary@mperc.nic.in, वेबसाइट : www.mperc.in

क्रमांक : म.प्र.वि.नि.आ./आर.ई./2025/2505 भोपाल, दिनांक : 24 दिसम्बर, 2025

### सार्वजनिक सूचना

(याचिका क्रमांक 140/2025)

मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा **"मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (विद्युत प्रदाय एवं चक्रण के टैरिफ अवधारण संबंधी निबंधन एवं शर्तें तथा प्रभारों के निर्धारण के संबंध में विधियां तथा सिद्धांत) विनियम, 2021 [आरजी-35 (III) वर्ष 2021] यथा संशोधित"** अधिसूचित किया गया (जिसे आगे टैरिफ विनियम उल्लेखित किया गया है)।

याचिकाकर्ता मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. जबलपुर, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि. भोपाल, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि. इंदौर तथा एम.पी. पॉवर मैनेजमेंट कं. लि. जबलपुर (जिन्हें आगे क्रमशः 'याचिकाकर्ता' अथवा 'ईस्ट डिस्कॉम (पूर्व क्षेत्र)', सेंट्रल डिस्कॉम (मध्य क्षेत्र)', वेस्ट डिस्कॉम (पश्चिम क्षेत्र)' तथा 'एमपीपीएमसीएल', उल्लेखित किया गया है) राज्य शासन की पूर्ण स्वामित्व की कंपनियां हैं। एम.पी. पावर मैनेजमेंट कं.लि. जबलपुर उपरोक्त तीनों विद्युत वितरण कंपनियों की होल्डिंग कंपनी है।

टैरिफ विनियम के विनियम 7.2 के अनुसार, याचिकाकर्ताओं ने आयोग के समक्ष दिनांक 28 नवंबर' 2025 को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पुनरीक्षित समग्र राजस्व आवश्यकता (एआरआर) तथा वित्त वर्ष 2026-27 हेतु खुदरा प्रदाय टैरिफ पर विचार एवं अनुमोदन के लिए एक याचिका प्रस्तुत की है। इस याचिका को दिनांक 09.12.2025 को आयोजित सुनवाई में आयोग द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। हितधारकों से उक्त याचिका पर आपत्तियाँ/टिप्पणियाँ/सुझाव इस सूचना के माध्यम से आमंत्रित हैं। याचिकाकर्ताओं द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 की पुनरीक्षित समग्र राजस्व आवश्यकता हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव का सारांश निम्नांकित तालिका में दिया गया है:-

**तालिक-1: वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत समग्र वार्षिक राजस्व आवश्यकता का सारांश:**

सभी आंकड़े रु. करोड़ में

| विवरण | म.प्र. राज्य | पूर्व क्षेत्र | मध्य क्षेत्र | पश्चिम क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| विद्युत क्रय की लागत (वितरण कंपनियों को आवंटित एम.पी.पॉ.मैं.कं. की लागत सहित)<br>अन्तर्राज्यीय पारेषण प्रभार | 42,197 | 11,019 | 11,286 | 19,892 |
| अन्तः राज्यीय पारेषण (म.प्र. ट्रांसको) प्रभार राज्य भार प्रेषण केन्द्र प्रभार सहित | 6,356 | 2,182 | 2,102 | 2,072 |
| मरम्मत एवं अनुरक्षण व्यय | 1,320 | 522 | 488 | 310 |
| कर्मचारी व्यय | 3,994 | 1,373 | 1,295 | 1,326 |
| प्रशासनिक एवं सामान्य व्यय | 462 | 152 | 138 | 172 |
| अवमूल्यन | 1,191 | 449 | 398 | 345 |
| ब्याज एवं वित्त प्रभार | 1,444 | 503 | 649 | 292 |
| अन्य ऋण, बट्टे (पूर्व अवधि एवं संदिग्ध ऋण) | 12 | 4 | 4 | 4 |
| लीज प्रभार-स्मार्ट मीटर पर | 514 | 165 | 276 | 73 |
| अंशपूंजी पर प्रतिलाभ | 862 | 313 | 351 | 199 |
| **अंशपूंजी पर प्रतिलाभ सहित कुल व्यय** | **58,352** | **16,682** | **16,986** | **24,684** |
| **घटायें :** अन्य आय (विलम्ब भुगतान प्रभार को छोड़कर) | 793 | 354 | 138 | 300 |
| **कुल सकल राजस्व आवश्यकता** | **57,559** | **16,328** | **16,848** | **24,384** |
| विद्युत क्रय अतिरिक्त लागत का प्रभाव * | 3,451 | 983 | 1,114 | 1,353 |
| वितरण कंपनियों के वित्त वर्ष 2024-25 के सत्यापन का प्रभाव * | 4,365 | 1,229 | 2,764 | 371 |
| **सत्यापन राशि को शामिल कर कुल राजस्व आवश्यकता (अ)** | **65,374** | **18,540** | **20,726** | **26,108** |
| वर्तमान दरों पर विद्युत विक्रय से प्राप्त राजस्व (ब) | 59,331 | 16,826 | 18,810 | 23,694 |
| **कुल राजस्व अंतर (अ-ब)** | **6,044** | **1,714** | **1,916** | **2,414** |
| **प्रस्तावित दरों पर विद्युत विक्रय से प्राप्त राजस्व** | 65,374 | 18,540 | 20,726 | 26,108 |
| **प्रस्तावित दरों पर अंतर** | 0 | 0 | 0 | 0 |

*एम पी डिस्कॉम की वित्तीय वर्ष 2024-25 की टू -अप याचिका के अनुसार।

याचिकाकर्ताओं ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वर्तमान दरों पर विद्युत के खुदरा विक्रय से रुपये 59,331 करोड़ के राजस्व का अनुमान लगाया है जिससे रुपये 6,044 करोड़ का राजस्व अंतर रहेगा। याचिकाकर्ताओं ने इस राजस्व अंतर की पूर्ति वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये दरों के पुन:रीक्षण से किये जाने का प्रस्ताव किया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये याचिकाकर्ताओं द्वारा 10.19 प्रतिशत दर वृद्धि के प्रस्ताव के साथ राजस्व अंतर रुपये 6,044 करोड़ की भरपाई निम्नानुसार किया जाना प्रस्तावित किया है:-

**तालिका-2: राज्य के लिये वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये प्रस्तावित दरों का राजस्व पर प्रभार:**

| | दर श्रेणी | विक्रय | प्रचलित दरों पर राजस्व | प्रस्तावित दरों पर राजस्व | प्रस्तावित दरों पर अतिरिक्त राजस्व |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मि.यू | रु. करोड़ | रु. करोड़ | रु. करोड़ |
| एल.वी.-1 | घरेलू | 21,899 | 14,785 | 16,158 | 1,373 |
| एल.वी.-2 | गैर-घरेलू | 5,319 | 5,068 | 5,512 | 444 |
| एल.वी.-3 | सार्वजनिक जलप्रदाय संयंत्र एवं पथप्रकाश | 2,730 | 1,874 | 2,097 | 223 |
| एल.वी.-4 | निम्नदाब उद्योग | 1,721 | 1,596 | 1,725 | 129 |
| एल.वी.-5 | कृषि तथा संबद्ध गतिविधियाँ | 31,540 | 20,180 | 22,970 | 2,790 |
| एल.वी.-6 | ई.व्हीकल/ई.रिक्षा चार्जिंग स्टेशन | 12.48 | 8.91 | 9.78 | 0.9 |
| | **योग (निम्न-दाब)** | **63,222** | **43,513** | **48,472** | **4,959** |
| एच.वी.-1 | रेलवे कर्षण | 55 | 36 | 38 | 2 |
| एच.वी.-2 | कोयला खदानें | 510 | 460 | 489 | 29 |
| एच.वी.-3.1 | औद्योगिक | 11,820 | 9,445 | 10,030 | 585 |
| एच.वी.-3.2 | गैर-औद्योगिक | 1,709 | 1,557 | 1,661 | 105 |
| एच.वी.-3.3 | शॉपिंग मॉल | 104 | 87 | 93 | 6 |
| एच.वी.-3.4 | गहन पावर उद्योग | 2,963 | 1,660 | 1,858 | 199 |
| एच.वी.-4 | मौसमी | 37 | 42 | 43 | 1 |
| एच.वी.-5 | उच्च दाब सार्वजनिक जल प्रदाय संयंत्र, सिंचाई एवं कृषि संबंधित अन्य उपयोग | 2,515 | 2,105 | 2,242 | 137 |
| एच.वी.-6 | थोक आवासीय उपयोगकर्ता | 445 | 357 | 376 | 19 |
| एच.वी.-7 | ग्रिड से संयोजित जेनेरटरों के लिए विद्युत आवश्यकता | 41 | 51 | 54 | 3 |
| एच.वी.-8 | उच्च-दाब ई.व्हीकल/ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन | 13 | 9 | 10 | 1 |
| एच.वी.-9 | मेट्रो रेल | 10 | 10 | 9 | (1) |
| | **योग (उच्चदाब)** | **20,223** | **15,818** | **16,903** | **1,085** |
| | **योग (निम्नदाब + उच्चदाब)** | **83,444** | **59,331** | **65,374** | **6,044** |

उपर्युक्त प्रस्तावित टैरिफ में **टैरिफ संरचना तथा सामान्य निबधंन एवं शर्तों** में कुछ प्रस्तावित परिवर्तन भी शामिल हैं, जिनका विस्तृत वर्णन तथा कारण याचिका में दिया गया है। मुख्य परिर्वतन प्रस्ताव निम्नानुसार है :

1. **एलवी-1.2 घरेलू श्रेणी में टैरिफ स्लैब का सरलीकरण :** घरेलू टैरिफ की उप-श्रेणियों के सरलीकरण के उद्देश्य से, **"151 - 300 यूनिट"** के मौजूदा टैरिफ स्लैब को **"151 यूनिट से ऊपर"** के रूप में संशोधित करने तथा **"300 यूनिट से अधिक"** स्लैब को विलोपित करने का प्रस्ताव किया गया है।
2. **टैरिफ एल.वी. 5 की उपश्रेणियों के अंतर्गत स्लैब का एकीकरण :** विद्युत (द्वितीय संशोधन) नियम, 2023 तथा सब्सिडी लेखांकन एवं संवितरण के संबंध में केंन्द्रीय पॉवर मंत्रालय द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के सुगम क्रियान्वयन हेतु, एल.वी-5.1 एवं एल.वी-5.4 टैरिफ उप-श्रेणियों के मौजूदा सभी टैरिफ स्लैबों को एक ही स्लैब में विलय करने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित टैरिफ को सभी स्लैबों से प्राप्त होने वाले कुल राजस्व को ध्यान में रखते हुए राजस्व-निष्पक्ष (revenue neutral) दृष्टिकोण अपनाकर निर्धारण किया गया है। इन श्रेणियों के अंतर्गत अस्थायी कनेक्शन हेतु टैरिफ इन श्रेणियों के सामान्य टैरिफ का 1.25 गुना प्रस्तावित है।
3. **एच.टी. श्रेणियों के लिए केवीएच (kVAh) बिलिंग का प्रस्ताव :** उपभोक्ताओं के साथ-साथ लाइसेंसधारी के लिए kVAh बिलिंग के लाभों को ध्यान में रखते हुए, एच.टी. श्रेणी में kVAh बिलिंग को लागू करने का प्रस्ताव किया गया है। kVAh आधारित बिलिंग से बिलिंग संरचना का सरलीकरण होगा तथा उपभोक्ताओं के पॉवर फैक्टर के आधार पर लागू होने वाले दंड एवं प्रोत्साहन (penalties & incentives) स्वतः सम्मिलित हो जाएंगे। एचटी उपभोक्ताओं हेतु kVAh टैरिफ का निर्धारण, टैरिफ न्यूट्रैलिटी सुनिश्चित करने तथा वर्तमान पॉवर फैक्टर आधारित प्रोत्साहन/अधिभार को ध्यान में रखते हुए, उपयुक्त कन्वर्ज़न फैक्टर के विस्तृत अध्ययन के आधार पर प्रस्तावित किया गया है।
4. **उच्च दाब औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए टी.ओ.डी. (ToD) टैरिफ की पुनर्संरचना :** रात्रि के घंटों (10:00 PM से 6:00 AM (अगले दिवस)) में विद्युत की औसत लागत अपेक्षाकृत अधिक होती है, और यदि इन घंटों में ToD छूट दी जाती है तो यह न केवल लागत प्रतिबिंबित टैरिफ की वसूली को प्रभावित करेगा, बल्कि डिस्कॉम के अन्य उपभोक्ताओं पर अनावश्यक भार डाल सकती है। अतः विद्युत क्रय लागत के अनुकूलन के उद्देश्य से, यह प्रस्ताव किया गया है कि 10:00 PM से 6:00 AM तक ऐसे उपभोक्ताओं को सामान्य दरों पर बिल किया जाए।
5 **एच.वी.-3 श्रेणी (सभी उप-श्रेणियों) के उपभोक्ताओं हेतु विद्यमान छूट की निरंतरता :** मध्यप्रदेश राज्य में ऊर्जा अधिशेष की स्थिति को देखते हुए, औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुछ रियायतें लागू की गई थीं। अब, आगामी वर्ष के कुछ महीनों में राज्य में ऊर्जा अधिशेष रहने की संभावना को देखते हुए, HV-3 श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए वर्तमान में लागू रियायतों को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी जारी रखने का प्रस्ताव निम्नलिखित युक्तिसंगत परिवर्तनों के साथ किया गया है:
   - मौजूदा उच्च दाब उपभोक्ताओं को वृद्धि शील खपत छूट प्रदान करने हेतु आधार वर्ष को **पांचवां पूर्ववर्ती वर्ष** रखने का प्रस्ताव है।
   - नए उच्चदाब कनेक्शनों पर दी जा रही वर्तमान रिबेट को कनेक्शन की तिथि से दस वर्ष (120 माह) तक ही सीमित रखने का प्रस्ताव है।

6 चूंकि एचटी उपभोक्ताओं के लिए केवीएएच बिलिंग प्रस्तावित है, अत: पीएफ प्रोत्साहन/छूट तथा अधिभार के मौजूदा प्रावधान की अब आवश्यकता नहीं होगी, इसलिए इसे हटाने का प्रस्ताव है।

इच्छुक व्यक्ति सकल राजस्व आवश्यकता एवं दर प्रस्ताव पर अपनी आपत्तियां/टीप/सुझाव दस्तावेजों तथा प्रमाण सहित, यदि कोई हो तो, तीन प्रतियों में सचिव, मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग, पंचम तल, मेट्रो प्लाजा ई-5 अरेरा कालोनी, बिट्टन मार्केट, भोपाल-462016 को प्रेषित कर सकते हैं जो कि **दिनांक 25.01.2026 तक** नियामक आयोग के कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिये। (आपत्तियां/टीप/सुझावों की अग्रिम प्रतियां ई-मेल **(secretary@mperc.nic.in)** के द्वारा भी प्रेषित की जा सकती है जिनकी मूल प्रतियां दिनांक 25.01.2026 तक नियामक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिए) आपत्तियों/टीप/सुझावों की एक प्रति संबिधित डिस्कॉम तथा म.प्र.पा. में कंपनी लि. को भी **(ई-मेल (setracez@yahoo.com.in)** द्वारा पूर्व क्षेत्र, **cecomwz@gmail.com** द्वारा पश्चिम क्षेत्र, **regulatorycell@gmail.com** द्वारा मध्य क्षेत्र तथा **cgmrmmppmcl@gmail.com** द्वारा एमपीपीएमसीएल) प्रेषित की जावे, दिनांक 25.01.2026 के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों/टीप/सुझावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

मुख्य याचिका की प्रति (अंग्रेजी/हिन्दी रूपांतरण) इच्छुक व्यक्ति द्वारा **दिनांक 25.01.2026 तक किसी भी कार्यालयीन दिवस में प्रात: 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक** नियामक आयोग के कार्यालय अथवा मुख्यालय एम.पी.पावर मैनेजमेंट कं. लि. ब्लॉक नं. 15, शक्ति भवन, रामपुर, जबलपुर अथवा मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. ब्लॉक नं. 7, शक्ति भवन रामपुर, जबलपुर अथवा मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. पोलोग्राउण्ड, इन्दौर अथवा मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि., गोविन्दपुरा भोपाल से एक प्रति के लिए रु. 1000/- के भुगतान नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट देय "उप महाप्रबंधक (लेखा) एम.पी. पॉवर मैनेजमेंट कं. लि., जबलपुर" अथवा "क्षेत्रीय लेखाधिकारी, जबलपुर वृत्त, म.प्र.पूर्व क्षे.वि.वि.कं.लि., जबलपुर" अथवा "क्षेत्रीय लेखाधिकारी मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. इन्दौर" अथवा "क्षेत्रीय लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. भोपाल", के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति डाक द्वारा रुपये 100/- के अतिरिक्त भुगतान पर प्राप्त की जा सकती है। याचिका तथा टैरिफ प्रस्ताव की प्रति एवं याचिका की नियामक आयोग की वेबसाइट **https://mperc.in** तथा याचिकाकर्ताओं की वेबसाइट क्रमश: **https://www.mppmcl.com, https://www.mpez.co.in, https://www.mpwz.co.in/#/home एवं https://portal.mpcz.in/web** पर बिना किसी शुल्क के उपलब्ध है, एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं।

आयोग द्वारा पूर्व क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र तथा मध्य क्षेत्र हेतु क्रमश: दिनांक 24.02.2026, 25.02.2026 एवं 26.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे आयोग के कोर्ट कक्ष में हाईब्रिड मोड में जनसुनवाई की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति जिन्होंने समय सीमा में आयोग में अपने लिखित सुझाव/आपत्तियां/टीप प्रस्तुत किए हैं, वे भौतिक रूप से उपस्थित होकर अथवा ऑनलाइन अपना मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आई.डी. सहित आयोग सचिव को **secretary@mperc.nic.in** पर भेजकर, उक्त जनसुनवाई में आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध गाईड लाइंस के अनुसार ऑनलाइन उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

**आयोग के आदेशानुसार**
**सचिव**

म.प्र. माध्यम/123675/2025

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## इंसाफ दिखना भी चाहिए, सेंगर पर उठ रहे सवाल

*एक ओर महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम नहीं लग पाना आज भी एक बड़ी चुनौती है, वहीं कानूनी नुक्तों का फायदा उठा कर बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के दोषी को भी कई बार रियायत दे दी जाती है। संभव है कि कानून की किसी व्याख्या के मुताबिक, अदालत में बलात्कार के दोषी सिद्ध हुए व्यक्ति को जमानत का पात्र समझा जाए, लेकिन इससे पीड़ित महिला के लिए न्याय सुनिश्चित किए जाने की प्रक्रिया गंभीर रूप से बाधित होती है।*

*गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में वर्ष 2019 में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को उम्रकैद की सजा हुई थी। अदालत ने भारतीय दंड संहिता के तहत बलात्कार के मामले और बच्चे-बच्चियों के यौन शोषण से सुरक्षा के कानून 'पाक्सो' में गंभीर यौन हिंसा के प्रावधानों के मुताबिक सजा दी थी। तब यह घटना देश भर में व्यापक चिंता और आक्रोश का कारण बनी थी। मगर अब दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंगर की सजा को निलंबित करने का आदेश दे दिया। इस संदर्भ में एक अहम तथ्य यह है कि दोषी सिद्ध होने के बाद निचली अदालत ने साफ कहा था कि सेंगर को जीवन भर जेल में रहना होगा।*

*जाहिर है, अपराध की गंभीरता और प्रकृति के मद्देनजर निचली अदालत में सेंगर को मिली सजा को कानून के मुताबिक माना जा रहा था, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय ने जिस आधार पर उस सजा को निलंबित करने का आदेश दिया, वह स्वाभाविक ही विवादों के घेरे में आ गया। अब सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है।*

*दरअसल, इस घटना के बाद पीड़िता के जीवन पर जिस तरह के जोखिम खड़े हुए थे, वे बेहद अप्रत्याशित थे, मगर उससे साफ था कि जघन्य अपराधों के बाद एक ऊंचे राजनीतिक रसूख वाला आरोपी पीड़िता को खामोश करने के लिए किस हद तक जा सकता है। इस दौरान पीड़िता के पिता की जान चली गई; एक ट्रक ने उस कार को टक्कर मार दी, जिसमें वह परिवार के अन्य लोगों के साथ जा रही थी। उस घटना में पीड़िता और उसका वकील बुरी तरह घायल हो गए, जबकि उसकी दो मौसियों की मौत हो गई।*

*समझा जा सकता है कि इस पूरे मामले में पीड़िता को किस तरह के दर्द और परेशानियों से गुजरी है। अक्सर समूचे देश में महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों पर काबू पाने, खासकर बलात्कार के दोषियों के प्रति बेहद सख्त रुख अख्तियार करने और यहां तक कि फांसी की सजा की मांग की जाती है। मगर जब किसी रसूख वाले अपराधी की सजा को लेकर रियायत की खबर आती है, तब यह समझना मुश्किल हो जाता है कि आखिर कानून के काम करने के पैमाने क्या हैं!*

*यह बेवजह नहीं है कि तमाम कानूनी प्रावधानों के बावजूद इस अपराध का खौफ व्यापक स्तर पर महिलाओं के जीवन को प्रभावित करता है। बलात्कार के मामले में सजा होने की बेहद कम दर को लेकर पहले ही चिंता जताई जाती रही है। इसका मुख्य कारण कानून की बारीकियों के आधार पर कई बार वास्तविक दोषियों का बच निकलना रहा है। कहा जाता है कि न्याय केवल होना नहीं चाहिए, बल्कि न्याय होते हुए दिखना भी चाहिए। मगर राजनीति या अन्य क्षेत्र में खासा प्रभाव रखने वाले सजायाफ्ता दोषी भी जब कानून से रियायत हासिल कर लेते हैं, तब न्याय की अवधारणा को गहरी चोट लगती है।*

विश्व राजनीति | वैश्विक राजनीति में अमेरिकी वर्चस्व का युग खत्म होता नजर आ रहा है

## तेजी से घट रही अमेरिका की ताकत

हर्ष वी पंत

इस साल अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ देखने को मिले, जिनसे शीत युद्ध के बाद के 'एकध्रुवीय दौर' का अंत होता लग रहा है। अमेरिका द्वारा टैरिफ का दुरुपयोग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित कर रहा है, पर साथ ही इसने भारत जैसे मध्यम क्षमता वाले देशों को अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' का दावा करने को भी प्रेरित किया। अमेरिकी वर्चस्व का युग खत्म हो रहा है और यह बड़ी ताकतों के बीच जबर्दस्त मुकाबले व बढ़ती बहु-ध्रुवीयता के कारण संभव हो सका है। हालांकि, अमेरिका के पास अब भी महत्वपूर्ण क्षमताएं हैं, लेकिन बदल रही अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में वैश्विक नतीजों को तय करने की उसकी ताकत तेजी से घटती जा रही है।

'ट्रंप 2.0' की शुरुआत इस साल की संभवतः सबसे बड़ी खबर रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना कार्यभार साल की शुरुआत में संभाला और वर्षांत होते-होते यह साफ हो गया कि उनके शासन ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के ढांचे को पूरी तरह बदल दिया है। ट्रंप का 'अमेरिका फर्स्ट' अब महज बयान नहीं, बल्कि व्यावहारिक हकीकत बन चुका है। उनका प्रशासन शीत युद्ध के बाद की आम सहमति वाली व्यवस्था को नकारकर विकसित हुआ है, जिससे अमेरिका के मित्र और विरोधी, दोनों तरह के देशों के सामने रणनीतिक अनिश्चितता पैदा हुई है। ट्रंप ने 'भार बांटने' के बजाय 'भार सौंपने' की नीति अपनाई और नाटो सहयोगियों से यह वायदा लेने में सफलता हासिल की कि 2035 तक वे अपनी जीडीपी का पांच प्रतिशत रक्षा पर खर्च करेंगे। ट्रंप की 2025 की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति यूरोप के 'देशभक्त' (अति-दक्षिणपंथी) दलों से रिश्ते बढ़ाने की बात कहती है, जिसकी कीमत मुख्यधारा के लोकतांत्रिक नेता चुकाते हैं।

इस साल अमेरिका ने भारत समेत कई देशों पर टैरिफ का भार डाला। इसने भारत जैसे मध्यम क्षमता वाले देशों को अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' का दावा करने को भी प्रेरित किया। ऐसा नहीं है कि महज अमेरिका के पीछे हटने से विश्व व्यवस्था नया आकार ले रही है, बल्कि एक सुचिंतित पुनर्संतुलन के साथ-साथ चीन की तकनीकी क्षमता और आक्रामक सक्रियता के कारण भी यह सब हो रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ऐसी ताकत बन गया है, जो अपने अनुकूल वैश्विक व्यवस्था बनाना चाहता है, जबकि उसकी शर्तें पूर्व में खुद उसी ने गढ़ी है।




साल 2025 में दूसरा महत्वपूर्ण बदलाव रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के प्रयासों में आई तेजी है। ऐसा ट्रंप प्रशासन द्वारा यूक्रेन और यूरोप को यह साफ करने के बाद हुआ कि युद्ध को लेकर उसका धैर्य अब जवाब दे रहा है।

इस बाबत अगस्त में अलास्का में ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच मुलाकात हुई, लेकिन इससे कोई अंतिम शांति समझौता नहीं निकल सका। रूस लगातार यूक्रेन के विसैन्यीकरण, यानी उसकी सैन्य क्षमता को कम करने पर जोर दे रहा है, जबकि कीव पक्की सुरक्षा गारंटी चाहता है। माना जाता है कि इस जंग में अब तक उसके 11 से 12 लाख सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं, जिनमें से चार लाख तो इसी साल हताहत हुए। वहीं, यूक्रेन को 46,000 से अधिक जवानों का नुकसान हुआ है और लाखों लोग घायल हुए हैं।

हाल-फिलहाल परमाणु हथियारों का मुद्दा भी वैश्विक चेतना में फिर से उभरा। रूस द्वारा अपनी परमाणु नीति में संशोधन करने और अमेरिका द्वारा परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने के एलान के साथ ही 'तीसरे परमाणु युग' की शुरुआत हुई। विभिन्न अनुमानों के अनुसार, चीन के पास अब परमाणु हथियारों की संख्या 600 हो चुकी है, जो 2024 में करीब 500 थी। इतना ही नहीं, लगता यही है कि वह 'लॉन्च ऑफ वार्निंग' नीति अपना चुका है, जिसमें दुश्मन की तरफ से महज चेतावनी मिलते ही परमाणु मिसाइल दागे जा सकते हैं। उधर, वैश्विक प्रतिबंधों को फिर से लागू करने की समय-सीमा करीब आने के साथ ही ईरान का परमाणु कार्यक्रम एक संवेदनशील मसला बना हुआ है।

दक्षिण एशिया की बात करें, तो 2025 में यहां तब तनाव पसर गया, जब भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव शुरू हो गए। दरअसल, 22 अप्रैल को भारतीय पर्यटकों को निशाना बनाकर पहलगाम में आतंकी हमला किया गया, जिसके जवाब में भारत ने पहले सिंधु नदी जल संधि को निलंबित किया और फिर 'ऑपरेशन सिंदूर' की कार्रवाई की। 10 मई, 2025 को दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच हुई सीधी बातचीत के बाद इस संघर्ष पर विराम लगा। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत के एक बड़े रणनीतिक बदलाव का संकेत है। अब नई दिल्ली ने स्थान की परवाह किए बिना आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई करने का अख्तियार हासिल कर लिया है।

इस बीच, इस क्षेत्र की राजनीतिक तस्वीर में भी बदलाव जारी रहे। श्रीलंका और बांग्लादेश में हम पहले ही देख चुके हैं, तो इस साल नेपाल की बारी थी, जहां 'जेन जेड विद्रोह' ने दशकों से जड़ें जमाई पारंपरिक राजनीतिक सत्ता को उखाड़ फेंका। इसकी शुरुआत 4 सितंबर को हुई, जब केपी शर्मा ओली सरकार ने यू-ट्यूब और वाट्सएप सहित 26 प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया। असहमति को दबाने का यह दांव उल्टा पड़ा और 'नेपोकिड्स' अभियान की शुरुआत हुई, जिसमें नौजवानों ने बेरोजगारी और राजनीतिक भ्रष्टाचार के प्रति अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की।

इस हिंसक विरोध-प्रदर्शन की परिणति प्रधानमंत्री ओली की विदाई से हुई और पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की ने अंतरिम सरकार का जिम्मा संभाला। इस तरह पहली बार यहां कोई महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। इस विद्रोह ने बेशक नेपाल को आर्थिक नुकसान पहुंचाया, लेकिन इसने शासन सुधार की राह भी तैयार की, जिसका नतीजा है, मार्च 2026 में राष्ट्रीय चुनाव कराने का एलान।

साफ है, यह साल विश्व राजनीति के लिहाज से काफी उथल-पुथल वाला रहा। निकट भविष्य में इसके थमने की उम्मीद नहीं है। लिहाजा, इससे निपटने के लिए भारत को घरेलू क्षमता-निर्माण पर संजीदगी दिखाने की जरूरत है।

**(लेखक किंग्स कॉलेज,लंदन में प्रोफेसर हैं।)**

खुला मंच

## पाक डकैत और भारत में रोजगार योजना

आलोक पुराणिक

भुखमरी और गरीबी से जूझ रहे पाकिस्तान की कमाई के स्रोत अब यही हैं- डाकू, आतंकी। पर वे अपने ही डकैतों पर कायदे की फिल्म नहीं बना पाते। पाकिस्तान के एक्सपर्ट कह रहे हैं कि उनके डकैतों से भारत की फिल्म इंडस्ट्री को रोजगार मिल रहा है। पाकिस्तान के कराची में एक कभी बड़े अपराधी थे रहमान डकैत, वह हाल में आयी फिल्म 'धुरंधर' के एक कैरेक्टर हैं। फिल्म खूब कमाई कर रही है।

धुरंधर से याद आया, टीवी चैनलों में आजकल एक नई प्रजाति उभरी है- धुरंधर एक्सपर्ट! ये धुरंधर हर चैनल पर बैठे होते हैं, हर विषय के बोझ को अपने कंधों पर उठाए। क्रिकेट हो, राजनीति हो या अंतरराष्ट्रीय संबंध हो सबमें ये धुरंधर पंडित सबसे आगे। एक धुरंधर को देखा एक टीवी चैनल पर। विषय था- आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी। ग्रीन बने सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी, 25.2 करोड़ में बिके। अरे भाई, 25 करोड़! इतने में तो पूरा गांव खरीद लो, या कम से कम एक छोटा सा द्वीप। धुरंधर जी चैनल पर चिल्लाए, 'देखिए सर, ये नीलामी नहीं, ये तो आधुनिक गुलाम बाजार है! खिलाड़ी की बोली लगा रहे हैं, जैसे पुराने जमाने में गुलामों की नीलामी होती थी। लेकिन फर्क ये कि अब गुलाम नहीं, सुल्तान बन रहे हैं। खिलाड़ी वही जो करोड़ों ले जाये...।

उधर अरब देश पाक के धुरंधर 'भिखारियों' से परेशान हैं। हजारों पाकिस्तानी भिखारी सऊदी अरब ने वापस पाकिस्तान भिजवाये हैं। पाकिस्तान से तरह तरह के भिखारी अरब देशों में जाते हैं। कुछ भिखारी खुद को प्राइम मिनिस्टर बताते हैं। कुछ खुद को आर्मी जनरल बताते हैं। बड़े भिखारी बड़ी भीख मांगते हैं और सूट बूट लगाकर जाते हैं। पर काम एक ही है- लाओ लाओ।

पाकिस्तान के डकैत पूरी दुनिया में फेमस हो रहे हैं। डर यह है कि कहीं पाकिस्तान यह दावा न ठोंक दे कि उनके कैरेक्टर पर फिल्म बना रहे हैं भारतीय डायरेक्टर, तो पाकिस्तान को रायल्टी मिलनी चाहिए। पाकिस्तानी अपने ही डकैतों पर कायदे की फिल्म नहीं बना पाते। डकैत पाकिस्तान के और कामयाब फिल्म इंडिया वाले बनाते हैं। अपने डकैतों पर कामयाब फिल्म बनाने के लिए हुनर चाहिए। हुनर पाकिस्तायियों में सिर्फ दो हैं- भीख और आतंक।

दरअसल पाक को कुछ करने की जरूरत नहीं है। ट्रंप जैसे दाता मौजूद हैं, आईएमएफ से कर्ज दिलवा देते हैं। चीन जैसे दाता मौजूद हैं, इतना इंतजाम कर देते हैं पाकिस्तान का कि डूबने की नौबत ना आये। डकैतों पर रायल्टी मिल जाये, यह परम उपलब्धि होगी पाकिस्तान की।

प्रसंगवश

## बांग्लादेश के हालात में यूनुस की भूमिका ही संदेहास्पद

*आज बांग्लादेश में अराजकता, हिंसा, सांप्रदायिकता, हत्याओं का दौर है, तो यूनुस ही उसके लिए 'खलनायक' हैं, क्योंकि वह कट्टरपंथी जमात को उकसा रहे हैं। सजायाफ्ता आतंकियों को जेल से रिहा कराया है। सड़कों पर भारत-विरोधी, हिंदू-विरोधी जो भीड़ नजर आ रही है, यूनुस उसे नियंत्रित ही नहीं करना चाहते।*

*भारत ने बांग्लादेश को 2024 और 2025 में 120-120 करोड़ रुपए के पैकेज दो बार दिए। 'लाइन ऑफ क्रेडिट' में 25 फीसदी कर्ज ब्याज की बेहद आसान दरों पर दिया। भारत बांग्लादेश को 60 फीसदी प्याज, 78 फीसदी मसालों, 65 फीसदी चावल, 19 फीसदी रासायनिक उत्पादों और करीब 20 फीसदी बिजली की आपूर्तियां करता है। ढाका का कपड़ा उद्योग भारत की कृपा पर ही चलता है। बांग्लादेश में मेडिकल वीसा की मांग सबसे अधिक भारत के लिए है। वहां के लोगों के अनुभव हैं कि भारत में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं हैं। यदि भारत मौजूदा हालात के मद्देनजर इन आपूर्तियों को रोक दे, तो क्या बांग्लादेश जिंदा रह सकता है? क्या बांग्लादेश में खाद्य संकट पैदा नहीं होगा और वह अंधेरे में डूब नहीं जाएगा? बांग्लादेश के साथ भारत नदियों का पानी और अन्य संसाधन भी साझा करता रहा है। दिसंबर, 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के 93,000 फौजियों का आत्मसमर्पण एक अर्द्धसत्य है। बांग्लादेश की मुक्ति और आजादी की उस लड़ाई में भारत को भी अपने 3864 जांबाज सैनिकों और अफसरों की शहादतें देनी पड़ी थीं। उस दौर में करीब 10 लाख बहन-बेटियों-माताओं के साथ बलात्कार किए गए थे। हत्याओं का कोई निश्चित आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार (परोक्ष रूप में प्रधानमंत्री) मुहम्मद यूनुस का एक कुरूप यथार्थ सामने आया है कि उन्होंने 2016 में 3 लाख डॉलर (करीब 2.5 करोड़ रुपए) 'हिलेरी क्लिंटन फाउंडेशन' को दान दिए थे। यूनुस को अमरीका की कृपा से ही नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया था। उनके 'गरीब, ग्रामीण बैंक' की दुनिया में खूब चर्चा हुई थी, लेकिन बाद में सच बेनकाब हुए कि गरीब, मछुआरों, किसानों का पैसा लूट कर किसको चढ़ावा दिया जा रहा था? यूनुस को जेल भी जाना पड़ा। तत्कालीन राष्टपति ट्रंप की नाराजगी भी यूनुस को झेलनी पड़ी थी। ट्रंप आज भी अमरीकी राष्ट्रपति हैं, लिहाजा हिलेरी-यूनुस की कथित भ्रष्ट मिलीभगत, सांठगांठ और लेन-देन की जांच कराई जा रही है। यूनुस अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में बांग्लादेश में गद्दीनशीं किए गए थे।*

*बाइडेन भी क्लिंटन की डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्टपति थे। बहरहाल आज क्लिंटन परिवार अमरीकी राजनीति और प्रशासन में अप्रासंगिक है, लिहाजा अमरीका के स्तर पर आज कोई भी यूनुस का पैरोकार नहीं है। यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार 8 अगस्त, 2024 से जारी है, जबकि बांग्लादेश के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। न जाने क्यों बांग्लादेश में किसी भी बौद्धिक और राष्टवादी नागरिक ने इस व्यवस्था को अदालत में चुनौती नहीं दी है? संविधान में सिर्फ यह व्यवस्था है कि कार्यवाहक सरकार को तीन महीने की अवधि में चुनाव निश्चित रूप से कराने हैं, ताकि एक जनादेशी और लोकतांत्रिक सरकार देश का नेतृत्व संभाल सके। आज बांग्लादेश में अराजकता, हिंसा, सांप्रदायिकता, हत्याओं का दौर है, तो यूनुस ही उसके लिए 'खलनायक' हैं, क्योंकि वह कट्टरपंथी जमात को उकसा रहे हैं। सजायाफ्ता आतंकियों को जेल से रिहा कराया है। सड़कों पर भारत-विरोधी, हिंदू-विरोधी जो भीड़ नजर आ रही है, यूनुस उसे नियंत्रित ही नहीं करना चाहते। वह चुनाव को आगे खिसकाने के मंसूबों पर काम कर रहे हैं। यूनुस ने अपने कार्यकाल में, खासकर 1.30 करोड़ अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए, ऐसे अराजक और हत्यारे हालात बना दिए हैं कि हिंदू खौफ और दहशत में जीने को अभिशप्त हैं। जिस निर्ममता, बर्बरता के साथ हिंदुओं की हत्याएं की गई हैं, भारत के विरोध में हमलावर दुष्प्रचार जारी है, उसके मद्देनजर भारत सरकार को बांग्लादेश की आपूर्तियों में तुरंत कटौती करनी चाहिए और अंतरिम सरकार को निर्णायक चेतावनी जारी करनी चाहिए। देश की मोदी सरकार को अविलंब हस्तक्षेप करना चाहिए, क्योंकि बांग्लादेश में इंसाफ और इनसान दोनों ही जल रहे हैं। यूनुस एक साल में दो बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात कर चुके हैं। वह पाकिस्तान के 'फौजी तानाशाह' मुनीर के मोहरा बने हैं। जिन्होंने छात्र आंदोलन के जरिए प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्तापलट किया था, उनके अग्रणी नौजवान नेताओं की अचानक हत्याएं की जा रही हैं। ये हालात भारत ही नहीं, समूचे लोकतांत्रिक विश्व के हित में नहीं हैं। बार-बार खबरें आ रही हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा तथा ज्यादतियां हो रही हैं। इस हिंसा को तत्काल रोकना होगा। तभी बांग्लादेश की समस्या का हल होगा।*

अर्थव्यवस्था | केंद्रीय बैंक जब भी खरीदारी करते हैं, तो उससे सोने के दाम और बढ़ जाते हैं।

## सोने-चांदी की कीमतें थमने के जल्द आसार नहीं

मधुरेंद्र सिन्हा

वर्ष 2025 बहुमूल्य धातुओं के लिए बहुत ही उम्दा साल रहा और इनकी कीमतें लगातार बढ़ती रहीं। जेपी मॉर्गन ग्लोबल रिसर्च की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि विभिन्न देशों के सेंट्रल बैंक बड़े पैमाने पर सोना खरीद रहे हैं। केंद्रीय बैंक जब भी खरीदारी करते हैं, तो उससे सोने के दाम और बढ़ जाते हैं। यह सेंटीमेंट अभी बरकरार है, इसलिए आने वाले समय में भी सोने की खरीदारी जारी रहेगी।

वर्ष 2025 बहुमूल्य धातुओं के लिए बहुत ही उम्दा साल रहा और इनकी कीमतें लगातार बढ़ती रहीं। सोना तो इस साल 54 फीसदी बढ़ गया, जबकि चांदी की कीमत दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम से ऊपर जाकर 2,14,000 रुपये तक जा पहुंची हैं और अब भी इसके बारे में कयास लगाये जा रहे हैं। सोने की कीमत में इस साल की आखिरी तिमाही में भारी उछाल आया और यह स्थिति बरकरार है। यही हाल चांदी का है। दरअसल इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उत्पादन और स्मार्टफोन में इसके इस्तेमाल के कारण चांदी की कीमत छलांग लगा रही है और यह तेजी जारी रहने वाली है।

जेपी मॉर्गन ग्लोबल रिसर्च की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आम खुदरा खरीदारों के अलावा विभिन्न देशों के सेंट्रल बैंक बड़े पैमाने पर सोना खरीद रहे हैं, जिस कारण सोना मजबूत बना रहेगा। दरअसल हर देश अपने रिजर्व में डॉलर के अलावा सोना रखता है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में अर्थव्यवस्था को स्थिरता दे सके। सोने की अतिरिक्त खरीद उन्हें आर्थिक अनिश्चितता से मुक्त रखने में मदद करता है। इस कारण अनेक सेंट्रल बैंक डॉलर की बजाय सोने को रिजर्व के तौर पर तरजीह दे रहे हैं, जिससे इसकी कीमतों में इजाफा हुआ है। केंद्रीय बैंक जब भी खरीदारी करते हैं, तो उससे सोने के दाम और बढ़ जाते हैं। यह सेंटीमेंट अभी बरकरार है, इसलिए आने वाले समय में भी सोने की खरीदारी जारी रहेगी। दुनियाभर में चल रहे युद्ध और आर्थिक संकटों के कारण सेंट्रल बैंक सोने की तरफ झुक रहे हैं। इसका उन्हें फायदा भी मिल रहा है, क्योंकि सोने के दाम बढ़ रहे हैं और डॉलर के गिर रहे हैं। सेंट्रल बैंकों ने इस साल की खासकर तीसरी तिमाही में काफी सोना खरीदा। अनुमान यह है कि दुनिया के कुल स्वर्ण भंडार का 20 प्रतिशत से भी ज्यादा यानी लगभग 36,000 टन सोना सेंट्रल बैंकों के पास है।




सेंट्रल बैंकों के अलावा बड़े निवेशक दीर्घ काल के लिए सोने की खरीदारी कर रहे हैं। वे तमाम एसेट के अलावा सोने में भी एक हिस्सा निवेश करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए वे लंबी पोजीशन ले रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि सोने के दाम अभी बढ़ेंगे। जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2026 में 250 टन सोना इटीएफ के जरिये खरीदा जा सकता है, जबकि सोने की छड़ों और सिक्कों की मांग 1,200 टन से भी ज्यादा हो सकती है।

भारतीय रिजर्व बैंक के पास इस समय 880 ।8 टन सोना है और इसकी मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर चीन के पास 2,300 टन सोना है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि चीन के पास 5,000 टन से भी ज्यादा सोना है, लेकिन वह इस बारे में कोई जानकारी नहीं देता है। चीन की मंशा दरअसल डॉलर पर निर्भरता धीरे-धीरे घटाने की है और वह इसमें कुछ हद तक सफल भी हो रहा है। कुछ साल पहले चीन ने अपने नागरिकों को भी सोना खरीदने के लिए प्रेरित किया था, जबकि वहां सोने के गहनों का कोई चलन नहीं है।

इसके बावजूद लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सोने की खरीद के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके विपरीत, भारत में सोने की खुदरा मांग बहुत ज्यादा है, क्योंकि हर परिवार सोने के गहने खरीदता रहता है और बेटियों की शादी में सोना देना एक सामाजिक कर्तव्य माना जाता है, क्योंकि सोना संकट में साथ देता है। भारतीयों के पास कितना सोना है, इसके सही आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन अनुमान है कि यह आंकड़ा 25,000 टन से भी ज्यादा है, जो पाकिस्तान की कुल जीडीपी से भी ज्यादा है।

सोने के दाम बेहद बढ़ जाने के कारण इन दिनों अपने यहां व्यक्तिगत खरीदारी बेशक कम हो गयी है, लेकिन इस पर ब्रेक नहीं लगा है। शादी-ब्याह में लोगों का बजट तो वही है, लेकिन सोने की महंगाई से कुल खरीदारी पर असर साफ पड़ रहा है। यही हाल चांदी का है, जिसके सिक्के शादियों में तो दिये ही जाते हैं, दिवाली में भी दिये जाते हैं। लेकिन इस साल ऐसा कम ही हुआ, क्योंकि चांदी की कीमत बहुत ज्यादा हो गयी थी। वैसे में, लोगों का बजट छोटा पड़ गया। इसका बुरा असर चांदी के सामान बेचने वालों पर पड़ा है और बिक्री काफी घट गयी है। राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार कूचा महाजनी में चांदी की बिक्री में काफी कमी आई है।

खुदरा ग्राहक गायब हैं और वे सही समय का इंतजार कर रहे हैं कि चांदी के दाम घटें। सोने की कीमत कुछ हद तक अमेरिका की आर्थिक स्थिति पर भी निर्भर करती है। अभी वहां ब्याज दरों में गिरावट हुई है, जिस कारण निवेशकों का रुझान सोने की ओर है। डॉलर में गिरावट के कारण भी सोने में मजबूती है। भारत में डॉलर महंगा है, क्योंकि अमेरिका को निर्यात घटने से डॉलर कम आ रहे हैं। इस कारण भी सोना महंगा है, क्योंकि हम सोने का आयात करते हैं, जिसके लिए डॉलर चाहिए। फिलहाल रूस-यूक्रेन युद्ध न थमने तक तो सोने-चांदी के दाम घटने के आसार नहीं हैं।

जीवन दर्शन

## रोजमर्रा की सामान्य बातों में छिपी है खुशी

कृतज्ञता जीवन में पॉजिटिविटी लाने का सबसे आसान तरीका है. हर दिन उन छोटी-छोटी बातों के लिए आभार व्यक्त करें जो आपको खुशी देती हैं, जैसे किसी को मुस्कुराकर हैलो कहना या किसी दोस्त की मदद करना। समय के साथ, यह प्रैक्टिस आपके सोचने के तरीके को बदल देगा और आप अपने जीवन की अच्छी बातों पर ज्यादा ध्यान देंगे। आस-पास की गतिविधियों या शौकों का पता लगाएँ जो आपको पसंद हैं, जैसे स्थानीय योग कक्षाएं, खेल समूह, या कला कार्यशालाएँ।

व्यस्त रहने और आनंददायक गतिविधियों में शामिल होने से संतुष्टि मिलती है। किसी स्थानीय दान या पहल में स्वेच्छा से भाग लें। दूसरों की मदद करने से उद्देश्य और खुशी की गहरी भावना पैदा हो सकती है।

वर्तमान क्षण की सराहना करें। अपने आस-पास की छोटी-छोटी चीज़ों पर ध्यान दें - ताज़ी हवा, पक्षियों की चहचहाहट, या एक कप गर्म चाय। माइंडफुलनेस खुशी को बढ़ावा देने में मदद करती है। याद रखें, खुशी अक्सर बड़े आयोजनों में नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में पाई जाती है। दिन में दस मिनट चुपचाप बैठें। हफ्ते में एक दिन बिना किसी लक्ष्य के टहलें। परिवार के



साथ बिना मोबाइल के बैठें और सिर्फ बातें करें। सबसे जरूरी, कभी-कभी बस 'कुछ न करें'। जीवन एक दौड़ नहीं, बल्कि एक यात्रा है और इस यात्रा की खूबसूरती मंजिल पर नहीं, बल्कि रास्ते में बिखरी छोटी-छोटी खुशियों में है। धीरे चलने की कला हमें यह सिखाती है कि खुशी कोई बड़ी चीज नहीं, बल्कि वही है, जो रोजमर्रा की सामान्यताओं में छिपी है।

आइए, आज से तय करें कि हमें हर हाल में धीरे चलना है, क्योंकि वही इन्सान जीवन के असली रंगों को देख पाता है, जो ठहरकर हर क्षण का स्वाद लेना जानता है। छोटी खुशियों को महसूस करने के लिए रोजाना एक खुशी का काम करें। वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ. हेमा खन्ना बताती हैं, लगातार व्यस्त जीवन जीने से मन थक जाता है और छोटी खुशियों को महसूस करने की क्षमता कम हो जाती है। इसे वापस पाने के लिए दिन की शुरुआत धीमे रूप से करें। स्ट्रेचिंग करें, सांसों पर ध्यान दें और स्क्रीन को दूर रखें। काम के दौरान हर घंटे कुछ मिनट का विराम दिमाग को रीसेट करता है। साथ ही एक समय में एक काम करें। इससे तनाव घटता है और संतुष्टि बढ़ती है।

रोजमर्रा की छोटी खुशियों, खुशबू, रोशनी, स्वाद को सचेत रूप से महसूस करें और रोज 2-3 अच्छी बातों के लिए कृतज्ञता जताएं। मानसिक बोझ कम करने के लिए कामों को लिख लें। दिन में थोड़ी देर ताजी हवा में टहलें और डिजिटल सीमाएं तय करें। शाम को में हल्की रोशनी और शांत माहौल में रहें। रोज एक छोटा 'खुशी का काम' जरूर करें। यह तरीका आपको जीवन का स्वाद लेने में मदद करेगा।

**स्वामी सलिल आनंदानंद**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

कर्मण्यकर्म यः पश्येदकर्मणि च कर्म यः।
स बुद्धिमान्मनुष्येषु स युक्तः
कृत्स्नकर्मकृत्॥

**भावार्थ**

जो मनुष्य कर्म में अकर्म देखता और जो अकर्म में कर्म देखता है, वह मनुष्यों में बुद्धिमान है और वह योगी समस्त कर्मों को करने वाला है।

# 61 साल में पहली बार रामधुन में जुटे एक लाख से अधिक श्रद्धालु

## श्रीराम व श्रीकृष्ण जाप से हर कष्ट दूर होता है: संत सिद्ध भाऊ



**संत हिरदाराम नगर।** विश्व शांति मानव कल्याण एवं हर विपदा से बचाए रखने के लिए वैसे तो हर साल दिसम्बर के तीसरे सप्ताह में 24 घंटे की 7 दिनी अखण्ड रामधुन का आयोजन किया जाता है, लेकिन 1964 के बाद यह पहला ऐसा अवसर था, जब सात दिनों में स्थानीय, देश के विभिन्न नगरों व विदशों से आए लगभग एक लाख लोग इसमें शामिल हुए जो कि एक रिकार्ड है। 7 दिवसीय अखण्ड रामधुन का शुक्रवार की सुबह 8 बजे समारोहपूर्व समापन्न हुआ। इसकी नीव 25 दिसम्बर 1964 को ब्रम्हलीन स्वामी हिरदाराम जी ने रखी थी, उसके बाद जब 21 दिसम्बर 2006 को स्वामीजी का अवसान हुआ, उसके बाद भी अखण्ड रामधुन का कार्यक्रम हर साल निर्बाध रूप से चल रहा है। इधर शुक्रवार की सुबह 8 बजे साधु वासवानी पार्क में भव्य समापन्न समारोह हुआ जिसमें स्वामी हिरदाराम जी के उत्तराधिकारी संत सिद्ध भाऊ ने कहा कि पूरा गुरूग्रन्थ साहिब भगवान श्री राम एवं श्री कृष्ण की महिमा से भरा हुआ है अगर प्रतिदिन हम अपने घर में भी रामधुन लगाएं तो सभी संकट समस्याएं दुख व तनाव दूर हो जाएंगे और हमारा जीवन स्वस्थ व निरोगी रहेगा मन में शांति व आनंद बढ़ता रहेगा, रामधुन की यह महिमा है। भगवान ने दुर्लभ मानव शरीर दिया है, सभी सुखी हैं, तो हमारा दायित्व बनता है कि 24 घंटे में से आधा घंटा रामधुन लगाएं तो हमारी संतान संस्कारवान रहेगी, माता पिता का सपना साकार होगा हम यहां आए हैं, तो संकल्प लें कि कुछ लेकर जाएंगे क्योंकि आगामी साल मे हम हों न हों कोई भरोसा नहीं है। इसलिए इस रामधुन को घर में भी जारी रखें। किसी प्रकार का संकट नहीं आएगा।

### समाज की चेतना शुद्ध होगी

इस अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने बताया कि पहली बार इस 7 दिवसीय अखण्ड रामधुन में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया जो एक रिकार्ड है। इसमें हांगकांग के विश्व प्रसिद्ध समाज सेवी कान लखानी, दुबाई से आई सिंधी भाषा के उत्थान को समर्पित आशा चांद विदेशों से आए लोगों में प्रमुख रूप से शामिल थे। उन्होंने कहा कि संत हिरदाराम जी ने सेवा व स्मरण का जो रास्ता दिखया है, वहां बिना थके हुए हमेशा आगे बढ़ें और मनुष्य जीवन सफल करें। जिस सहजता, सरलता के साथ यह आयोजन हुआ, वह इसकी सफलता का प्रतीक है। समाज में इससे चेतना की अवश्य शुद्धि होगी। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक यात्रा कितनी भी लम्बी क्यों न हो, उस पर चलकर ही पार किया जा सकता है। महेश दयारामानी ने इसकी व्यवस्थाओं को अंजाम देने वाले अनिल चोटरानी, तुलसी आडवाणी, दिनेश वाधवानी के अलावा खासतौर पर हैप्पी ग्रुप के सभी सदस्यों की तारीफ की। इससे पूर्व अखण्ड रामधुन के संयोजक वरिष्ठ समाज सेवी अनिल चोटरानी ने अखण्ड रामधुन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर भोपाल सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरियानी, समाज सेवी कन्हैयालाल रामनानी, तुलसी आडवाणी, दिनेश वाधवानी, भारत धनवानी हीरो हिन्दू इसरानी, दीपा आहूजा, रजनी सावलानी, सुतापा जायसवाल, भावना कलवानी, स्वाति कलवानी, मनोहर छतानी, राजा इसरानी, मनोहर वासवानी, मंघाराम मेंघवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शुक्रवार को ही सुबह 11 बजे पूरे सम्मान के साथ पवित्र गुरूग्रन्थ साहिब, भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की प्रतिमाएं शोभा यात्रा के रूप में संत समाधि स्थल तक ले जाइ गई।

### रामधुन के अनेक फायदे: सबनानी

इस मौके पर दक्षिण पश्चिम के भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि हरे राम और हरे कृष्ण के जाप का बहुत बड़ा फायदा है। जब एक समय में बरसात रूठ गई थी, तब इस तरह की धुन लगाई गई और केवल 51 घंटे के बाद ही इतनी भरपूर बरसात हुई कि आज तक फिर कभी पानी की कमी नहीं हुई यह स्वामी हिरदारमा जी का संदेश था। हम अपने जीवन को सार्थक करने के लिए संतों के बताए इस रास्ते पर चलकर सफल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज जब लोग व्यसनों में फंसते जा रहे हैं, वहीं 7 दिन तक जिस तरह से युवाओं की बहुत बड़ी टीम अखण्ड रामधुन में जुटी रही, वह सब संत हिरदाराम जी एवं रामधुन का ही परिणाम है। इस तरह का आयोजन न केवल पूरे शहर बल्कि देश के लिए भी बहुत अच्छी बात है।



# गल्ला मंडी में हम्माल हड़ताल से संकट, किसानों से कम दाम में धान खरीदी का दबाव बना रहे कारोबारी



**मंडीदीप।** कृषि उपज मंडी मंडीदीप में तुलाई दर को लेकर उपजा विवाद अब गंभीर संकट का रूप ले चुका है। बीते मंगलवार से हम्मालों (तुलाई मजदूरों) की हड़ताल के कारण मंडी का कामकाज ठप है, जिससे किसान और व्यापारी दोनों ही परेशान नजर आ रहे हैं। हालात का फायदा उठाकर कुछ राइस मिल कंपनियों पर किसानों से कम दाम में धान खरीदने के आरोप भी सामने आए हैं।

हम्मालों की मांग प्रति कुंटल तुलाई दर बढ़ाने को लेकर है। पहले किसानों द्वारा 14 रुपये प्रति कुंटल की दर से भुगतान किया जाता था, जिसे आपसी सहमति के बाद 15 रुपये कर दिया गया। कुछ दिन इसी दर पर तुलाई हुई, लेकिन विवाद दोबारा गहराने के बाद हम्माल हड़ताल पर चले गए। व्यापारी संघ के सचिव मोहन साहू ने आरोप लगाया कि कुछ उद्योगपति मंडी के पंजीकृत हम्मालों की अनदेखी कर बाहर से हम्माल बुलाकर अपनी कंपनियों में काम करा रहे हैं, जिससे स्थानीय हम्मालों में असंतोष फैल गया और मंडी में तुलाई पूरी तरह ठप हो गई। हड़ताल का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ रहा है। मंडी में फसल लेकर पहुंचे किसान घंटों और दिनों तक तुलाई का इंतजार करने को मजबूर हैं। अव्यवस्था के चलते कई सौदे मंडी के बाहर हो रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान नेता परेश नागर ने आरोप लगाया कि कुछ राइस मिल कंपनियां मंडी की स्थिति का फायदा उठाकर किसानों को कम दाम पर धान बेचने के लिए मजबूर कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इटारसी मंडी में धान का भाव लगभग 3700 रुपये प्रति कुंटल है, जबकि मंडीदीप की कुछ कंपनियां 3200 रुपये प्रति कुंटल में खरीद कर रही हैं, जिससे किसानों को प्रति कुंटल 400 से 500 रुपये तक का नुकसान हो रहा है। परेश नागर ने बताया कि 27 दिसंबर को औबेदुल्लागंज में किसानों की बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें मंडीदीप व आसपास के क्षेत्रों के किसान और हम्माल शामिल होंगे। उन्होंने किसानों से अपील की कि उचित मूल्य मिलने तक धान न बेचें। इधर शुक्रवार से मंडीदीप गल्ला मंडी में नीलामी प्रक्रिया तो शुरू हो गई है, लेकिन तुलाई के लिए अब भी बाहरी हम्मालों पर निर्भरता बनी हुई है। व्यापारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र स्थायी समाधान नहीं निकला तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

## सेवा सदन द्वारा निःशुल्क दृष्टिदोष जांच शिविर का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने राजधानी के लालघाटी चैराहे ज़ोन-3 पर गुरूवार निःशुल्क दृष्टिदोष, नेत्र रोग एवं दंत रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ डीसीपी. ट्रैफिक जितेन्द्र सिंह पवार ने यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों एवं सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के पदाधिकारियों के साथ देवी देवताओं एवं संत हिरदाराम साहिब जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में कुल 219 वाहन चालकों की दृष्टि दोष, नेत्र रोग एवं दंत रोगों की जांच की गई। जांच में 15 ड्राइवरों में मोतियाबिंद, 25 को रिफ्रेक्टिव एरर की शिकायत पाई गई। कमजोर दृष्टि वाले ड्राइवरों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए, जबकि नेत्र रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को आवश्यक आई-ड्रॉप्स प्रदान दिए गए। गंभीर नेत्र रोगों से पीड़ित ड्राइवरों को शीघ्र ही सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में उपचार प्रारंभ करने की सलाह दी गई। इसके साथ ही उनके रक्तचाप एवं मधुमेह की भी जांच की गई। मध्यप्रदेश यातायात पुलिस के ड्राइवरों ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए अपनी आंखों एवं दांतों की जांच करवाई।

ESB मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल
'चयन भवन, मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट)
भोपाल-462011, दूरभाष क्रमांक- 0755-2578801-02

**सूबेदार एवं सब इंस्पेक्टर के रिक्त पदों हेतु भर्ती परीक्षा-2025 के संबंध में आवश्यक सूचना**

म.प्र कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली सूबेदार एवं सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2025 के संबंध में माननीय न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेशों के परिपालन में, केवल न्यायालयीन प्रकरण वाले अभ्यर्थी दिनांक 26.12.2025 से 31.12.2025 तक एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से अपना आवेदन पत्र भर सकते है।
उक्त अभ्यर्थियों का अंतिम परीक्षा माननीय न्यायालय के अधीन रहेगा।
**विज्ञापन क्रमांक-94/2025**
म.प्र. माध्यम/123690/2025 **संचालक**

ESB मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल
'चयन भवन, मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट)
भोपाल- 462011, दूरभाष क्रमांक- 0755-2578801-02

**प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025**

प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 हेतु आवेदन पत्र 18.07.2025 से 25.08.2025 तक आमंत्रित कर, परीक्षा आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा में मान. उच्च न्यायालय खण्डपीठ, इंदौर में दायर याचिका क्रमांक 42759/2025 दीपक परमार वि. म.प्र. शासन व अन्य में पारित आदेश दिनांक 15.12.2025 के परिपालन में अभ्यर्थियों को प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 के आवेदन पत्र में कण्डिका 7.7 (RCI विशेष शिक्षा संबंधी कॉलम) में निम्नानुसार संशोधन हेतु दिनांक 26.12.2025 से 10.01.2026 तक एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से पोर्टल खोला जा रहा है:-

- **अभ्यर्थी जिनके पास कण्डिका 7.7 (D.El.Ed Special education-RCI विशेष शिक्षा संबंधी) के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों को अध्यापन हेतु प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा उपलब्ध है, तो इस विकल्प में "हाँ" अंकित करें।**
- **अन्य सभी अभ्यर्थी इस विकल्प में "नहीं" अंकित करें।**

समस्त अभ्यर्थी पोर्टल पर उपरोक्त कंडिका 7.7 अनुसार उक्त अवधि में ही आवश्यक संशोधन कर सकते हैं। उक्तानुसार किये गये संशोधन को ही अंतिम मानते हुए परीक्षा संबंधी आगामी कार्यवाही की जाएगी।
**विज्ञापन क्रमांक- 93/2025**
म.प्र. माध्यम/123691/2025 **संचालक**

# जमानत पर छूटते ही बदमाशों ने फिर दिखाई दबंगई

**मंडीदीप।** वरिष्ठ पत्रकार पर हुए सनसनीखेज और जानलेवा हमले का मामला एक बार फिर गंभीर होता नजर आ रहा है। इस प्रकरण में दोनों नामजद आरोपी सिकंदर और वसीम जमानत पर रिहा हो चुके हैं, लेकिन रिहाई के बाद उनके व्यवहार में कोई सकारात्मक बदलाव दिखाई नहीं दे रहा। आरोप है कि जेल से बाहर आते ही दोनों ने दोबारा दबंगई का प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे पीड़ित परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बन गया है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार आरोपियों के साथ कई अज्ञात लोगों की संदिग्ध आवाजाही भी लगातार देखी जा रही है। इससे आशंका और गहरी हो गई है कि इस हमले के पीछे किसी बड़े गिरोह या संगठित साजिश की भूमिका हो सकती है। पुलिस द्वारा अन्य संदिग्धों की जांच के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही।

**सीसीटीवी में कैद चेहरे, कार्रवाई पर सवाल :** मामले का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि घटना से जुड़े कई संदिग्ध व्यक्ति सीसीटीवी कैमरों में स्पष्ट रूप से कैद हैं, इसके बावजूद अब तक न तो उन्हें थाने बुलाया गया और न ही उनसे प्रभावी पूछताछ की गई। पुलिस की निष्पक्षता और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते पूछताछ होती तो हमले के पीछे छिपी साजिश का खुलासा संभव था। वहीं, सबूत मिटाने के प्रयासों के आरोपों पर भी अब तक कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया।

> मामले में गहन छानबीन की जा रही है। जांच जारी है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> ■ **रंजीत सराठे, मंडीदीप थाना प्रभारी**

मामला विवेचना में है। यदि अन्य कोई दोषी पाया जाता है तो उससे पूछताछ कर गिरफ्तारी की जाएगी। जमानत पर रिहा आरोपियों की गतिविधियों पर पुलिस नजर रखे हुए है। यदि उनकी कोई हरकत कानून के खिलाफ पाई गई तो उनकी जमानत निरस्त कर पुनः जेल भेजा जाएगा।

■ **एसडीओपी मैडम**

# नानकराम वाधवानी जैसे नेताओं से मजबूत हुई भाजपा



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** आरएसएस की शाखाओं से अपने जीवन की शुरूआत करने वाले एवं जनता पार्टी, व भाजपा के स्थापित नेता रहे एवं 1975 में आपातकाल के दौरान 19 माह तक जेल में रहे नानकराम वाधवानी की पुण्य तिथि संत हिरदाराम नगर में श्रद्धा के साथ मनाई गई। यहां के आलीशान बोरवन पार्क में उनके सुपुत्र एवं कपड़ा एसोसियशन के महासचिव दिनेश वाधवानी द्वारा रखी गई पुष्पांजलि कार्यक्रम में सबसे पहले दक्षिण पश्चिम के भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरियानी के साथ उपस्थित हुए उन्होंने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। बाद में आयोजित कार्यक्रम में हुजूर के भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चाहे जनसंघ हो या जनता पार्टी व भाजपा किसी ने सोचा भी नहीं था न केवल अनेक प्रदेशों बल्कि देश की सत्ता भी संभलेगी और उस दौर में जिन लोगों ने पार्टी आज के मुकाम तक पहुंचाने का काम किया, उनमें नानकराम वाधवानी एक थे। इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या कर नानकराम वाधवानी जैसे नेताओं को भी नहीं बक्सा जिनका सम्पूर्ण जीवन सेवा को समर्पित रहा है।

### 10वीं पुण्य तिथि पर विधायकों सहित जुटे तमाम लोग

**नाम परिवर्तन**
मेरा नाम मेहक रक्षित पत्नी बिप्लब रक्षित (MEHAK RAKSHIT W/o. BIPLAB RAKSHIT), निवासी-वार्ड No.-23, बख्खर कॉलोनी, स्टेशन रोड, शीतल होम्स, VTC मंडीदीप, PO मंडीदीप SUB DISTRICT गोहरगंज, DISTTRICT रायसेन, भोपाल (म.प्र.). मैं, अपना नाम मंताशः (MANTASHAH) से बदलकर मेहक रक्षित (MEHAK RAKSHIT) करना चाहती हूँ जो कि मेरे मैरिज सर्टिफिकेट में भी दर्ज है. अतः प्रकाशन उपरांत मेरा नाम मेहक रक्षित पत्नी बिप्लब रक्षित (MEHAK रक्षित W/o-BIPLAB RAKSHIT) के नाम से जाना-पहचाना व लिखा-पढ़ा, दर्ज किया जावे
**पुराना नाम**
**मंताशः (Mantashah)**
**नया नाम**
**मेहक रक्षित (Mehak Rakshit)**
**पत्नी बिप्लब रक्षित**
**W/o. Biplab Rakeshit**

**-:जाहिर सूचना:-**
**कृषि भूमि स्थित वार्ड न. 17 ग्राम पिपलिया लोरका मंडीदीप तह. गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र.,**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने श्री राजेश जैतपुरिया आ. श्री हरगोविन्द जेतपुररिया निवासी पी एन 86ए, जानकी नगर, चुना भटटी, भोपाल तह. हुजूर जिला भोपाल, म.प्र.। की भूमि ग्राम पिपलिया लोरका मंडीदीप तह. गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र., में स्थित है, जिसका खसरा क्रमांक 151/2/2, रकवा 2.00 एकड भूमि के विक्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार से किया गया हैं, एंव बयाना/टोकन राशि अदा कर दी है, जिसके दस्तावेज का पंजीयन शीघ्र होना हैं, उक्त सम्पत्ति के संबंध मे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फायनेश संस्था, फर्म, शासकीय कार्यालय, बैंक के.सी.सी. का किसी भी प्रकार का बकाया या आपत्ति हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, गिरवी, वसीयत, हिबा, हस्तांतरण, इत्यादि हो, तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरे पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति का पंजीयन करा लेगा ऐसी स्थिति में कोई अपत्ति मान्य नही होगी।
भवदीय **सरिता शौर्या** अधिवक्ता
Office:-Chitransh Enterprises(Chitransh Typing) Mandideep, Distt Raisen M.P.
मो-9425301684

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
तृतीय तल, आई.एस.बी.टी. भवन, होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल-462023

NIT No.-03/HFA/2025 Date -26/12/2025

**:: निविदा आमंत्रण ::**
**निविदा क्रमांक 2025_UAD_433701_3**

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भानपुर (रेरा पंजीयन नं. P-BPL-20-2641) स्थल पर निर्माणाधीन आवासों कुल 22 में से शेष 05 एल.आई.जी. 2 बी.एच.के. आवासों का व्ययन उच्चतम निविदा दर के आधार पर किये जाने हेतु ई-निविदा पद्धति के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 29.12.2025 समय 01:30 PM से 30.01.2026 समय 17:30 PM बजे तक आमंत्रित की रही हैं, जिसकी तकनीकी निविदा दिनांक 02.02.2026 को समय 10:30 AM बजे खोली जावेंगी। तकनीकी मूल्यांकन उपरांत योग्य निविदाकारों की वित्तीय निविदा खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी।

उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।
नोट:- ऑनलाईन, ई-निविदा में समस्या होने पर ईमेल- bmcmp.hfa@gmail.com पर मेल करें। अथवा मोबाइल नंबर 9424499880 पर संपर्क करें।

नि.क्र. 2878/025/026
जोनल अधिकारी (HFA)
हाऊसिंग फॉर ऑल
नगर पालिक निगम, भोपाल

# गुरू की भक्ति करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है: संत भगत प्रकाश



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** श्री प्रेम प्रकाश मण्डलाध्यक्ष स्वामी भगतप्रकाश महाराज अमरापुर अपनी संत मंडली साईं डालूराम, साई हरीओम, कमल साई, साईं हरदास के साथ आज संत हिरदाराम नगर पधारे जहां उनका श्रद्धालुओं ने जोरदार स्वागत किया। बाद में दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में अमृतमयी वचनों की वर्षा की गई जिसमें स्वामी भगत प्रकाष महाराज ने कहा कि मनुष्य के अंदर मन एक है लेकिन दिशाएं दो है एक सुख मार्ग और दुख मार्ग एक मार्ग ऐसा है जिसमें दुनिया के विषय विकार होते है जिनमें पहले सुख दिखाई देता है बाद में उसका परिणाम दुखदायी होता है और एक ऐसा मार्ग है भक्ति का, नाम सिमरन का जिसमें पहले तकलीफ और दुख जरूर दिखाई देता है लेकिन अंत में उसका परिणाम सुखरूप होता है, ठीक वैसे ही रेगिस्तान में रेत में जब सूरज की किरने पड़ती है तो वह ऐसे प्रतित होती है जैसे पानी की धारा तब जंगल में रहने वाले पशु पक्षी पानी समझकर उसे पीने जाते है लेकिन वे चलते जाते है पर उन्हें पानी नहीं मिलता है। मनुष्य की यही सोच होती है कि मेरी यह ईच्छा पूरी हो जाए तो सब ठीक हो जाएगा लेकिन एक इच्छा पूरी होने पर दूसरी इच्छा जागृत हो जाती है। मनुष्य चोला ऐसा चोला है जिसके लिए देवता भी तरसते है क्यो कि गुरू की भक्ति करने का अवसर मनुष्य चोले में ही मिलता है और गुरू की भक्ति करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है साथ ही परम आनन्द की भी प्राप्ति होती है। सत्संग कार्यक्रम में कार्यक्रम के प्रवक्ता बसंत चेलानी एवं आश्रम के सेवाधारी नारायणदास लालवानी, राजकुमार झमटानी, अर्जुन बेलानी, मनोहर लालवानी, सतीष धर्मानी, प्रभुदास मूलचंदानी, कन्हैयालाल शीतलानी, दयालदास चंगलानी, विष्णु गेहानी, भगवानदास वीधानी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने प्रवचनों का आनंद उठाया। यहां बड़ी संख्या महिलाएं भी मौजूद थी और सभी ने स्वामी भगतप्रकाश महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया।

## SUDOKU 100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 8 | 6 | | | 7 | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 4 | | | | 2 |
| | | 6 | | | | | | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| 7 | | | | | | | | 5 |
| 9 | | | 1 | | | | | |
| | | | | | | 2 | | |
| 3 | | | | 2 | 9 | | 6 | 4 |
| 6 | 4 | | | 8 | 1 | 7 | | |

## SOLUTIONS 99

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 1 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 8 | 4 | 7 |
| 7 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष :** परिश्रम का लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मिथुन :** सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कर्क :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे।

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी।

**कन्या :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**तुला :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। प्रतिष्ठा और मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** आज जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव होंगे। सीनियर्स की सलाह से कार्यों की चुनौतियों को हैंडल करने में सफल होंगे। शासन-सत्ता पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** आलस्य का त्याग करें। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए।

**मकर :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कुंभ :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**आज का पंचांग:** 27 दिसंबर शनिवार 2025। **दिशाशूल :** पूर्व। **भद्रा :** दोपहर 01:11 से रात्रि के 12:35 बजे तक। **विशेष :** पंचक। विक्रम संवत 2082 शके 1947 दक्षिणायण, दक्षिणगोल, हेमंत ऋतु पौष मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी तत्पश्चात अष्टमी पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र तत्पश्चात उत्तरभाद्रपद नक्षत्र व्यतिपात योग तत्पश्चात वारियान योग मीन में चंद्रमा। **राहुकाल :** सुबह 9.00 से 10.30 बजे तक रहेगा।

**/ / कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल / /**
क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/884/25 दिनांक :-18/12/2025

**ई-निविदा सूचना**

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दर्शाये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय सहायक पुलिस आयुक्त (हबीबगंज) की बाउण्ड्रीवाल का मरम्मत कार्य। | 1,000/- | 4,89,923/- | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी।
2. निविदा शुल्क एवं ईएमडी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है ।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अनुसूची-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 19/12/2025 के 17.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 19/12/2025 के 17.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 02/01/2026 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 03/01/2026 के 17.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 26/12/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

जी-23397/25 **बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल**
पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.3 | 7.7 |
| मुंबई | 31.8 | 16.9 |
| चेन्नई | 32.8 | 18.4 |
| कोलकाता | 21.2 | 12.9 |

सूर्यास्त 5:42 PM
सूर्योदय 7:00 AM
चन्द्रोदय 11:16 AM
चन्द्रास्त 11:24 PM

# भाजपा नेता ने कार से पांच को रौंदा, भीड़ ने पीटकर पुलिस को सौंपा, हिरासत से भागा

## मुरैना के पोरसा की घटना, दो लोगों की हालत गंभीर, आक्रोशित लोगों ने हाईवे किया जाम



**जागरण, मुरैना।** प्रदेश में मुरैना जिले के पोरसा कस्बे में भाजपा नेता ने तेज रफ्तार कार से 5 लोगों को रौंद दिया। इसके बाद नेता की कार एक अन्य वाहन से टकराई। घटना से आक्रोशित भीड़ ने आरोपी नेता को पकड़कर धुनाई लगा दी और उसे पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन कुछ देर बाद ही वह पुलिस हिरासत से फरार हो गया। आरोपी की पहचान भाजपा युवा मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र भदौरिया के रूप में हुई है। लोगों के मुताबिक आरोपी नशे में धुत था। पांच में से तीन लोग एक ही परिवार के हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर है। घटना के बाद भीड़ ने पोरसा में नेशनल हाईवे पर जाम लगाया। उन्होंने आरोपी भाजपा नेता को पकड़ने की मांग की है। सूचना मिलने पर मौके पर एसडीओपी रवि भदौरिया घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने गुस्साई भीड़ को समझाइश देते हुए जल्द आरोपी को पकड़ने का आश्वासन दिया। एसडीओपी के सामने ही लोगों ने पुलिस पर आरोपी नेता को भगाने का आरोप लगाया। करीब 20 मिनट तक जाम लगा रहा। एसडीओपी के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के आश्वासन पर लोग माने।

दो को गंभीर हालत में मुरैना रेफर किया

दो घायलों को गंभीर हालत में मुरैना रेफर किया है। एक घायल युवक ने इलाज कराने से इनकार कर दिया, उसका आरोप है कि पुलिस ने आरोपी नेता को भगाया है। उसने कहा कि पहले पुलिस आरोपी को पकड़े तब इलाज कराऊंगा।

पांच लोगों को टक्कर मारीः एसडीओपी

एसडीओपी रवि भदौरिया ने बताया कि कुल पांच लोगों को टक्कर मारी गई थी। तीन एक ही परिवार हैं। इनमें एक 11 साल का बच्चा भी है। घायलों की पहचान अभिषेक तोमर, कमलेश राठौर, रामदत्त राठौर, गिर्राज राठौर और अन्नू लक्षाकार (11) के रूप में हुई। इनमें कमलेश और रामदत्त की हालत गंभीर है।

## सांवलिया सेठ से लौट रहे दोस्तों की कार ट्रक में घुसी, तीन की मौत

### तीनों मृतक मंदसौर के निवासी कार के परखच्चे उड़े, एक गंभीर



**जागरण, नीमच।** सांवलिया सेठ के दर्शन कर राजस्थान से लौट रहे दोस्त बार्डर पर हादसे का शिकार हो गए। इन दोस्तों की तेज रफ्तार कार ट्रक में पीछे से घुस गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और चार में दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चौथा दोस्त गंभीर रूप से घायल है। यह भीषण हादसा नीमच के नयागांव के पास हुआ, मंदसौर निवासी चारों दोस्तों की आई-20 कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। चारों दोस्त सांवलिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे थे। नयागांव बैरियर और फाटक के पास कार अचानक अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे ट्रॉले के पीछे जा घुसी। मृतकों की पहचान मल्हारगढ़ निवासी युवा व्यवसायी पिंकेश मांदलिया, उनके साथी भारत मोरी (डांगी) और लसूडि़या कदमाला निवासी गोवर्धन लसूडि़या के रूप में हुई है, वहीं भैंसाखेड़ा निवासी राय सिंह पिता गोरा कछावा गंभीर रूप से घायल हैं। उसकी हालत भी नाजुक बताई जा रही है। पिंकेश मांदलिया अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के सक्रिय सदस्य थे। उन्होंने अपने दो मित्रों के साथ सांवलिया सेठ के मंदिर से सेल्फी खींचकर पोस्ट की थी। उनके निधन से मल्हारगढ़ नगर के व्यापारिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में शोक की लहर फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## बच्चे ही जांच रहे थे परीक्षा की कॉपी, लगाते रहे अंकों का जोड़

### अर्द्धवार्षिक परीक्षा की हैं कॉपियां वीडियो वायरल

**जागरण, शिवपुरी।** परीक्षा के नाम पर सरकारी स्कूलों द्वारा की जा रही लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया। शिवपुरी जिले के एक गांव के माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी ही खुले मैदान में बैठकर परीक्षा की कॉपियां जांचते दिखे। प्रश्नों की जांच करने के बाद अंकों का जोड़ भी ये बच्चे बमुश्किल कर पा रहे थे। बावजूद इसके उन्हें कॉपियों का पूरा बंडल मूल्यांकन के लिए थमाया गया था। स्कूल के ग्राउंड में बैठकर परीक्षा की उत्तरपुस्तिका जांच रहे इन बच्चों का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। यह वीडियो जिले के खनियाधाना विकासखंड स्थित औढ़ी माध्यमिक विद्यालय का बताया गया है। जानकारी के अनुसार इस विद्यालय में छमाही परीक्षाएं 8 दिसंबर से 13 दिसंबर के बीच आयोजित की गई थीं।

इन्हीं परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं बच्चों के हाथों में हैं। वीडियो सामने आने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक खेमचंद्र कोली ने सफाई देते हुए कहा कि यह वीडियो 4-5 दिन पुराना है। इसे विद्यालय के ही एक शिक्षक ने रंजिश के कारण बनवाया है। कोली का कहना है कि वे उत्तरपुस्तिकाएं कुर्सी पर रखकर किसी अन्य कार्य से बाहर गए थे, इसी दौरान रंजिश पाले शिक्षक ने बच्चों को कॉपियां देकर वीडियो बना वायरल कर दिया। वहीं खनियाधाना के बीआरसीसी संजय भदोरिया ने मामले को गंभीर लापरवाही बताते हुए जांच कराने की बात कही है।

## आरक्षक आत्महत्या मामले में महिला अतिथि शिक्षक गिरफ्तार

**जागरण, मैहर।** जिले के रामनगर क्षेत्र में स्थित सरकारी क्वार्टर में 15 अगस्त को फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले आरक्षक संजय यादव के मामले में पुलिस ने महिला अतिथि शिक्षक क्रांति बेलदार को गिरफ्तार किया है। महिला मूल रूप से बिरसिंहपुर क्षेत्र की रहने वाली है और सांदीपनि विद्यालय मझगवा में अतिथि शिक्षक के पद पर पदस्थ थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक आरक्षक संजय यादव और आरोपी महिला के बीच लंबे समय से संपर्क था। आरोप है कि महिला लगातार आरक्षक पर पैसों की मांग को लेकर दबाव बना रही थी, उसने एसपी से आरक्षक की शिकायत करने की धमकी दी थी। इस मानसिक दबाव और प्रताड़ना से आरक्षक काफी तनाव में था। धमकी से आहत आरक्षक संजय यादव ने यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की थी। जांच के दौरान मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल्स, संदेशों और परिजनों के बयान के आधार पर महिला की भूमिका संदिग्ध पाई गई। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने कई अहम जानकारियां दीं।

## रेस्क्यू की गई मादा तेंदुआ का काटना पड़ा पंजा

**जागरण, इंदौर।** रेस्क्यू कर इंदौर लाई गई मादा तेंदुए का पंजा काटना पड़ा है। इस कारण मादा तेंदुए अब तीन पंजों पर चलेगी। चूंकि मादा तेंदुआ शिकारियों के फंदे में फंसी थी। मादा तेंदुआ का महू के पास हरसोला के जंगल से रेस्क्यू किया था। दरअसल 5 से 6 साल की मादा तेंदुआ क्लच वायर में फंसी हुई मिली थी। पैर का पंजा घायल था। नवंबर माह में वन विभाग को सूचना मिली थी। इसके बाद रालामंडल की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची थी। मादा तेंदुआ को रेस्क्यू कर चिड़ियाघर पहुंचाया था। डॉक्टरों ने पैर की सर्जरी की। रेस्क्यू कर लाई गई मादा तेंदुआ को वन विभाग ने लेने से इंकार किया है। चिड़िया घर प्रबंधन कई बार लेटर लिख चुका हैं।



### डिंडोरी कलेक्टर भदौरिया को खाली मिला अस्पताल

## सिविल सर्जन से बोलीं- यहां नहीं बैठना तो ताले लगा दें, घर पर करते रहना प्रैक्टिस

### सिविल सर्जन सहित आठ डॉक्टरों को दिए नोटिस, आयुष्मान मित्र भी था नदारद



**जागरण, डिंडौरी।** लगातार मिल रहीं शिकायतों के बाद अचानक अस्पताल पहुंचीं कलेक्टर को डिंडोरी का पूरा अस्पताल ही खाली मिला। सिविल सर्जन सहित अधिकांश चिकित्सकों के कमरे 11 बजे भी खाली पड़े थे। मरीज और उनके परिजन हाल-बेहाल थे। नजारा देख कलेक्टर ने सिविल सर्जन को फोन लगाया तो वह झट से झूट बोल गए, कलेक्टर ने सख्ती दिखाई तो दौड़े-दौड़े अस्पताल पहुंचे। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने फटकार लगाते हुए कहा- आपको और डॉक्टरों को यहां नहीं बैठना है तो ताले लगा देते हैं। फिर घर पर बैठकर आराम से करते रहना प्रायवेट प्रैक्टिस। कलेक्टर ने सिविल सर्जन और आठ चिकित्सकों सहित अस्पताल के आधे से ज्यादा स्टॉफ को नोटिस थमाए हैं। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया शुक्रवार को सुबह 11 बजे एसडीएम भारती मरावी के साथ जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचीं। कलेक्टर जब अस्पताल पहुंची तो सिविल सर्जन अजय राज भी अस्पताल में मौजूद नहीं थे। कलेक्टर ने उन्हें फोन कर तत्काल बुलाया और फटकार लगाते हुए कहा कि मैंने आपको फोन लगाया आपने झूठ क्यों बोला। वे सॉरी बोले तो कलेक्टर ने कहा सॉरी से काम नहीं चलेगा। आपको तो यहां बैठना नहीं है और गैरहाजिर डॉक्टरों से भी कह दीजिए कि ताला लगा दें, घर बैठे और प्राइवेट प्रैक्टिस करें, यहां के मरीज गरीब हैं, चाहे जैसे अपना जीवन जीएं। जागरण से चर्चा में कलेक्टर भदौरिया ने बताया कि अस्पताल का निरीक्षण कर सिविल सर्जन और आठ चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

**भर्ती मरीजों को भी नहीं देखते :** अपनी बेटी को लेकर घूम रही एक महिला ने बताया कि चार दिन से वैक्सीन लगवाने भटक रही है। कोई नहीं मिलता। एक मरीज ने बताया कि वह चार दिन से भर्ती है, लेकिन आज तक कोई डॉक्टर देखने तक नहीं आया। सिविल सर्जन डॉ. अजय राज, बीएमओ डिंडोरी डॉ. कमलेश राज, डॉ. धनराज, डॉ. सुरेश मरावी, डॉ. मिनी मोरवी, डॉ. शिवम, डॉक्टर रंगारे, डॉ. अमित जैन, अस्पताल प्रबंधक योगेंद्र उइके। इनके अलावा आयुष्मान मित्र को भी नोटिस दिया गया है।

## अस्पताल में दवाइयों के स्टोर रूम में लगी आग, डेढ़ घंटे में पाया जा सका काबू



**जागरण, ब्यावरा।** राजगढ़ जिला अस्पताल के दवाई स्टोर रूम में शुक्रवार शाम आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना लगते ही कोतवाली पुलिस, नपा और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। दमकल कर्मचारियों ने अस्पताल के 5 गेट की ओर से आग पर पानी डालकर आग पर काबू पाया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे में आग बुझाई जा सकी। स्टोर रूम से निकल रही आग की पलटों को बुझाने के लिए दमकलों के अलावा पानी के अतिरिक्त टैंकर और अन्य संसाधन भी बुलाए गए। आग लगने से फ्रिज फटने के साथ अलमारी जल गई। कुर्सी और अन्य सामग्री जल गई।

## खंडवा में गुजरात पुलिस की हिरासत से भागा रेप का आरोपी

### होटल के शौचालय की खिड़की तोड़कर हुआ फरार

**जागरण, खंडवा।** गुजरात पुलिस की हिरासत से रेप का आरोपी फरार हो गया। गुजरात पुलिस उसे दुष्कर्म के मामले में साक्ष्य जुटाने खंडवा लेकर पहुंची थी। आरोपी त्रिमूर्ति होटल में ठहरा हुआ था। यहां रात को उसने शौचालय की खिड़की तोड़ी और होटल से बाहर निकलकर रफूचक्कर हो गया। फरार आरोपी राजस्थान का रहने वाला है और उस पर गुजरात की एक नाबालिग से अपहरण और दुष्कर्म का आरोप है। सूरत जिले के पुनागांव थाना पुलिस आरोपी पुष्पेंद्र उर्फ सोनू उर्फ दीपू पिता शिवरामसिंह गुर्जर (25) निवासी बाड़ीगांव, जिला धौलपुर (राजस्थान) को साक्ष्य जुटाने खंडवा लाई थी। पुलिस टीम पुराना बस स्टैंड स्थित त्रिमूर्ति होटल के कमरे नंबर 106 में रुकी थी। इसी दौरान आरोपी ने लघुशंका का बहाना बनाकर टॉयलेट जाने की अनुमति मांगी। आरोपी के दोनों हाथों में हथकड़ी लगी थी, लेकिन टॉयलेट जाने के कारण एक हाथ की हथकड़ी खोल दी, जबकि दूसरा हाथ हथकड़ी सहित खुला था। इसी हथकड़ी की मदद से आरोपी ने टॉयलेट में लगी कांच की खिड़की तोड़ दी और उसी रास्ते से बाहर निकलकर फरार हो गया। पुनागांव थाना सूरत के पुलिस अधिकारी दिलुभा बोराना ने इस संबंध में खंडवा कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि आरोपी नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार था और पुलिस कस्टडी से फरार हो गया है। गुजरात पुलिस की शिकायत पर खंडवा कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



## बिजनेस प्लस

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने देशभर में मनाया 115वां स्थापना दिवस

**भोपाल।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने देशभर में विविध स्मरणीय कार्यक्रमों के साथ अपना 115वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम नागराजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नागराजू ने देश की बैंकिंग प्रणाली को सुदृढ़ करने तथा समावेशी आर्थिक विकास को समर्थन देने में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला के कथन का उल्लेख करते हुए कहा, एक अच्छे बैंक के लाभ केवल उसके बैंकिंग हॉल की चार दीवारों तक सीमित नहीं होते, न ही वे उसके बैंकिंग व्यवसाय की सीमाओं तक बंधे रहते हैं, वे व्यापार, उद्योग तथा आर्थिक गतिविधि की प्रत्येक शाखा तक व्यापक रूप से विस्तारित होते हैं। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कल्याण कुमार ने एम नागराजू के विशिष्ट करियर पर प्रकाश डाला। कल्याण कुमार ने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया व्यापक अखिल भारतीय नेटवर्क के माध्यम से देश की आर्थिक गतिविधियों को सशक्त बनाने में योगदान दे रहा है। ग्राहक सेवा एवं शिकायत निवारण पर आधारित एक हैंडबुक का औपचारिक विमोचन भी एम नागराजू द्वारा किया गया।

### सिस्टेक बिजनेस स्कूल में ई-लर्निंग पर विशेषज्ञ सत्र का आयोजन

**भोपाल।** सागर ग्रुप ने सिस्टेक बिजनेस स्कूल स्टूडेंट चैप्टर ने अपने सिस्टेक गांधी नगर कैम्पस में भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन के सहयोग से ट्रेनिंग और डेवलपमेंट में ई-लर्निंग के प्रभाव विषय पर विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य डिजिटल लर्निंग से प्रशिक्षण एवं विकास की बदलती भूमिका को उजागर करना रहा। सत्र में मुख्य वक्ता स्वप्निल त्रिपाठी, सह-संस्थापक एवं मुख्य राजस्व अधिकारी डब्ल्यूई360 एआई रहे। उन्होंने ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म की उपयोगिता, कॉर्पोरेट प्रशिक्षण में तकनीक की भूमिका तथा डेटा-आधारित प्रशिक्षण प्रणालियों पर विचार साझा किए, उनके उद्बोधन ने विद्यार्थियों को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य की कौशल अपेक्षाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन के सचिव शंकर कृष्णन एवं महाप्रबंधक डॉ. आमिर की मौजूदगी रही। कार्यक्रम सिस्टेक के प्रिंसिपल डॉ. मनीष बिल्लोरे और डॉ. नेहा जैन, विभागाध्यक्ष, सिस्टेक बिजनेस स्कूल ने संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी का अपने संबोधन से स्वागत किया।



## मां और दो मासूम बेटे कमरे में फंदे से लटके मिले



### रहली थाने के ग्राम मैनाई में लोमहर्षक घटनाक्रम गांव में पसरा मातम

**जागरण, सागर/रहली।** सागर जिले के थाना रहली के ग्राम मैनाई में शुक्रवार की सुबह मां और उसके दो मासूम बेटों की आत्महत्या का मामला सामने आया है। तीनों के शव उनके घर के कमरे में फंदे से लटके मिले। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घटना की वजह क्या है। पुलिस की शुरआती जांच में भी सुसाइड ही बताई गई है। बहरहाल, घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है और लोग दुख के साथ हैरत में भी हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रहली थाना क्षेत्र का छोटा-सा गांव मैनाई है जहां लोधी परिवार सामूहिक रूप से एक ही मकान में रहता है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार की देर शाम की है। यहां घर के सबसे पीछे वाले कमरे में रचना लोधी पति राजेश उम्र 28 वर्ष और उसके दो बेटे ऋषभ उम्र 5 वर्ष व राम उम्र 2 वर्ष के शव फंदे पर लटके पाए गए। मृतका के जेठ बृजेश लोधी ने पुलिस को बताया कि वे अपने छोटे भाई और मृतका के पति राजेश लोधी के साथ गुरुवार की रात करीब 8 बजे सिंचाई करने के लिए अपने खेत पर गए थे। रात 9.45 पर लौटे तो राजेश अपने कमरे में चला गया। कुछ ही समय के बाद अचानक राजेश जोर से चिल्लाया और कमरे में आने के लिए बुलाया।

किसी अनहोनी को भांपकर बृजेश के साथ घर पर मौजूद अन्य परिजन भी जब राजेश के कमरे में पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर उनकी रूह कांप गई। कमरे की म्यारी में तीन रस्सियां बंधी हुई थीं। बाएं तरफ रचना, उसके बाजू में बेटा ऋषभ और तीसरी रस्सी में बेटा राम के शव लटके हुए थे। परिजनों ने तत्काल ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को फंदे से उतारकर पंचनामा करने के लिए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए और गांव में गमगीन माहौल में दो मासूम और मृतका मां का अंतिम संस्कार किया गया।

**मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड**
(नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन)
अमरकण्टक भवन, प्रेस काम्पलेक्स, एम पी नगर, भोपाल (म.प्र.)- 462011
E-mail : kbhatnagar@mpurban.gov.in, dpdt2@mpurban.gov.in
Tel: 91-755-2763060, CIN No. U75110MP2015SGC034139
क्र. MPUDC/PMU/2025/8755 दिनांक : 26.12.2025

**रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (डायरेक्ट)**

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा मध्यप्रदेश राज्य में पूल्ड म्यूनिसिपल बॉण्ड्स ज़ारी करने के लिये क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी नियुक्त करने हेतु सिक्योरिटीज़ एण्ड एक्सचेंज़ बोर्ड ऑफ इण्डिया (सेबी) में पंजीकृत योग्य एजेन्सी से योग्यता के आधार पर रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (डायरेक्ट) आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत वितरण तथा संबंधित जानकारी ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://mptenders.gov.in** (Madhya Pradesh Urban Development Company Limited- MDB Tender no. 2025_MPUDC_471026) पर उपलब्ध है। विस्तृत प्रपत्र दिनांक 30.12.2025 अपरान्ह 15.00 बजे से ऑनलाइन उपलब्ध है। **रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (डायरेक्ट)** ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 19.01.2026 अपरान्ह 02:30 बजे तक है।
अधोहस्ताक्षरकर्ता बिना कारण बताये किसी भी अथवा समस्त प्रस्तावों को मान्य अथवा अमान्य करने अथवा विज्ञप्ति को निरस्त करने के लिये स्वतंत्र है। आरएफपी में किसी भी प्रकार के संशोधन की जानकारी ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर ही उपलब्ध कराई जायेगी।
म.प्र. माध्यम/123683/2025 **उप परियोजना संचालक (तकनीकी)**

## कैदियों के फरार होने से सबक, जेल से हटाएंगे भागने में मददगार चीजें

### जांच के लिए पहुंचे डीजी जेल वरुण कपूर ने दी जानकारी



**जागरण, खाचरौद।** उज्जैन जिले की उपजेल खाचरौद से पुताई के उपयोग में आने वाली सीढी के सहारे दीवार पर चढ़कर भागे तीन कैदियों के मामले में जेल विभाग ने सबक लेते एक बड़ा निर्णय लिया है। जेल में रखी ऐसी वस्तुओं को एक अभियान के तहत चिह्नित कर हटाया जाएगा, जो कैदियों को भागने में मददगार साबित होती हैं। यह बात जेल डीजी वरुण कपूर ने घटना को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कही। डीजी शुक्रवार शाम उपजेल खाचरौद में जांच के लिए पहुंचे थे। लगभग 30 मिनट तक उन्होंने जेल के अंदर मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद उपजेल परिसर में पत्रकारों से चर्चा की।

### तीन अधिकारी निलंबित, अभी नहीं मिला सुराग

डीजी जेल कपूर ने बताया इस घटना के बाद तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया है। अभी तक फरार आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि पुताई की एक सीढ़ी का उपयोग कर कैदी दीवार फांदकर भागने में सफल हुए। तीन अधिकारियों में वर्तमान जेलर नवीन नेमा, नीमच जेल के सहायक अधीक्षक मनोज कुमार चोरसिया और जेल प्रहरी रितेश कटारा के नाम का अपने खुलासा किया। मनोज चोरसिया इन दिनों नीमच में पदस्थ हैं, जिनका स्थानांतरण खाचरौद किया था, लेकिन उन्होंने समय पर ज्वाइन करने में लापरवाही की। इसी कारण उन पर कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान सर्किल जेलर अधिकारी लक्ष्मण सिंह भदौरिया, सेंट्रल जेल अधीक्षक मनोज साहू, खाचरौद एसडीओ आकांक्षा बैछोटे, थाना प्रभारी नलसिंह नलवाया भी मौजूद थे। यह था घटनाक्रम उपजेल से गुरुवार शाम लगभग 5 बजे तीन कैदी गोविंद निवासी नागदा, गोपाल निवासी गांव मालाखेड़ी और नारायण निवासी गांव चंदवासला भागने में सफल हुए थे।

## छतरपुर जेल के जेलर दिलीप सिंह जाटव को हटाया, दो प्रहरी सस्पेंड

**जागरण, छतरपुर।** दुष्कर्म के कैदी द्वारा जिला जेल की छत से कूदकर आत्महत्या करने के मामले में सख्ती दिखाते हुए राज्य शासन ने जेलर दिलीप सिंह जाटक को हटा दिया है। जाटव की जगह केंद्रीय जेल रीवा के उप जेल अधीक्षक योगेंद्र परमार को छतरपुर जिला जेल का जेलर का प्रभार सौंपा गया है। वहीं दो जेल प्रहरियों को भी लापरवाही के चलते निलंबित किया गया है। जेलर जाटव पर पिछले दिनों कैदियों से वसूली के आरोप भी लगे थे। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। गुरूवार को उम्रकैद की सजा पाने वाले कैदी की आत्महत्या के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं डॉ. वरूण कपूर ने शुक्रवार को आदेश जारी किए हैं। वहीं सतना सेंट्रल जेल की अधीक्षक लीना कोष्टा शुक्रवार शाम छतरपुर जिला जेल पहुंची। उन्होंने बताया कि ने बताया कि गुरुवार को हुई घटना में ड्यूटी पर तैनात प्रहरियों ने सुरक्षा रखने में चूक की पाई गई है। इसके चलते लापरवाही करने वाले जेल प्रहरी अंकित मिश्रा और सुरेंद्र तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। शासन ने कैदी की मौत के बाद सतना सेंटल जेल अधीक्षक को जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी।

**OFFICE OF THE SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI KHILCHIPUR**
Distt. : RAJGARH
No./Nirman/25-26/613 Dated : 23.12.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Name & Place of work 01 **Tender Number : 2025_MPSAM_470656_1** Paver block laying work infront of office building at mandi yard Khilchipur (PAC amount Rs. 8.32 Lac), work 02 **Tender Number : 2025_MPSAM_470657_1** Strengthening of internal cc pavement (20 mm Bitumin carpet work) from main gate to well at mandi yard Khilchipur (PAC amount Rs. 16.63 Lac), work 03 **Tender Number : 2025_MPSAM_470658_1** Repair and maintenance work for existing sheds at mandi yard Khilchipur (PAC amount Rs. 16.66 Lac),work 04 **Tender Number : 2025_MPSAM_470659_1** Construction of Main gate at Mandi Khilchipur (PAC amount Rs. 4.17 Lac), The following works Tender to be **received online up to 17:30 PM on Dated 20.01.2026** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**
**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www. mpmandiboard.gov.in**
M.P. Madhyam/123671/2025 **SECRETARY**

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

-367 **85,041**

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Titan Company | 4006.90 | 2.12% |
| Nestle | 1,277.00 | 1.02% |
| Hindalco | 874.75 | 0.98% |
| Cipla | 1,510.90 | 0.65% |
| NTPC | 325.75 | 0.48% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Asian Paints | 2,743.00 | -1.40% |
| Shriram Finance | 956.70 | -1.38% |
| Tech Mahindra | 1,608.00 | -1.18% |
| TCS | 3,271.80 | -1.18% |
| Bajaj Finance | 998.00 | -1.16% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| डॉलर | 89.85 |
| यूरो | 105.75 |
| येन | 0.574 |
| पौंड | 121.16 |

# रेयर अर्थ मैग्नेट के लिए चीन ने शुरू किया लाइसेंस जारी करना

### भारत के ऑटो और ईवी उद्योग को बड़ी राहत

**मुंबई, जेएनएन।** चीन ने भारत में रेयर अर्थ मैग्नेट (आरआईएम) के आयात के लिए लाइसेंस जारी करना शुरू कर दिया है। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि चीनी प्राधिकारी भारतीय कंपनियों के साथ विदेशी कंपनियों की भारतीय इकाइयों को धीरे-धीरे लाइसेंस जारी कर रहे हैं। इस सूची में शामिल कुछ कंपनियों में जय उशीन, वाहन के कल पुर्जे बनाने वाली जर्मन कंपनी कॉन्टिनेंटल एजी की भारतीय इकाइयां, महिंद्रा के डीलर या वेंडर, मारुति सुजुकी के डीलर या वेंडर और होंडा स्कूटर एंड मोटरसाइकिल के आपूर्तिकर्ता या वेंडर शामिल हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि हालांकि यह धीमी शुरुआत है, लेकिन चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने आवेदनों को पर काम करना और उन्हें मंजूरी देना शुरू कर दिया है। कुछ कंपनियों को अनुमोदन प्राप्त हुए हैं। प्रक्रिया अब शुरू हो गई है।



**अमेरिका के जवाब में लगाए थे मानदंड**

अमेरिका द्वारा चीनी उत्पादों पर बढ़े हुए शुल्क लगाए जाने के जवाब में चीन ने निर्यात लाइसेंसिंग मानदंड लगाए थे, लेकिन दुनिया भर के देश इन प्रतिबंधों से प्रभावित हो रहे हैं। नियमों के तहत अगर आयातक यह गारंटी देते हैं कि सामग्रियों का कोई दोहरा इस्तेमाल या रक्षा संबंधी उपयोग नहीं होगा, तो चीनी विक्रेताओं को अब निर्यात मंजूरी मिलेगी। हालांकि यह प्रक्रिया जटिल और लंबी है।

आरईएम के वैश्विक उत्पादन और इसकी क्षमता के मामले में चीन का दबदबा है। चीन ने 4 अप्रैल से इसके निर्यात प्रतिबंध लगा रखा है। वाहन व कल पुर्जे, इलेक्ट्रॉनिक्स, चिकित्सा उद्योग सहित रक्षा उद्योगों के लिए रेयर अर्थ मैग्नेट महत्वपूर्ण हैं।

**मारुति सुजूकी का टिप्पणी से इंकार:** मारुति सुजूकी और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने सवालों पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। जय उशीन, कॉन्टिनेंटल एजी, होंडा स्कूटर एंड मोटरसाइकिल ने ईमेल किए गए सवालों का जवाब नहीं दिया। भारत के वाहन उद्योग ने चीन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों पर भारत सरकार के समक्ष चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि चीन के वाणिज्य मंत्रालय से इन महत्वपूर्ण कच्चे माल के आयात को मंजूरी देने में देरी से इलेक्ट्रिक वाहनों सहित भारतीय वाहन निर्माताओं के उत्पादन पर विपरीत असर पड़ रहा है।

**भारत ने कई बार की चीन से बात**

महत्वपूर्ण कच्चे माल के शिपमेंट के लिए आवेदनों पर कार्यवाही में देरी को लेकर भारत सरकार ने पिछले 6 महीनों के दौरान चीनी प्राधिकारियों से कई बार बात की है। जून में नई दिल्ली दौरे के दौरान चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से वादा किया था कि चीन रेयर अर्थ मिनरल्स के साथ अन्य वस्तुओं के निर्यात प्रतिबंधों में ढील देगा। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि आवेदनों के प्रसंस्करण में व्यवधान और देरी के बावजूद उद्योग जगत इसके प्रबंधन और उत्पादन जारी रखने का तरीका खोजने में सफल रहा है। इस बीच पिछले महीने केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कई उद्योगों के लिए महत्ववपूर्ण कच्चे माल के आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए रेयर अर्थ मैग्नेट्स के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 7,280 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है।

# एनकोरा को खरीदेगी आईटी सेवा क्षेत्र की मिड-कैप कंपनी कोफोर्ज

### दुनिया में इंजीनियरिंग सर्विस सेक्टर में 2.35 अरब डॉलर का यह चौथा सबसे बड़ा सौदा होगा



**मुंबई, जेएनएन।** आईटी सेवा क्षेत्र की मिड-कैप कंपनी कोफोर्ज ने अमेरिका की आर्टिफिशल इंटेलिजेंस कंपनी एनकोरा का 2.35 अरब डॉलर में अधिग्रहण करने की घोषणा की। यह सौदा शेयरों में होगा। यह वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे बड़ा इंजीनियरिंग सेवाओं से जुड़ा अधिग्रहण और किसी भारतीय सेवा प्रदाता द्वारा किया सबसे बड़ा अधिग्रहण होगा। इससे कोफोर्ज की आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) क्षमताओं को काफी बढ़ावा मिलने व भौगोलिक विस्तार होने की उम्मीद है।

कोफोर्ज इसके जरिए एडवेंट, वारबर्ग पिनकस और अन्य अल्पांश शेयरधारकों से बिजनेस लेगी। इस सौदे के लिए कोफोर्ज 1.89 अरब डॉलर कीमत के शेयरों का तरजीही आवंटन करेगी। सौदा पूरा होने पर एनकोरा के शेयरधारकों के पास विलय के बाद बनी कंपनी में 20 फीसदी हिस्सेदारी होगी। निवेशकों को निदेशक मंडल (बोर्ड) में दो नामित निदेशकों को नियुक्त करने और प्रमुख समितियों में प्रतिनिधित्व करने का अधिकार होगा। संयुक्त कारोबार का संचालन 14 प्रतिशत के एबिट मार्जिन पर होने की उम्मीद है और अधिग्रहण से वित्त वर्ष 2027 में ईपीएस बढ़ने की उम्मीद है।

**कोफोर्ज के लिए यह सौदा अच्छा : जैन**

कंपनी को उम्मीद है कि एआई आधारित उत्पाद इंजीनियरिंग कारोबार 1.25 अरब डॉलर, क्लाउड सेवाएं 50 करोड़ डॉलर और डेटा इंजीनियरिंग कारोबार 25 करोड़ डॉलर का होगा। इसके अलावा, अधिग्रहण के बाद कोफोर्ज के उच्च स्तर की तकनीक और स्वास्थ्य सेवा कारोबार के तुरंत बढ़ने की उम्मीद है। दोनों अलग-अलग तौर पर सालाना 17 करोड़ डॉलर के राजस्व पर काम करेंगे। तकनीकी सलाहकार फर्म ईआईआईआर ट्रेंड के संस्थापक पारीख जैन ने कहा कि कोफोर्ज के लिए यह सौदा अच्छा है। वह दूसरी कंपनियों का अधिग्रहण कर रही है। उसने पहले भी अच्छी कंपनियों को खरीदा है। इस सौदे से वह नए क्षेत्रों में प्रवेश कर पाएगी और अपने उत्पादों को ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचा पाएगी।

# सेंसेक्स 367 अंक फिसला, निफ्टी लुढ़ककर 26,050 के नीचे आया

### आईटी और ऑटो शेयरों में देखने को मिली भारी गिरावट

**मुंबई, जेएनएन।** विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में बंद हुए। आईटी और ऑटो शेयरों में भारी गिरावट के चलते सेंसेक्स 367 अंक फिसल गया। वहीं, निफ्टी 50 लुढ़ककर 26,050 के नीचे आ गया। कम कारोबार और किसी बड़े घरेलू संकेत के अभाव में निवेशकों की धारणा कमजोर बनी रही।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 183 अंक की गिरावट के साथ खुला। कारोबार के दौरान इंडेक्स ने 85,378.51 के हाई और 84,937.82 के लो रेंज में ट्रेड किया। अंत में सेसेंक्स 367 अंक यानी 0.43 फीसदी फिसलकर 85,041.45 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 26,121.25 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान इंडेक्स ने 26,144.20 के हाई और 26,008.60 के लो रेंज में ट्रेड किया। अंत में निफ्टी 50 99.80 अंक यानी 0.38 फीसदी टूटकर 26,042.30 पर बंद हुआ। जयोजित इन्वेस्टमेंट्स के हेड ऑफ रिसर्च विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार कमजोरी के साथ बंद हुए। साल के अंत में कारोबार की मात्रा कम रहने और आगामी नतीजों से पहले सतर्क रुख अपनाने के कारण व्यापक स्तर पर मुनाफावसूली देखने को मिली। सांता क्लॉज रैली को लेकर बना उत्साह भी फीका पड़ता दिखा, क्योंकि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में प्रगति जैसे किसी नए पॉजिटिव संकेत का अभाव रहा। वहीं, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली से भारतीय रुपये पर भी दबाव बना रहा। उन्होंने आगे कहा कि लार्ज-कैप शेयरों का प्रदर्शन मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों की तुलना में कमजोर रहा। हालांकि, धातु और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के शेयरों में चुनिंदा मजबूती देखने को मिली, जबकि आईटी, ऑटो और बैंकिंग शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा।



**बाजार के टॉप गेनर्स और लूजर्स**

टाइटन, एनटीपीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे ज्यादा बढ़त दर्ज करने वाले शेयरों में शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और एचसीएल टेक्नोलॉजीज बाजार पर सबसे ज्यादा दबाव डालने वाले शेयर रहे। टाइटन, हिंडाल्को और नेस्ले इंडिया सबसे ज्यादा बढ़त वाले शेयर रहे, जबकि एशियन पेंट्स, श्रीराम फाइनेंस और बजाज फाइनेंस टॉप लूजर्स रहे। व्यापार बाजार भी लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.25 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.04 फीसदी नीचे बंद हुआ।

## वित्त वर्ष 26 में राज्यों ने 38 प्रतिशत ही खर्च किया

**नईदिल्ली, जेएनएन।** राज्यों ने वित्त वर्ष 2026 की अप्रैल से नवंबर की अवधि में पूंजीगत व्यय के लिए अपने वार्षिक आवंटन का महज 38.3 फीसदी रकम ही खर्च की। पूरे वित वर्ष के लिए राज्यों को 9.64 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। यह खुलासा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा तैयार 21 राज्यों की मासिक खाता रिपोर्ट के विश्लेषण से हुआ है।



जिन 21 राज्यों के लिए आंकड़े उपलब्ध हैं उनमें से 16 राज्यों ने वित्त वर्ष 2026 के पहले 8 महीनों के दौरान पूंजीगत व्यय मद में अपने बजट अनुमान का 50 फीसदी से भी कम खर्च किया। तेलंगाना अपने बजट अनुमान का सबसे अधिक 99.8 फीसदी खर्च करते हुए सूची में सबसे आगे है। उसके बाद 92.7 फीसदी उपयोग के साथ हरियाणा, 58.2 फीसदी खर्च के साथ केरल और 52.2 फीसदी उपयोग के साथ असम का स्थान रहा। इसके विपरीत, छह राज्य इस सूची में काफी पीछे रहे।

# चांदी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, निरंतर पांचवें दिन चढ़े भाव

**मुंबई, जेएनएन।** वायदा कारोबार में शुक्रवार को चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिली और यह 9,124 रुपए उछलकर 2,28,107 रुपए प्रति किलोग्राम की नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। यह लगातार पांचवां कारोबारी सत्र रहा, जब वायदा बाजार में चांदी मजबूत हुई है। कीमतों में यह तेजी अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के भाव के 75 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार करने के कारण आई।



मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च 2026 डिलीवरी वाले चांदी वायदा में करीब चार प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जिससे यह सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। 18 दिसंबर के बाद से अब तक चांदी की कीमतों में कुल 29,176 रुपए यानी करीब 14.33 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है।

**सोने का लगातार चढ़ रहा भाव :** इसी तरह जिंस बाजार में सोने की कीमतों ने भी नया इतिहास रच दिया और पहली बार 1.40 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया। लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी के साथ फरवरी डिलीवरी वाले सोने का भाव 1,119 रुपए यानी 0.81 प्रतिशत बढ़कर 1,40,170 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी जबरदस्त उछाल**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। कॉमेक्स पर फरवरी डिलीवरी वाले सोने का वायदा भाव 58.8 डॉलर यानी 1.3 प्रतिशत बढ़कर 4,561.6 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक जिगर त्रिवेदी के अनुसार, शुक्रवार को सोने की कीमतें बढ़कर करीब 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गईं।

## आईफोन 18 प्रो को धाकड़ बनाने में जुटी एप्पल

**मुंबई, जेएनएन।** एप्पल अगले साल लॉन्च होने वाले आईफोन 18 प्रो मॉडल्स को धाकड़ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। कंपनी अगले साल ही अपना पहला फोल्डेबल आईफोन लॉन्च करेगी, लेकिन यह भी ध्यान रख रही है कि इसके आगे प्रो मॉडल्स की चमक फीकी न पड़ जाए। इसलिए कंपनी इन मॉडल्स को एक से बढ़कर एक नए फीचर से अपग्रेड करने की प्लानिंग बना रही है। लीक्स की मानें तो आईफोन 18 प्रो मॉडल्स केवल एनुअल अपडेट नहीं होंगे, बल्कि इनमें शानदार फीचर्स मिलेंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**जबलपुर कृषि विवि में नौकरी..**

कृषि नगर कॉलोनी में चपरासी मुकेश सेन के घर पहुंची। काफी देर तक साथ में बैठे रहने के बाद अचानक मुकेश घर से बाहर निकला और दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद यूडीसी दुर्गाशंकर ने उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता ने रात को ही परिजनों को घटनाक्रम की जानकारी दी। एएसपी जितेंद्र सिंह ने बताया कि युवती के साथ नौकरी का झांसा देने के नाम पर दुष्कर्म किया गया है। मुख्य आरोपी दुर्गाशंकर है, जबकि चपरासी ने वारदात में उसका साथ दिया था।

**होमवर्क नहीं किया तो कपड़े ....**

ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि स्कूल संचालक सहित शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा होमवर्क न करने का कहते हुए बच्चों को अर्ध नग्न कर ठंड में प्रताड़ित किया जाता है। शिकायत मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता भी स्कूल पहुंच गए। हंगामा करते हुए सजा के तरीके पर सवाल उठाए। साथ स्कूल प्रबंधन पर जाति और सामाजिक भेदभाव के आरोप भी लगाए। नाराज ग्रामीणों ने कहा, प्रबंधन द्वारा होमवर्क न करने, देरी से आने वाले बच्चों से भीषण ठंड में स्कूल परिसर की सफाई, झाड़ू लगवाना और पेड़-पौधों में पानी देने जैसे कार्य भी रोजाना कराए जाते हैं। प्राचार्य के कहने पर ड्राइवर और सुरक्षाकर्मी बच्चों से मारपीट करते हैं। डीईओ संजय सिंह तोमर स्कूल पहुंचे और शिकायत सही पाए जाने पर सेंट ऐंजल हाईस्कूल की प्राचार्य समरीन जाफरी, ड्राइवर टीपू जाफरी और सुरक्षाकर्मी अमर सिंह को तत्काल हटाने का निर्देश दिया। स्कूल प्रबंधन पर एक लाख का जुर्माना भी किया गया। डीईओ तोमर का कहना है कि ग्रामीणों की शिकायत सही पाई गई गई है। स्कूल के खिलाफ विभाग स्तर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, स्कूल की हाईस्कूल मान्यता पर भी अगले सत्र में संकट खड़ा हो सकता है।

**एक शब्द मिटाकर जिला ...**

को जारी की गई थी। ईओडब्ल्यू की जांच में खुलासा हुआ है कि ऋण स्वीकृत नहीं होने के बाद कागजों में हेराफेरी कर महज 3 दिन बाद ही 12 नवंबर 2011 को तत्कालीन जीएम नरेंद्र कोरी ने हस्ताक्षर से 65 लाख जारी करने के आदेश भी दे दिए। जांच में खुलासा हुआ कि अल्प बचत समिति की प्रबंधक शशि चौधरी ने नियमों को ताक पर रखकर गैर-सदस्यों से करीब 26.68 लाख रुपए अवैधानिक रूप से जमा कराए। समिति पर यह भी आरोप है कि उन्होंने गारंटरों की राशि नहीं लौटाई और गंभीर वित्तीय गड़बड़ियां कीं। यह घोटाला 1 जनवरी 2011 से 31 दिसंबर 2023 यानी 12 सालों तक चलता रहा। अब ईओडब्ल्यू ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7सी के तहत एफआईआर दर्ज की है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी.)/पूर्व मध्य रेल/ समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेव पोर्टल पर खुली ई–निविदा के रुप में आमंत्रित करती है: निविदा सूचना सं.: टी.सी.–220–2025–एस.पी.जे.।

कार्य का नाम : SSE/Br/ समस्तीपुर के तहत MNE-SHC सेक्शन के बड़े/महत्वपूर्ण पुलों के ब्र. नंबर 44, 45, 47, 52 और 53 के खराब/घिसे हुए/गड्ढे वाले/छेद वाले/कमजोर हिस्सों को बदलना, क्षतिग्रस्त ट्रॉली/मैन रिफ्यूज का पुनर्वास और ब्र. नंबर 47 और 53 के साइड पाथवे उपलब्ध कराना, बचे हुए हिस्से का मेटलाइजिंग और ब्र. नंबर 44, 45, 47, 52 और 53 के पुलों की क्रॉस–गर्डर प्रोटेक्शन स्क्रीन उपलब्ध कराना और ब्र. नंबर 44, 45, 47, 48, 52 और 53 के बेयरिंग इंस्पेक्शन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना। निविदा लागत (रुपये में) : ₹8,76,02,055.74, बयाने की राशि (रुपये में) : ₹5,88,000/–, कार्य की समाप्ति अवधि : 12 माह।

(1) आई.आर.ई.पी.एस. वेव पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय : 16.01.2026 को 12.00 बजे तक। (2) ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 16.01.2026 को 12.00 बजे के बाद। (3) वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:– वेबसाईट: www.ireps.gov.in उपरोक्त निविदा से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

मंडल इंजीनियर/पुल
पूमरे/समस्तीपुर
पीआर/1517/एसपीजे/अभि./टी/25–26/48

**उत्तर मध्य रेलवे**

L. No. JHS-ELG-W-T-09-2025-26-RT दिनांकः 22.12.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.:** झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-09-2025-26-RT, **कार्य का विवरणः विद्युत/जी कार्यः-** झांसी मंडलः- केन नदी पर इंटेक वेल का निर्माण तथा बांदा में पाइप लाइन एवं फिल्टर प्लांट बिछाना।

**निविदा राशि :** ₹ 1,27,17,188/- मात्र | **बयाना राशि :** ₹ 2,13,600/- मात्र
**कार्य समापन अवधिः** 06 माह | **निविदा बंद होने की तिथिः** 15.01.2026 (15:00 बजे तक)

निविदाकार निविदा दिनांक **15.01.2026** को **15:00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 2499/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**

State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal- 462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

**NOTICE INVITING TENDER'S (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender:

| S.No. | Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1. | MPSEDC/ SWAN/ FMS/2025/665 | RFP for selection of agency for Facility Management Services (FMS) for Madhya Pradesh State Wide Area Network (MPSWAN). |

For detail scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal **(www.mptenders.gov.in).**

M.P. Madhyam/123684/2025 **CHIEF GENERAL MANAGER**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)**

क्रमांक/1504/लो.नि.वि./ रतलाम, दिनांक 24.12.2025

**:: ई-निविदा आमंत्रण ::**

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है:–

| क्र | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 470776 | वर्ष 2025-26 हेतु 300 एमएम 450 एमएम आर.सी.सी. पाईप क्रय कार्य एस्टीमेट अनुसार। (प्रथम आमंत्रण) | 1- 12 माह 2- 508630/- | 1- 2000/- 2- 10175/- | 07-01-2026 15:30 |

**नोट :–** निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम, रतलाम**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी ( म.प्र.)**

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

निविदा सू.क्र. 17/नि.प्र./व.ले. लि ./का.य./लो.स्वा.या.वि./25-26 सीधी दिनांक 23.12.2025

निम्न कार्यों हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31.12.2025 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 02.01.2026 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- HANDPUMP REPAIRING AND MAINTANANCE OF SOUTH SIDE OF SONE RIVER (VIDHAN SABHA SIDHI) BLOCK SIHAWAL AND AT EAST SIDE OF SIDHI PART-I (6 HEADQARTER ) BLOCK SIDHI

| S. N. | Tender ID | Name of Block | No Of Hand pump | PAC (Rs.in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_470384_1 | Sidhi | 2583 | 27.63 | 50000 | 5000 | II Call |

जी-23388/25 बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सीधी ( म.प्र. )

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**दिनांकः 24.12.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई–टेन्डर आमंत्रित करते हैं। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बंधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मैंन्युअल ऑफर मान्य नहीं हैं। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानुन 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाए प्रस्तुत करें। **NIT No.:** WCR-BPL-W-25-26-C-30-122, **Date:** 13.12.25, **Name of work including Location:** भोपाल डिवीजनः वरिष्ठ डीईएन/केंद्रीय/भोपाल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बरथ (बीईटी)–भोपाल (बीपीएल)–नर्मदापुरम (एनडीपीएम) खंड में धातु की दुर्घटना अवरोधक सुरक्षा बाड़ और सीमा दीवार का प्रावधान।, **Estimated cost of tender Rs.:** 687902783.47, **Earnest Money:** 3589500.00, **Last date for submitting tender:** 06.01.2026, **Concerned Sr. DEN/DEN:** Sr.DEN (C) BPL, **NIT No.:** WCR-BPL-W-25-26-C-31-123, **Date:** 13.12.25, **Name of work including Location:** भोपाल डिवीजन–संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन आरबी II (12 नग) (जी+2) में स्टाफ कार्टरों का प्रतिस्थापन, जिसमें सीनियर डीईएन/सेंट्रल/भोपाल के अधीन विद्युत कार्य शामिल है।, **Estimated cost of tender Rs.:** 21517503.21, **Earnest Money:** 257600.00, **Last date for submitting tender:** 08.01.2026, **Concerned Sr. DEN/DEN:** Sr.DEN (C) BPL, **NIT No.:** WCR-BPL-W-25-26-N-24-124, **Date:** 18.12.25, **Name of work including Location:** भोपाल डिवीजन – बीना और गुना – डीईएन (उत्तर) भोपाल के अधिकार क्षेत्र में आने वाली कॉलोनियों की सड़कों का सुधार।, **Estimated cost of tender Rs.:** 18722100.45, **Earnest Money:** 243600.00, **Last date for submitting tender:** 09.01.2026, **Concerned Sr. DEN/DEN:** DEN (N) BPL, **NIT No.:** WCR-BPL-W-25-26-C-32-125, **Date:** 20.12.25, **Name of work including Location:** ए) इटारसी–भोपाल खंडः एडीईएन/एम/भोपाल के अधिकार क्षेत्र में, बुदनीं में किलोमीटर 764/9–11 पर सीमित ऊंचाई वाली सबवे (एलएचएस) का प्रावधान। बी) भोपाल – बीना खंडः एडीईएन/एम/विदिशा के अधिकार क्षेत्र में, सांची स्टेशन के पास किलोमीटर 878/08–10 पर सीमित ऊंचाई वाली सबवे (एलएचएस) का प्रावधान। सी) भोपाल–बीना खंडः एडीईएन/एम/विदिशा के अधिकार क्षेत्र में, गंज बसोदा स्टेशन के पास किलोमीटर 927/00–02 पर सीमित ऊंचाई वाली सबवे (एलएचएस) का प्रावधान।, **Estimated cost of tender Rs.:** 91534194.57, **Earnest Money:** 607700.00, **Last date for submitting tender:** 12.01.2026, **Concerned Sr. DEN/DEN:** Sr. DEN (C) BPL, **NIT No.:** WCR-BPL-W-25-26-N-25-126, **Date:** 20.12.25, **Name of work including Location:** भोपाल प्रभागः भाग–क) पूर्वी रेलवे कॉलोनी बीना मे विद्युत कार्य सहित नए टीआरडी कार्यालय का निर्माण। भाग–ख) बीना–डीईएन/उत्तर/भोपाल के अधिकार क्षेत्र में पीएफ संख्या 1 की ओर (ग्राउंड फ्लोर और फ्लोर का क्षेत्रफल – 621 वर्ग मीटर x2 = 1242 वर्ग मीटर) बीना मे नई लॉबी (ग्राउंड फ्लोर + 1) का निर्माण।, **Estimated cost of tender Rs.:** 41738896.99, **Earnest Money:** 358700.00, **Last date for submitting tender:** 12.01.2026, **Concerned Sr. DEN/DEN:** DEN (N) BPL.

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**// कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल //**

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/883/25 दिनांक :-18/12/2025

**ई–निविदा सूचना**

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दर्शाये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विसबल कैम्प पिपलानी बैरिक में मरम्मत कार्य | 1,000/- | 4,93,411/- | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी।
2. निविदा शुल्क एवं ईएमडी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है ।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अनुसूची-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 19/12/2025 के 17.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 19/12/2025 के 17.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 02/01/2026 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 03/01/2026 के 17.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 26/12/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

जी-23378/25 बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल

पुलिस उपायुक्त ( मुख्यालय )
नगरीय पुलिस, भोपाल

# 123 साल बाद एशेज टेस्ट के पहले दिन गिरे 20 विकेट

## बॉक्सिंग डे टेस्टः ऑस्ट्रेलिया को 152 पर ऑलआउट करने के बाद 110 रन पर सिमटी इंग्लैंड की टीम

जेएनएन, मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियाई टीम 152 रन पर आउट हो गई, लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड पर पहली पारी में 42 रन की बढत बना ली और चौथे एशेज टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकॉर्ड 20 विकेट गिर गए। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में दर्शकों ने 1901-02 के बाद एशेज टेस्ट के पहले दिन सबसे ज्यादा विकेट (20) गिरते हुए देखे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के चार रन बनाए थे और उसके पास अब 46 रन की बढ़त है। जोश टंग ने 45 रन देकर पांच विकेट लिए और टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड ने मेजबान टीम को सस्ते में आउट कर दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 29.5 ओवर में 110 रन पर आउट हो गई। माइकल नेसेर ने 45 रन देकर चार विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले तीन टेस्ट जीतकर सीरीज 11 दिन के भीतर ही अपने नाम कर ली है।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले छह ओवर में 27 रन बनाए। इसके बाद ट्रेविस हेड (12) को गस एटकिंसन ने सस्ते में आउट किया। टंग ने जेक वेदराल्ड (10) को पवेलियन भेजा और उनका अगला शिकार मार्नस लाबुशेन (छह) बने जो पहली स्लिप में कैच देकर लौटे। ऑस्ट्रेलिया के तीन विकेट 34 रन पर गिर गए थे। कप्तान स्टीव स्मिथ को टंग ने जब आउट किया, तब स्कोर 51 रन था। अनुभवी उस्मान ख्वाजा 29 रन बनाकर एटकिंसन की गेंद पर आउट हुए। उस समय स्कोर पांच विकेट पर 89 रन था और दो रन बाद एलेक्स कैरी ने गली में कैच थमा दिया। नेसेर (35) और कैमरन ग्रीन (17) ने 52 रन की साझेदारी की, लेकिन ग्रीन के रनआउट होने पर यह साझेदारी टूट गई। टंग ने नेसेर और स्कॉट बोलैंड (0) को अपने 12वें ओवर की पहली दो गेंदों पर आउट किया। जवाब में इंग्लैंड ने पांचवें ओवर में तीन विकेट आठ रन पर गंवा दिए थे। जैक क्रॉली (पांच), जैकब बेथेल (दो) और बेन डकेट (दो) जल्दी आउट हो गए। जो रूट खाता नहीं खोल सके। हैरी ब्रूक ने 34 गेंद में 41 रन बनाए और पांचवें विकेट के लिए बेन स्टोक्स के साथ 50 रन जोड़े। बोलैंड ने ब्रूक, जैमी स्मिथ (दो) और विल जैक्स (पांच) को लगातार तीन गेंदों पर आउट किया। स्टोक्स 16 रन बनाकर स्लिप में कैच देकर लौटे।





बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर रिकॉर्ड 94199 दर्शक पहुंचे थे, जबकि पिछला रिकॉर्ड 93013 का था, जो आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2015 विश्व कप फाइनल के दौरान दर्ज किया गया था।

- ऑस्ट्रेलिया में किसी पुरुष टेस्ट के पहले दिन 20 या उससे ज्यादा विकेट 1951 में वेस्टइंडीज के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में गिरे थे। एमसीजी में भी 1932 के ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका टेस्ट के बाद यह पहला मौका था, जब एक ही दिन में 20 विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मैचों में ऐसा आखिरी बार 1909 के मैनचेस्टर टेस्ट में हुआ था।

**3468** गेंद हैरी ब्रूक ने अपने 3000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए खेलीं। वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ऐडम गिलक्रिस्ट (3610 गेंदें) का रिकॉर्ड तोड़ा। ब्रूक के 41 रन एमसीजी टेस्ट की पहली दो पारियों का सर्वोच्च स्कोर रहे। इससे पहले ऐसा 1910 में हुआ था, जब किसी ऐशेज टेस्ट की शुरुआती दो पारियों में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर 41 रन रहे।

- जॉश टंग ने पांच विकेट झटके। उनसे पहले एमसीजी टेस्ट में किसी इंग्लैंड गेंदबाज द्वारा पंजा लेने का पिछला मौका 1998 में आया था। तब यह उपलब्धि डीन हेडली ने हासिल की थी।

- ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने पहली पारी में कुल मिलाकर 45 रन बनाए, जो किसी पुरुष टेस्ट मैच में शीर्ष चार का दूसरा सबसे कम टोटल है।
- एमसीजी में पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड द्वारा कुल मिलाकर सिर्फ 151 गेंदें खेली गईं। सिर्फ छह पुरुष टेस्ट ऐसे हुए हैं, जिनमें दोनों टीमें अपनी पहली पारी में इससे कम गेंदों में ऑलआउट हुई हों।

**212** कैच टेस्ट क्रिकेट में स्टीवन स्मिथ के हो गए हैं और वह अब जो रूट (214) के बाद दूसरे नंबर पर हैं। शुक्रवार को लिए गए दो कैचों के साथ स्मिथ ने राहुल द्रविड़ के 210 कैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

## खेल एक नजर

### एशेज से बाहर पेट कमिंस की नजरें टी-20 विश्व कप पर

**मेलबर्न, जेएनएन।** फिटनेस समस्याओं के कारण आखिरी दो एशेज टेस्ट से भी बाहर हुए ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस की नजरें अब अगले साल फरवरी में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप पर लगी हैं।



कमिंस जून जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर लगी कमर की चोट के कारण पहले दो एशेज टेस्ट से बाहर थे, लेकिन एडीलेड में तीसरे मैच में वापसी करके छह विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले तीनों टेस्ट जीत लिए हैं, लिहाजा कमिंस को आखिरी दो मैचों से बाहर रखने का फैसला किया गया। बॉक्सिंग डे टेस्ट के लंच ब्रेक के दौरान उन्होंने कहा कि बेहतर लग रहा है। कुछ सप्ताह पहले ही कमर की चोट से उबरा हूं, तो लगातार दो टेस्ट खेलना जोखिमभरा होता। अब टी-20 विश्व कप से पहले कुछ आराम करूंगा। ऑस्ट्रेलिया को टी-20 विश्व कप में पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड से खेलना है।

### हरमनप्रीत-हार्दिक की नजरें लीग के जरिए अंतरराष्ट्रीय सत्र की तैयारी पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के अनुभवी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह की नजरें हॉकी इंडिया लीग में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र से पहले अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास बढाने पर लगी हैं। भारतीय टीम का अगला साल काफी व्यस्त है, जिसमें एफआईएच प्रो लीग, विश्व कप और एशियाई खेल होने हैं। हॉकी इंडिया लीग तीन जनवरी से शुरू होगी और व्यस्त सत्र से पहले खिलाड़ियों के लिए लय में आने का सुनहरा मौका है। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के लिए खेलने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि लीग का स्तर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों जैसा है और इससे खिलाड़ियों को फॉर्म पाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हॉकी लीग भारतीय टीम के सदस्यों के लिए सही समय पर हो रही है। इसमें शीर्ष स्तर की हॉकी खेली जाती है और हर मैच अंतरराष्ट्रीय मैच की तरह ही है और हम प्रो लीग, विश्व कप तथा एशियाई खेलों से पहले ऐसा ही चाहते थे। हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम और सूरमा का कप्तान होने के नाते मुझे लगता है कि यह युवा खिलाड़ियों के लिए सीनियर्स के साथ खेलकर सीखने का सुनहरा मौका है। एचआईएल संचालन परिषद टीम के कप्तान ओलंपियन हार्दिक ने कहा कि यह सत्र मेरे और टीम के लिए काफी अहम है। लीग में भारी दबाव वाले मैच होते हैं, जो आगामी बड़े टूर्नामेंटों की तैयारी के लिए जरूरी हैं। हम आक्रामक हॉकी खेलकर हर टीम को बड़ी चुनौती देंगे।



# विराट का लिस्ट-ए में 85वां अर्धतशाक रिंकू सिंह के शतक से जीता उत्तर प्रदेश

## विजय हजारे ट्रॉफीः कोहली-पंत ने दिलाई दिल्ली को जीत, मध्यप्रदेश ने तमिलनाडु को दी शिकस्त

**बेंगलुरु, जेएनएन।** विराट कोहली और रिषभ पंत के अर्धशतकों के दम पर दिल्ली ने विजय हजारे ट्रॉफी के एलीट ग्रुप-डी के मैच में शुक्रवार को गुजरात पर सात रन की रोमांचक जीत दर्ज की। गुजरात की टीम लक्ष्य का पीछा करते समय अच्छी स्थिति में थी, लेकिन उनके बल्लेबाजों के गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण टीम को मैच गंवाना पड़ा। प्लेयर ऑफ द मैच कोहली (61 गेंद में 77) और पंत (79 गेंद में 70 रन) ने दिल्ली को 50 ओवर में नौ विकेट पर 254 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। गुजरात की टीम 47.4 ओवर में 247 रन पर आउट हो गई। विराट ने लिस्ट-ए में अपना 85वां अर्धशतक पूरा किया। बाएं हाथ के स्पिनर विशाल जायसवाल (42 रन पर चार विकेट) ने उनकी पारी का अंत कर लगातार दूसरा शतक पूरा करने से रोक दिया। वहीं टी-20 विश्व कप के लिए चुने गए भारतीय स्टार रिंकू सिंह (60 गेंद में नाबाद 106 रन) ने सैकड़ा जड़ा, जबकि आर्यन जुयाल (134) ने भी शतकीय पारी खेली, जिससे उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ को 227 रन से करारी शिकस्त दी। ध्रुव जुरेल ने 67 रन जोड़ते हुए योगदान दिया, जिससे उत्तर प्रदेश ने चार विकेट पर 367 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके बाद लेग स्पिनर जीशान अंसारी (चार विकेट) ने टूर्नामेंट में लगातार दूसरी दफा चार विकेट हासिल किए, जबकि चंडीगढ़ की टीम 29.3 ओवर में सिर्फ 140 रन पर ढेर हो गई।



### रोहित शर्मा गोल्डन डक

रोहित शर्मा के पहली गेंद पर खाता खोले बगैर आउट होने के बावजूद मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रनों से शिकस्त दी। मुंबई ने विकेटकीपर-बल्लेबाज हार्दिक तामोरे (नाबाद 93 रन), सरफराज खान (55) और मुशीर खान (55) के उपयोगी योगदान की बदौलत सात विकेट पर 331 रन बनाए। मुशीर ने बाद में गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 57 रन पर दो विकेट झटके। उत्तराखंड ने नौ विकेट पर 280 रन बनाए।

### मप्र जीत के साथ शीर्ष पर

मध्यप्रदेश ने तमिलनाडु को दो विकेट से हराकर ग्रुप-ए में लगातार दो जीत के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। तमिलनाडु पहले खेलते हुए 49.3 ओवर में 280 रन पर ऑलआउट हो गई। उसके लिए साई सुदर्शन (51) और कप्तान नारायण जगदीशन (55) ने पहले विकेट के लिए 115 रन जोड़े। मप्र के बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय (62 रन देकर तीन विकेट), दाएं हाथ के मध्यम गति गेंदबाज त्रिपुरेश सिंह (61 रन देकर दो विकेट) और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव (45 रन देकर दो विकेट) विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। जवाब में यश दुबे (92) और विकेटकीपर हिमांशु मंत्री (90) ने दूसरे विकेट के लिए 178 रन की साझेदारी कर टीम को चार गेंद शेष रहते जीत दिलाई। मप्र ने आठ विकेट पर 283 रन बनाए।

### पडिक्कल और नायर के शतक

**अहमदाबाद, जेएनएन।** देवदत्त पडिक्कल (124) के लगातार दूसरे शतक और करुण नायर (नाबाद 130 रन) के नाबाद सैकड़े से गत विजेता कर्नाटक ने केरल को आठ विकेट से हरा दिया। केरल सात विकेट पर 284 रन बना सकी। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 49 रन के स्कोर तक अपने पहले तीन विकेट गंवा दिए। बाबा अपराजित (71) अजहरुद्दीन (84) ने उपयोगी पारियां खेली।

**टीम इंडिया ने तीसरे मैच में श्रीलंका को आठ विकेट से हराया**

# भारत ने जीती टी-20 सीरीज, हरमनप्रीत कौर बनी दुनिया की सबसे सफल कप्तान

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 में श्रीलंका को 40 गेंद रहते आठ विकेट से हराकर पांच मैच की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत ने विशाखापत्तनम में पहले दो टी-20 मैच क्रमशः आठ और सात विकेट से जीते थे। प्लेयर ऑफ द मैच तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (चार ओवर में एक मेडन से 21 रन देकर चार विकेट) ने टीम में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया, जबकि ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा 18 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे श्रीलंका बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 112 रन ही बना सकी। लक्ष्य बड़ा नहीं था और स्मृति मंधाना (01) के जल्दी आउट होने के बावजूद शेफाली वर्मा (42 गेंद पर नाबाद 79) ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए हरमनप्रीत (नाबाद 21 रन) के साथ टीम को 13.2 ओवर में दो विकेट पर 115 रन तक पहुंचाकर आसान जीत दिलाई। पिछले साल दिसंबर के बाद पहला टी-20 खेल रहीं रेणुका ने नई गेंद से श्रीलंका के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए मुकाबले की लय भारत के पक्ष में कर दी। सीरीज में बने रहने की कोशिश में श्रीलंका की हसिनी परेरा (25) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई और रेणुका के पहले ओवर में दो चौके लगाकर 12 रन बटोरे। रेणुका टी-20 में चार बार 4-विकेट हॉल लेने वाली पहली गेंदबाज बनीं।



- हरमनप्रीत कौर टी-20 में सर्वाधिक मैच जीतने वाली कप्तान बन गई। कौर की अगुआई में 130 मैचों में भारत की यह 77वीं जीत है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मैग लानिंग (100 मैचों में 76 जीत) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।
- दीप्ति टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की मेगान शट के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। दीप्ति ने 131, जबकि शट ने 123 मैचों में इतने विकेट लिए हैं। दीप्ति तीसरी सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज भी बन गईं। अब उनके नाम कुल 333 विकेट दर्ज हैं।
- शेफाली (2378) टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने वाली चौथी भारतीय बन गईं। उन्होंने मिताली (2364) को पीछे छोड़ा। शीर्ष पर मंधाना (4022), हरमनप्रीत (3690) और रॉड्रिग्स (2479) हैं।

## आईएसएल अनिश्चिताः मुंबई सिटी की हिस्सेदारी से बाहर निकलने की पुष्टि

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मुंबई सिटी एफसी ने शुक्रवार को पुष्टि की है कि क्लब में बहुसंख्यक हिस्सेदारी रखने वाले सिटी फुटबॉल ग्रुप ने आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के मद्देनजर अपनी पूरी हिस्सेदारी फ्रेंचाइजी के संस्थापक साझेदारों को बेच दी है। सिटी फुटबॉल ग्रुप के पास इंग्लिश प्रीमियर लीग की बड़ी टीम मैनचेस्टर सिटी सहित विश्व स्तर पर कई शीर्ष क्लबों का स्वामित्व है। मुंबई स्थित आईएसएल टीम का पूर्ण स्वामित्व अब संस्थापक साझेदारों, बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर और व्यवसायी बिमल पारेख को वापस मिल जाएगा। मुंबई सिटी एफसी (क्लब) ने पुष्टि की है कि सिटी फुटबॉल ग्रुप लिमिटेड (सीएफजी) ने क्लब में अपनी हिस्सेदारी बेच दी है। क्लब के संस्थापक मालिक अब इस फ्रेंचाइजी का पूर्ण नियंत्रण संभालेंगे। उन्होंने कहा कि सीएफजी और मुंबई सिटी एफसी 2019 में एक साथ आने के बाद नई ऊंचाइयों को छुआ है। मुंबई की टीम ने दो बार आईएसएल चैंपियन बनने के अलावा दो बार लीग शील्ड का खिताब भी अपने नाम किया है।

## गौतम वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप के तीन दौर के बाद कार्लसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**दोहा, जेएनएन।** किशोर अंतरराष्ट्रीय मास्टर कृष्णा गौतम लगातार तीन जीत के साथ अप्रत्याशित रूप से संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए, जबकि डी. गुकेश और आर. प्रज्ञानानंदा जैसे दिग्गज भारतीय खिलाड़ियों ने शुक्रवार को यहां फिडे विश्व रैपिड चैंपियनशिप में अपने अभियान की धीमी, लेकिन स्थिर शुरुआत की। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उपविजेता सहित कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करने वाले केरल के 15 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती तीनों राउंड में पूरे अंक अर्जित करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वह विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन शीर्ष भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी और 2700 से अधिक रेटिंग वाले रूस के ग्रैंडमास्टर व्लादिस्लाव आर्टेमिएव जैसे खिलाड़ियों के साथ शीर्ष पर हैं। पहले दिन के दो और राउंड बाकी रहते हुए क्लासिकल शतरंज में विश्व चैंपियन गुकेश (2.5 अंक) ने भी दो शानदार जीत हासिल की, लेकिन एक ड्रॉ बाजी ने उन्हें रैंकिंग में नीचे धकेल दिया। प्रज्ञानानंदा पहले दौर में जीत और लगातार दो ड्रॉ के बाद दो अंकों पर थे। गौमत ने काले मोहरों से खेलते हुए सर्बियाई ग्रैंडमास्टर इंडजिक अलेक्जेंडर को परास्त किया, फिर सफेद मोहरों से शीर्ष भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम को मात दी और उसके बाद अजरबैजान के राडजाबोव तैमूर को शिकस्त देने में सफल रहे। गुकेश ने कनाडा के ग्रैंडमास्टर शॉन रोड्रिग-लेमियक्स के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेलकर सधी शुरुआत की और फिर फिडे के झंडे तले खेल रहे सर्गेई ड्रायगालोव और मोंटेनेग्रो के पेट्रोव निकिता के खिलाफ पूरे अंक हासिल किए।

## वेंकटेश का आरसीबी की शुरुआती एकादश में जगह बनाना मुश्किल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल की मिनी नीलामी में वेंकटेश अय्यर के लिए सात करोड़ रुपए खर्च किए, लेकिन पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इस आकर्षक टी-20 लीग के शुरुआती चरण में इस तेज गेंदबाजी हरफनमौला को एकादश में जगह मिलना मुश्किल होगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने इस महीने की शुरुआत में नीलामी में अय्यर की पूर्व टीम केकेआर को पीछे छोड़कर इस खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ा था। फ्रेंचाइजी ने 16 दिसंबर को अबू धाबी में हुई नीलामी में अय्यर, जैकब डफी और मंगेश यादव समेत कई खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम को और मजबूत किया। कुंबले ने कहा कि वेंकटेश के लिए शुरुआती एकादश में जगह बनाना मुश्किल होगा। आप जीतने वाली टीम में संदेह पैदा नहीं करना चाहते। इसी सोच के चलते फ्रेंचाइजी ने रवि बिश्नोई पर बोली नहीं लगाई, ताकि सुयश शर्मा को किसी अनुभवी भारतीय स्पिनर से खतरा महसूस न हो।



## सिटी स्पोर्ट्स

### नेहा की कप्तानी में वेस्ट जोन टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी एसजीएसयू की हॉकी टीम



**भोपाल, खेप्र।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) की महिला टीम वेस्ट जोन हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेगी। नेहा सौता की कप्तानी में टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए टीम सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी (महाराष्ट्र) पहुंच गई है। टीम का कोच दीपांशु सिंह सोलंकी और मैनेजर नलिनी खरे को बनाया गया है। खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलगुरु डॉ. विजय सिंह और कुलसचिव डॉ. सितेश सिन्हा ने बधाई दी।

**टीम इस प्रकार हैः** नेहा, सुहानी नोरिया, कनक यादव, संध्या मेहरा, गायत्री चौधरी, रजनी यादव, भावना अहिरवार, खुशबू जांघेले, अंजली गडेकर, अमना अजीज, प्रेरणा रायकवार, साधना यादव, प्रिया कावरे, नूतन राघव, गुंजन कश्यप (गोलकीपर), विनीता कुशवाहा, वंदना अहिरवार।

### आरएसबी की टीम ने सिविल सेवा टेनिस टूर्नामेंट में जीते चार स्वर्ण

**भोपाल, खेप्र।** मध्य प्रदेश के क्षेत्रीय खेल बोर्ड (आरएसबी इंदौर) की टेनिस टीम ने सिविल सेवा टेनिस टूर्नामेंट में चार स्वर्ण सहित कुल छह पदक जीते। इसमें एक रजत व एक कांस्य पदक भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट में आरएसबी द्वारा किया गया अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। टूर्नामेंट गुजरात के गांधीनगर में 16 से 22 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें मप्र आयकर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। इन खिलाड़ियों में सारा यादव, राघव जयसिंघानी, उदित कंबोज और राजकुमार घोष शामिल हैं। राघव, उदित और राजकुमार की टीम ने पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। मिश्रित युगल ओपन में राघव और सारा की जोड़ी ने खिताब जीता। महिला एकल ओपन में सारा और पुरुष युगल ओपन में उदित चैंपियन बने। वहीं पुरुष एकल ओपन में राघव ने रजत और पुरुष एकल ओपन में उदित ने कांस्य पदक जीता।



### बीयू ने जीता बाल बैडमिंटन का खिताब



**भोपाल, खेप्र।** बरकतउल्लाह ने जवाहर विश्वविद्यालय को हराकर संभागीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता हमीदिया महाविद्यालय में आयोजित की गई। शुक्रवार को महिला वर्ग के मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में नूतन ने तीसरा और वीएनएस महाविद्यालय ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले सेमीफाइनल में नूतन महाविद्यालय और जवाहर महाविद्यालय की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। हमीदिया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल शिवानी, सचिव डॉ. वंदना श्रीवास्तव, खेल अधिकारी डॉ. रचना तैलंग, मप्र बॉल बैडमिंटन संघ टेक्निकल कमेटी से हरिओम पाटीदार, नीलिमा पाटिल, कनक शर्मा, श्रेयांश विश्वकर्मा और ध्रुव निर्माण उपस्थित रहे।

### टी-20: भेल को हराकर डीजीपी एकादश फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** डीजीपी एकादश ने भेल भोपाल को छह विकेट से हराकर स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर भेल भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 133 रन बनाए। योगेश ने 37, देवेंद्र नाइक और प्रवीण शर्मा ने एकसमान 18-18 रन बनाए। डीजीपी एकादश के लिए अरुण सिंह ने 4 विकेट झटके। नरेंद्र रायकवार और राहुल रावत ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में डीजीपी एकादश ने चार विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। दिशांत खरे ने 79 और हिमांशु तिवारी ने 48 रन बनाए। भेल भोपाल के लिए हेमंत शेंडे और योगेश देवस्कर ने 2-2 विकेट लिए। दिशांत खरे को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ क्रिकेटर संजय रघुवंशी, ब्रजेंद्र प्रताप सिंह और श्याम मूर्ति ने प्रदान किया।



## सीरिया: मस्जिद में ब्लास्ट 8 की मौत, 20 घायल



**नईदिल्ली।** सीरिया के होम्स की एक मस्जिद में विस्फोट की खबर है। यह ब्लास्ट होम्स के अलावी अल्पसंख्यक समुदाय की एक मस्जिद में शुक्रवार को हुआ, जिसमें अब तक आठ लोगों की मौत हो गई है जबकि कई घायल हो गए है। होम्स में इमाम अली बिन अबी तालिब मस्जिद के भीतर विस्फोट हुआ, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया। स्थानीय अधिकारी इस्साम नामेह नेबताया कि यह विस्फोट शुक्रवार की दोपहर की नमाज के दौरान हुआ, जो आमतौर पर मस्जिदों में सबसे अधिक भीड़ का समय होता है।

# सालों पुरानी परेशानी खत्म करेगा गूगल, जीमेल आईडी बदली जा सकेगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगर आपने कभी सोचा है कि काश अपनी जीमेल आईडी बदल पाते, तो आप अकेले नहीं हैं। करोड़ों लोग सालों से इसी परेशानी में फंसे हुए थे। स्कूल या कॉलेज के ज़माने में बनाई गई अजीब-सी आईडी, गलत स्पेलिंग वाला नाम, या ऐसा ईमेल जो आज के प्रोफेशनल लाइफ में अटपटा लगता है, लेकिन बदल नहीं सकते थे। वजह साफ थी, जीमेल ने कभी यूज़रनेम बदलने का ऑप्शन दिया ही नहीं। अब यही कहानी बदलने वाली है।

### बदला जा सकेगा ईमेल एड्रेस

गूगल ऐसे फीचर पर काम कर कर रहा है, जिससे यूज़र अपने एट-जीमेल.काम वाले ईमेल एड्रेस को बदल पाएंगे, वो भी बिना नया अकाउंट बनाए और बिना पुराना डेटा खोए। यानी आपकी सारी मेल, फोटोज़, ड्राइव फाइल्स, यूट्यूब अकाउंट, सब कुछ वहीं रहेगा। बस आपका ईमेल नाम अपडेट हो जाएगा। यह बदलाव छोटा नहीं है। असल में यह जीमेल के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे लंबे समय से मांगा जा रहा फीचर माना जा रहा है। अब तक दिक्कत ये थी कि अगर किसी को अपनी जीमेल आईडी बदलनी होती थी, तो उसे पूरा नया अकाउंट बनाना पड़ता था। फिर शुरू होता था सिरदर्द। बैंक,यूपीआई, सोशल मीडिया, ऑफिस टूल्स, सरकारी वेबसाइट, सब जगह नया ईमेल अपडेट करना। कई लोग इसी झंझट की वजह से सालों तक अपनी बचपन वाली आईडी ढोते रहते थे। अब गूगल इसी परेशानी को खत्म करने की तैयारी में है।



### चुन सकेंगे नया यूजरनेम



नए सिस्टम के तहत यूज़र अपने मौजूदा गूगल अकाउंट के अंदर ही नया जीमेल एड्रेस चुन पाएंगे। खास बात यह है कि पुराना ईमेल पूरी तरह बंद नहीं होगा। वह एक तरह से बैकअप या एलियस की तरह काम करता रहेगा। यानी अगर कोई आपके पुराने पते पर मेल भेजेगा, तो वह भी उसी इनबॉक्स में पहुंच जाएगा। मतलब पहचान बदलेगी, लेकिन कनेक्शन नहीं टूटेगा। हालांकि गूगल इस फीचर को पूरी तरह खुला नहीं छोड़ रहा। गलत इस्तेमाल और फर्जी पहचान से बचने के लिए कुछ सीमाएं भी रखी जा रही हैं। जैसे एक बार ईमेल बदलने के बाद तुरंत दोबारा बदलाव की परमिशन नहीं होगी।

### गूगल ने नहीं किया तारीख का एलान

हालांकि ये ऑफिशिल नहीं है, लेकिन गूगल के सपोर्ट सेक्शन में इससे जुड़े साइन्स दिखने लगे। कई लीक्स में भी स्क्रीनशॉट्स शेयर किए जाने लगे हैं। यानी कुछ लोगों को ये ऑप्शन दिख रहा है। माना जा रहा है कि कंपनी इसे धीरे-धीरे अलग-अलग देशों में रोलआउट करेगी, ताकि सिक्योरिटी और मिसयूज पर कंट्रोल रखा जा सके। अभी तक गूगल ने आधिकारिक तारीख का ऐलान नहीं किया है,लेकिन इतना साफ है कि यह फीचर अचानक नहीं, बल्कि लंबे समय की तैयारी के बाद आ रहा है।

### सीमित बार ही बदला जा सकेगा ईमेल

एक अकाउंट में सीमित बार ही ईमेल में बदला किया जा सकेगा। यानी यह सुविधा बार-बार नाम बदलने के लिए नहीं बल्कि सही वजह के लिए दी जा रही है। एक और बात जो साफ की जा रही है, वो यह कि जीमेल का डिस्प्ले नेम बदलना और असली ईमेल एड्रेस बदलना, दोनों अलग चीज़ें हैं। डिस्प्ले नेम तो पहले से बदला जा सकता था, लेकिन असली एटजीमेल काम वाला पता अब तक फिक्स रहता था। नया फीचर इसी असली पते को बदलने की सुविधा देगा। इस बदलाव का असर सिर्फ पर्सनल यूज़र्स तक सीमित नहीं रहेगा। प्रोफेशनल्स, फ्रीलांसर, कंटेंट क्रिएटर्स और वो लोग जिन्होंने सालों पहले बिना सोचे-समझे कोई अजीब आईडी बना ली थी।

# बांग्लादेश को भारत ने दी चेतावनी, हिंदुओं पर हमले नजरअंदाज नहीं किए जा सकते

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने बांग्लादेश में एक हिंदू व्यक्ति की हालिया हत्या पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाने वाली हाल की घटनाओं की कड़ी को चिंताजनक बताया है और चेतावनी दी है कि ऐसी हिंसा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नई दिल्ली ने सीमा पार हो रही घटनाओं पर गंभीरता से ध्यान दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमलों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की निंदा की और उम्मीद जताई कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उन्हें सजा दी जाएगी।

### ढाका यूनिवर्सिटी में भारत विरोधी प्रदर्शन

बांग्लादेश में एक बार फिर भारत विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इंकिलाब मंच ने नेता उस्मान हादी की हत्या के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए ढाका के शाहबाग इलाके में प्रदर्शन किया। इस दौरान भारत विरोधी नारे भी लगाए गए। जुमा की नमाज के बाद ढाका यूनिवर्सिटी से जुलूस निकाला गया, जो शाहबाग पहुंचकर धरने में बदल गया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी, जिससे इलाके में यातायात ठप हो गया। इंकिलाब मंच का कहना है कि जब तक हादी की हत्या में न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शरीफ उस्मान हादी की पिछले हफ्ते हत्या कर दी गई थी।



### गैर-मुसलमानों पर हो रहा अकल्पनीय अत्याचार -हसीना



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर बृहस्पतिवार को जमकर हमला बोला और उस पर गैर-मुसलमानों के खिलाफ अकल्पनीय अत्याचार करने का आरोप लगाया। अवामी लीग प्रमुख 78 वर्षीय हसीना ने कहा कि अवैध रूप से सत्ता हासिल करने वाली यूनुस सरकार में धार्मिक अल्पसंख्यकों को बेरहमी से मार डालने जैसी भयावह घटनाएं सामने आ रही हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से बांग्लादेश में पिछले हफ्ते एक हिंदू युवक की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना की ओर था।

### हिंदू संगठनों का ढाका में प्रदर्शन

इस घटना के विरोध में हिंदू संगठन नेशनल हिंदू महाजोत ने ढाका के नेशनल प्रेस क्लब पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दीपू दास की हत्या की निंदा की और मांग की कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले बढ़ रहे हैं और सरकार को उनकी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

### लगातार दुश्मनी चिंता की बात

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार दुश्मनी बहुत चिंता की बात है। हम बांग्लादेश में हाल ही में एक हिंदू युवक की हत्या की निंदा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि इस अपराध के दोषियों को सजा मिलेगी। यह बयान बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यक्ति की लिंचिंग के एक दिन बाद आया है।

### जयाप्रदा और जाह्नवी ने दीपूदास की हत्या पर विरोध जताया





दीपू दास की हत्या पर अभिनेत्री और पूर्व सांसद जया प्रदा ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह बहुत ही दिल दहला देने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि एक निर्दोष हिंदू युवक को भीड़ ने मार डाला और फिर उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। जया प्रदा ने इसे धर्म पर हमला बताते हुए कहा कि मंदिर तोड़े जाने, महिलाओं पर हमलों और ऐसी घटनाओं पर अब चुप नहीं रहा जा सकता। इससे पहले एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने दीपू चंद्र दास की हत्या को नरसंहार बताया। जाह्नवी ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी रूप में मौजूद चरमपंथ का कड़ा विरोध किया जाना चाहिए।

#### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता

बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता जताई जा रही है। विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने कहा है कि चुनाव से पहले हो रही यह हिंसा पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है और संयुक्त राष्ट्र को इसमें तुरंत दखल देना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाएं इस मामले पर चुप क्यों हैं।

**सेंगर की जमानत के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन, पीड़िता की मां बोलीं**

## पूर्व विधायक को जमानत से हमारा भरोसा टूटा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** उन्नाव रेप केस में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा सस्पेंड होने के फैसले के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को पीड़ित परिवार और सोशल एक्टिविस्ट महिलाओं ने दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि सेंगर को किसी भी हालत में राहत नहीं मिलनी चाहिए। न्याय के लिए वे सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ेंगी। पीड़ित की मां ने कहा- सेंगर की बेल रिजेक्ट होनी चाहिए। हम लोग इंसाफ के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। हमारा हाईकोर्ट से भरोसा उठ गया है। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को प्रदर्शन खत्म करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा- यहां प्रोटेस्ट करना मना है। गैर-कानूनी है। पांच मिनट बाद आपके खिलाफ लीगल एक्शन लिया जा सकता है। अगर आपको प्रोटेस्ट करना है, तो जंतर-मंतर जाइए। **दिल्ली मेट्रो में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन:** इस बीच दिल्ली यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली मेट्रो में विरोध जताया। हाथ में पोस्टर लेकर कार्यकर्ताओं ने कहा- भाजपा का पूर्व एमएलए कुलदीप सेंगर दोषी है, उसे बेल मिल गई है।





दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/- संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें 9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/-

**सलाह**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

**अण्डा**

BHOPAL EGG RATE 680/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

**FOR SALE**

AVAILABLE FOR SALE REPO VEHICLE MARUTI SWIFT VXI 2023 R.C. NO - MP-04-ZN-2544 ENGINE NO - K12NP17312554 CHASSIS NO -MBHCZCB3SPGC83259 CONTACT SUNDARAM FINANCE LTD BHOPAL MOB :- 9109107073


**2025 गुजरता साल यादगार लम्हे**

# फिल्मों ने मनोरंजन के साथ ही दर्शकों पर अमिट छाप भी छोड़ी

**वर्ष 2025 में बॉलीवुड ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यह भारतीय सिनेमा की धड़कन क्यों है। इसने ज़बरदस्त एक्शन, दिल को छू लेने वाले ड्रामा, गुदगुदाने वाली कॉमेडी और शानदार दृश्यों से भरपूर भव्य फिल्मों का एक बेहतरीन मिश्रण पेश किया। सितारों से सजी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से लेकर भावनाओं को झकझोर देने वाली कहानियों तक, इस साल ऐसी फिल्में आई जिन्होंने न सिर्फ मनोरंजन किया बल्कि दर्शकों पर अमिट छाप भी छोड़ी। 2025 की हिट फिल्मों में हिंदी में `छावा', `सैयारा', और `धुरंधर' (जो सबसे बड़ी हिट बनी) शामिल हैं, जबकि कन्नड़ फिल्म `कांतारा- चैप्टर 1' ने भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई, और साउथ से `महावतार नरसिम्हा' और `कुली' भी सफल रहीं।**

### साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म-धुरंधर



2025 की ब्लॉकबस्टर की बात करें तो हाल में रिलीज हुई 'धुरंधर' का नाम आता है। इस फिल्म के खलनायक यानी 'रहमान डकैत' का नाम सभी की जुबां पर चढ़ा हुआ है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई आदित्य धर की स्पाई थ्रिलर में अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत का खूंखार रोल किया, जो बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रहा है। 28 करोड़ रुपये की ओपनिंग के साथ, आदित्य धर द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने, खासकर दूसरे सप्ताह में, अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की। महज 12 दिनों में फिल्म ने विश्व स्तर पर 634 करोड़ रुपये की कमाई की। 225-250 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, आर माधवन और संजय दत्त ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। साल की सबसे बड़ी फिल्म, जिसने जबरदस्त कमाई की।

**जाट** 10 अप्रैल को आई सनी देओल की एक्शन फिल्म 'जाट', जिसमें रणदीप हुड्डा ने राणातुंगा नाम का खूंखार विलेन रोल प्ले किया। उनका ब्रूटल अवतार और सनी से टक्कर सराही गई और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में सफल रही।



**रेड 2** 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'रेड 2'। शानदार कहानी और दमदार स्टारकास्ट के बीच और भी खास था फिल्म का खलनायक। कॉमेडी फिल्मों में काम कर अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसाने वाले एक्टर रितेश देशमुख ने केंद्रीय मंत्री दादा मनोहर भाई का निगेटिव रोल किया।



### सैयारा



फिल्म सैयारा साल 2025 का सबसे बड़ा आश्चर्य बनकर उभरी, बेहद कम प्रचार और लगभग बिना किसी मीडिया संपर्क के 18 जुलाई को रिलीज हुई मोहित सूरी की इस फिल्म ने उम्मीदों को धता बताते हुए अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय रोमांटिक फिल्म का खिताब हासिल कर लिया। फिल्म ने विश्व स्तर पर 570.33 करोड़ रुपये कमाए और सकारात्मक समीक्षाएं प्राप्त कीं, जिसमें नवोदित कलाकार अहान पांडे और अनीत पड्डा की विशेष रूप से प्रशंसा की गई। इसका संगीत भी इंस्टाग्राम पर खूब वायरल हुआ। खबरों के मुताबिक, यह फिल्म 45-60 करोड़ रुपये के मामूली बजट में बनी थी।

### छावा- बड़ी और सफल फिल्म



उम्मीद से ज्यादा चली और साल की सबसे सफल हिंदी फिल्मों में गिनी गई। विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज हुई और इसने दुनिया भर में 807.91 करोड़ रुपये कमाए। संभाजी के जीवन पर आधारित इस ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा को मिली-जुली समीक्षाएं मिलीं, लेकिन अक्षय खन्ना द्वारा औरंगजेब के किरदार को बखूबी निभाने की व्यापक सराहना हुई। उनका निगेटिव शेड वाला किरदार दर्शकों को प्रभावित करने में सफल रहा। फिल्म साल की बड़ी हिट साबित हुई।

### जॉली एलएलबी 3



19 सितंबर को अक्षय कुमार-अरशद वारसी की कोर्टरूम ड्रामा में गजराज राव ने 'हरिभाई खेतान' (जमीन हड़पने वाला बिजनेसमैन) का सॉलिड निगेटिव रोल निभाया। उनके निगेटिव रोल को भी दर्शकों का खूब प्यार मिला।

**हाउसफुल 5** मल्टी-स्टारर फिल्म में फरदीन खान का खतरनाक रोल खूब पसंद किया गया। सितारों के बीच उनका पावरफुल परफॉर्मेंस हाइलाइट रहा। 6 जून को रिलीज हुई कॉमेडी फिल्म में फरदीन खान ने सरप्राइज विलेन 'देव डोबरियाल' का रोल निभाया, जिसका खुलासा क्लाइमेक्स में होता है।



## इन फिल्मों पर रहा विवाद

इस साल कुछ फिल्मों को लेकर विवाद भी हुआ। रोमांटिक ड्रामा से लेकर ऐतिहासिक और एक्शन तक, अलग-अलग तरह की फिल्मों के बीच कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें लेकर विवाद हुए। कुछ पर तो रिलीज से पहले जमकर हंगामा हुआ। किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर विरोध दर्ज हुए।

**छावा**

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म छावा बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। मगर जब इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था तो कुछ सीन के विरोध में कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए। खासकर संभाजी महाराज के डांस सीन दर्शकों को पसंद नहीं आए, जिनमें निर्माताओं को बदलाव करने पड़े।

**जाट**

अभिनेता सनी देओल और रणदीप हुड्डा की जाट के एक चर्च सीन को लेकर ईसाई समुदाय ने नाराजगी जाहिर की थी। फिल्म पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा। शिकायत दर्ज हुई और विरोध के बाद मेकर्स ने विवादित सीन हटा दिया।

**द बंगाल फाइल्स**




विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर खूब विवाद हुए। इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज के दौरान तो जमकर हंगामा हुआ था। यह फिल्म 05 सितंबर 2025 को रिलीज हुई। यह 1946 की हिंसा पर आधारित है। इसे लेकर मेकर्स पर पॉलिटिकल एजेंडा फैलाने के आरोप लगे। पश्चिम बंगाल में इसकी रिलीज पर रोक लगी और कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए।

**इमरजेंसी**



17 जनवरी को फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज हुई। इसमें अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में दिखीं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान खुद कंगना ने संभाली। फिल्म 1975 में लगे आपातकाल पर आधारित थी। फिल्म पर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर दिखाने के आरोप लगे। सिख संगठनों ने समुदाय की गलत छवि दिखाने का दावा किया। जनवरी में आने से पहले इमरजेंसी की रिलीज कई बार टली थी।

**अबीर गुलाल**

फवाद खान और वाणी कपूर अभिनीत फिल्म भारत में रिलीज नहीं हो सकी। दरअसल, इसके खिलाफ प्रदर्शन इस फिल्म में पाकिस्तानी अभिनेता की मौजूदगी के कारण हुए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी कलाकारों के खिलाफ विरोध बढ़ा। यह फिल्म विदेशों में रिलीज हुई।

**उदयपुर फाइल्स**

अगस्त में रिलीज हुई यह फिल्म साल 2022 के कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित थी। इस फिल्म पर नफरत फैलाने और एक समुदाय विशेष को गलत दिखाने जैसे आरोप लगे। रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट ने रोक लगाई, लेकिन कानूनी लड़ाई के बाद रिलीज हुई। सेंसर बोर्ड ने इसके कई सीन्स हटाए थे।

**फुले**

प्रतीक गांधी और पत्रलेखा के लीड रोल वाली फिल्म 25 अप्रैल को थिएटर्स में लगी थी। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक में ब्राह्मण समुदाय को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा। संगठनों ने विरोध किया। सेंसर बोर्ड ने कई कट्स लगाए। इसके बाद रिलीज को हरी झंडी मिली।

**द ताज स्टोरी**

परेश रावल अभिनीत इस फिल्म के अक्तूबर में रिलीज से पहले खूब विरोध प्रदर्शन हुए। इसके तथ्यों पर सवाल उठाए गए। फिल्म पर आरोप लगे कि इसमें गलत जानकारी फैलाकर समाज में तनाव पैदा कर सकती है। इसके खिलाफ कोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुई थीं।





**कांतारा- चैप्टर 1**

ऋषभ शेट्टी की यह कन्नड़ फिल्म प्रीक्वल थी और भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बनी।

### अन्य सफल फिल्में (साउथ और अन्य)

**महावतार नरसिम्हा**

यह फिल्म भी काफी सफल रही और अच्छा कलेक्शन किया।



**कुली**

यह भी एक सफल फिल्म थी जिसने दर्शकों का मनोरंजन किया।



**लोका**

मलयालम फिल्म लोका भी बॉक्स ऑफिस पर सरप्राइज हिट रही।



### प्रमुख हिंदी वेब सीरीज़

2025 की हिट वेब सीरीज में कुछ के नए सीजन तो कुछ नई वेबसरीज ने दर्शकों की तारीफें बटोरीं। ग्रामीण पृष्ठभूमि की पंचायत और स्पाई थिलर द फैमिली मैन के नए सीजन वाली सीरीज सोशल मीडिया पर चर्चा में छाई रहीं।




ग्रामीण राजनीति और इलेक्शन पर आधारित इस सीरीज ने ओटीटी पर टॉप रेटिंग हासिल की और दर्शकों को खूब पसंद आई।

**पंचायत 4**



शहरुख खन के बेटे आर्यन खान के डायरेक्शन में बनी यह डार्क कॉमेडी/ड्रामा सीरीज बॉलीवुड की दुनिया को एक्सपोज करती है, जिसे बहुत चर्चा मिली।

**द बैड्स ऑफ बॉलीवुड**



इस डार्क क्राइम थ्रिलर के सीक्वल का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था और यह भी पहले सीजन की तरह ही पसंद की गई।

**पाताल लोक 2**



एक सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर जिसने अपने अप्रत्याशित हॉरर से दर्शकों को चौंका दिया।

**खौफ**




जासूसी और एक्शन से भरपूर इस सीरीज का तीसरा सीजन भी हिट रहा।

**द फैमिली मैन 3**

**खाकी- द बंगाल चैप्टर**

माफिया और पुलिस के बीच की जंग दिखाती यह क्राइम थ्रिलर नेटफ्लिक्स पर आई और काफी पसंद की गई।

**ब्लैक वारंट**

तिहाड़ जेल के रहस्यों और अराजकता पर केंद्रित एक पूर्व जेलर द्वारा लिखी गई किताब पर बनी यह क्राइम ड्रामा सीरीज चर्चाओं में रही।

### 65 करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

**जागरण, नीमच।** जिला प्रशासन ने शहर के पॉश इलाके स्कीम नंबर 36 में करीब 65 करोड़ रुपए मूल्य की सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। यह कार्रवाई भू-माफियाओं के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। सरकारी सर्वे नंबर 23 और 24 की लगभग 6 बीघा से अधिक इस जमीन पर रामप्रसाद ग्वाला द्वारा लंबे समय से अवैध कब्जा कर ईंट भट्टे का संचालन किया जा रहा था।

### टीबी मरीजों को मिली 700 फूड बास्केट

**जागरण, बड़वानी।** जिले में शुक्रवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर जयति सिंह की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर टीबी के मरीजों को 700 फूड बास्केट बांटी गई। कार्यक्र का उद्देश्य टीबी मरीजों को पोषण सहायता देने के लिए समाज की भागीदारी को बढ़ावा देना रहा। कलेक्टर ने सामाजिक संस्थाओं, उद्योगपतियों से सहयोग की अपील की ।






### "ट्वीट ऑफ द डे"



**सिद्धारमैया**
सीएम कर्नाटक

अगर मेक इन इंडिया वाकई सफल है तो बीजेपी के डबल-इंजन वाले राज्य, कर्नाटक के प्रदर्शन की बराबरी क्यों नही कर सकते? जब आपके पास दिखाने के लिए कोई उपलब्धि नहीं होती है तो आप दूसरों की सफलता चुरा लेते हैं और उसका श्रेय खुद ले लेते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अनूपपुर में ट्रेन से कटकर तेंदुए की मौत



**जागरण, अनूपपुर।** जिले में एक तेंदुए की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना देर रात अनूपपुर-जैतहरी मुख्य मार्ग पर बेलिया फाटक के आगे स्थित रेलवे ट्रैक पर हुई। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने रेलवे पटरी पर तेंदुए का शव देखा। उन्होंने तत्काल वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद वन अमला मौके पर पहुंचा और शव का पंचनामा किया। अनूपपुर डीएफओ विपिन पटेल ने बताया कि तेंदुए की मौत ट्रेन से कटकर हुई है। बांधवगढ़ से एक फॉरेंसिक टीम बुलाई है। यह टीम शव को आगे की जांच के लिए बांधवगढ़ ले जा रही है।

### मामूली बात पर तीन नाबालिगों ने की हत्या

**जागरण, इंदौर।** शहर के आजाद नगर में देर रात तीन नाबालिगों ने एक युवक की हत्या कर दी, उसे बचाने आए दोस्त पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। वह भी घायल हुआ है। हत्या की वजह मामूली विवाद है। मृतक की पहचान नीरज पिता मांगीलाल गंगराड़े के रूप में हुई, उसका विवाद शराब दुकान पर आरोपियों को घूरने की मामूली बात पर हुआ था। वह अपने दोस्त के साथ था। तीन नाबालिगों ने कहासुनी के दौरान उस पर चाकू से हमला कर दिया। दोस्त ने उन्हें रोकना चाहा तो उस पर भी हमला किया। जब नीरज सड़क पर गिर पड़ा तो तीनों आरोपी भाग गए। दोस्त उसे एमवाय अस्पताल लेकर गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# यूनिट में आमद देने के बाद भी ट्रेनिंग में नहीं पहुंचे 500 चयनित आरक्षक

## केवल 3498 अभ्यर्थियों का चल रहा प्रशिक्षण, जबकि 4000 उम्मीदवारों ने दी थी ज्वाइनिंग

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में सिलेक्शन के बाद प्रदेश की अलग अलग यूनिट में 4000 से अधिक आरक्षकों ने अपनी आमद दी थी। नियम के अनुसार इन सभी चयनित अभ्यर्थियों को नौ माह के प्रशिक्षण के लिए पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में भेजा जाना था। इन सभी को प्रशिक्षण केंद्र भी अलॉट कर दिए गए थे, लेकिन इसके बाद भी लगभग 500 अभ्यर्थी ट्रेनिंग से नदारद हैं। फिलहाल प्रदेश के 8 पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 के जरिए चयनित केवल 3498 कैंडिडेट ही ट्रेनिंग ले रहे हैं। इस मामले में रोचक तथ्य यह है कि पुलिस महकमा इन गायब हुए नव आरक्षकों की जानकारी जुटा रहा है और इन्हें रिमाइंडर भी भेज चुका है। इसके बाद भी इन चयनित आरक्षकों में से किसी ने भी न तो कोई जवाब दिया है और न ही ट्रेनिंग से नदारद होने की कोई वजह बताई है।

**सिलेक्शन 6000 का लेकिन 4000 ने दी ज्वाइनिंग, बाद में वेटिंग लिस्ट से बढ़ाए 400 नाम बढ़ाए:** प्रदेश की पुलिस ने आरक्षकों के 7500 पदों की भर्ती के लिए 2023 में विज्ञापन जारी किया था। इसके बाद लिखित परीक्षा और चयन प्रक्रिया पूरा होने पर मार्च 2025 में इनके सिलेक्शन की लिस्ट जारी की गई। आरक्षण के नियमों के अनुसार व्यापमं द्वारा ली गई परीक्षा के बाद 7411 सफल आवेदकों की लिस्ट जारी की गई। इनमें से 87 फीसदी लगभग 6000 के नाम सूची में रखे गए जबकि 13 फीसदी पद ओबीसी आरक्षण को लेकर कोर्ट में लंबित मामले के कारण रिजर्व रखे गए। इसके बाद लगभग 5000 आवेदकों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए थे। इस दौरान एक हजार ऐसे आवेदक थे जिन्होंने ज्वाइनिंग ही नहीं दी, जबकि 4000 ने सफल उम्मीदवारों ने आवंटित की गई यूनिटों में आमद दे दी।

### ये है पुलिस ट्रेनिंग सेंटर्स का लेखा-जोखा

| ट्रेनिंग | सेंटर | क्षमता | अभ्यर्थी |
|---|---|---|---|
| पीटीसी | इंदौर | 1500 | 996 |
| पीटीएस | सागर | 500 | 305 |
| पीटीएस | तिगरा | 1500 | 554 |
| पीटीएस | उमरिया | 500 | 232 |
| पीटीएस | रीवा | 850 | 472 |
| पीटीएस | पचमढ़ी | 500 | 207 |
| पीटीएस | उज्जैन | 700 | 206 |
| पीटीएस | भौंरी | 800 | 526 |
| | **योग** | **6850** | **3498** |




### चयन एवं भर्ती शाखा के अफसरों ने मामले पर साधी चुप्पी

इन चयनित अभ्यर्थियों को आमद के बाद फिटनेस और मेडिकल की औपचारिकताओं को पूरा कर 9 माह के प्रशिक्षण के लिए पुलिस के ट्रेनिंग स्कूलों में जाना था। इसके लिए 4000 कैंडिडेट को छह माह पहले ही ट्रेनिंग सेंटर आवंटित करने के आदेश हो गए थे। इसके बाद भी प्रशिक्षण केंद्रों में लगभग 500 चयनित अभ्यर्थी पहुंचे ही नहीं। पीएचक्यू की प्रशिक्षण शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक इस समय केवल 3498 नव-आरक्षकों की ट्रेनिंग चल रही है। इस मामले को लेकर जहां प्रशिक्षण शाखा के अनुसार जो भी सफल उम्मीदवार ट्रेनिंग के लिए आए उनका प्रशिक्षण जारी है और ट्रेनिंग में नहीं आने वाले कैंडिडेट के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इधर, चयन एवं भर्ती शाखा के अफसरों ने इस मामले पर चुप्पी साध ली है।

### आधार अपडेशन के जरिए परीक्षा में पकड़ा गया था घोटाला

इसी साल पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में फिंगरप्रिंट क्लोनिंग और बायोमेट्रिक क्लोन के जरिए फर्जीवाड़ा भी पकड़ में आया था। पुलिस ने इस संबंध में 20 से अधिक एफआईआर दर्ज कर लगभग 32 से अधिक आरोपियों को हिरासत में लिया था। जालसाजों ने असली उम्मीदवार की जगह डमी कैंडिडेट (सॉल्वर) बैठाने के लिए उनके फिंगरप्रिंट का सिलिकॉन क्लोन तैयार किया था। इसके अलावा इस फर्जीवाड़े से जुड़े गिरोहों नें आधार कार्ड की डेमोग्राफिक अपडेट सुविधा का दुरुपयोग कर असली उम्मीदवार के आधार कार्ड में सॉल्वर की फोटो अपडेट करवाई थी। बाद में ऐसे संदिग्ध उम्मीदवारों की सूची बनाई गई और उनके फिजिकल टेस्ट के दौरान गहराई से जांच शुरू की गई। बाद में उजागर हुआ कि ग्वालियर, भिंड और मुरैना में ऐसे गिरोहों को दबोचा जो 5 से 10 लाख रुपये लेकर आधार कार्डd और बायोमेट्रिक में हेरफेर कर सॉल्वर बैठाने का काम कर रहे थे। इसे इस खुलासे का भी असर माना जा सकता है कि सिलेक्ट हुए 6000 कैंडिडेट्स में से एक हजार तो यूनिटों में आमद देने ही नहीं पहुंचे थे।

### फाइबरबॉन्ड के ग्राहम वॉकर ने कायम की मिसाल

## बॉस हो तो ऐसा! कंपनी बेचकर कर्मचारियों में बांटे 2,000 करोड़

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका के लुइसियाना में स्थित फैमिली बिजनेस फाइबरबॉन्ड के सीईओ ग्राहम वॉकर ने कंपनी बेचने के बाद ऐसा फैसला लिया, जिसकी चर्चा अब दुनियाभर में हो रही है।



कंपनी की बिक्री से मिली रकम में से उन्होंने 15 प्रतिशत हिस्सा, यानी करीब 240 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 21 अरब 55 करोड़ रुपये), सीधे अपने 540 फुल-टाइम कर्मचारियों में बांट दिया। खास बात यह रही कि इन कर्मचारियों के पास कंपनी की कोई इक्विटी नहीं थी, फिर भी उन्हें इस डील का बड़ा हिस्सा मिला। फाइबरबॉन्ड को अमेरिकी दिग्गज कंपनी ईटोन को बेचा गया था। इस सौदे के दौरान ग्राहम वॉकर ने साफ शर्त रखी कि कर्मचारियों को सेल प्रोसीड्स का हिस्सा दिया जाएगा। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में सामने आई है। ग्राहम वॉकर के मुताबिक, यह फैसला कर्मचारियों की उस लॉयल्टी के सम्मान में लिया गया, जो उन्होंने कंपनी के मुश्किल दौर में दिखाई। बोनस की राशि किसी के लिए भी चौंकाने वाली थी। औसतन हर कर्मचारी को करीब 4 लाख 43 हजार डॉलर (लगभग 3.7 करोड़ रुपये) का बोनस मिला। यह रकम एक साथ नहीं, बल्कि पांच साल में दी जानी है, बशर्ते कर्मचारी कंपनी में बने रहें। बोनस की पेमेंट जून 2025 से शुरू हो चुकी है। कई कर्मचारियों को शुरुआत में यह यकीन ही नहीं हुआ कि यह सच है। कुछ को लगा कि यह मजाक या प्रैंक है, जबकि कई लोग भावुक हो गए। ग्राहम वॉकर ने खुद माना कि कुछ कर्मचारियों ने बोनस मिलते ही उसे खर्च कर दिया। उनके शब्दों में आखिरकार यह उनका पैसा है, फैसला भी उनका ही है।

### कई कर्मचारियों की जिंदगी बदली

इस फैसले ने कई कर्मचारियों की जिंदगी बदल दी। एक महिला कर्मचारी, जो 1995 से कंपनी में काम कर रही हैं और कभी 5.35 डॉलर प्रति घंटा की सैलरी पर थीं, उन्होंने इस बोनस से अपना मॉर्टगेज चुकाया और एक क्लोदिंग बुटीक शुरू किया। उनके मुताबिक, पहले गुजारा सैलरी से सैलरी तक ही होता था, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। अन्य कर्मचारियों ने इस रकम से कर्ज चुकाया, कार खरीदी, बच्चों की कॉलेज फीस भरी, रिटायरमेंट फंड मजबूत किया या परिवार के साथ यात्रा की योजना बनाई।

# इंजीनियरिंग और एजुकेशन के 4ई मॉडल से हादसे घटाने की तैयारी

## पुलिस के रिफ्रेशर कोर्स में तैयार हो रहे ट्रैफिक के रक्षक



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में सड़क हादसें में कमी लाने पुलिस ने भोपाल में दो दिवसीय राच्य स्तरीय रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया। पुलिस परिवहन शोध संस्थान (पीटीआरआई) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के यातायात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को रोड सेफ्टी के 4-ई मॉडल के वैज्ञानिक सिद्धांतों का प्रशिक्षण दिया गया। इस मॉडल के तहत शिक्षा (एजुकेशन), अभियांत्रिकी (इंजिनियरिंग), प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) और आपातकालीन देखभाल (इमरजेंसीकेयर) जैसे महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण आए हुए अफसरों को दिया गया।

### गोल्डन ऑवर में बचाई जा सकती हैं जानें

इस प्रसिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को सिखाया गया कि सड़क दुर्घटना के गोल्डन आवर (हादसे के बाद के एक घंटे) के दौरान घायल व्यक्ति को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। इसके साथ ही सभी को केंद्र और राच्य सरकार की राहगीर प्रोत्साहन योजनाओं और कैशलेस उपचार व्यवस्था की भी जानकारी दी गई, ताकि हादसे के बाद घायलों की मदद करने वालों को भी प्रोत्साहित किया जा सके। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में नए मोटर व्हीकल एक्ट में पुलिस की बदलती भूमिका और रोड इंजीनियरिंग पर चर्चा की गई। एक्सपर्ट डॉ. मयंक दुबे और एसएस लल्ली ने बताया कि सड़कों के डिजाइन में मामूली से सुधार और बदलाव से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। इस दौरान पीटीआरआई के एआईजी अभिजीत कुमार रंजन भी मौजूद रहे।

### बेकाबू भीड़ का कॉन्सर्ट में हंगामा

# गायक कैलाश खेर बोले- जानवरगिरी कर रहे आप



**जागरण, ग्वालियर।** ग्वालियर गौरव और तबला दिवस पर मशहूर गायक कैलाश खेर के कॉन्सर्ट में हंगामा मच गया। लाइव परफार्मेंस के दौरान बेकाबू भीड़ बैरिकेड्स फांदकर मंच की ओर बढ़ी तो कुछ लोग स्टेज तक पहुंचने की जद्दोजहद करते दिखे। इसके बाद कैलाश को अपना गाना बीच में ही रोकना पड़ा। उन्होंने मंच से माइक पर नाराजगी जताई और कहा-हमारे इक्विपमेंट के पास न आएं, अगर आए तो हम शो बंद कर देंगे। हमने आपकी प्रशंसा की और आप जानवरगीरी कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस को सक्रिय होना पड़ा और हालात को काबू में किया। इससे पहले स्थिति बिगड़ी तो खेर ने मंच से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से पास आकर व्यवस्था संभालने का अनुरोध किया। हालांकि, मौके पर सुरक्षाकर्मी मौजूद थे, लेकिन सिंगर से मिलने और गानों पर नाचने के उत्साह में भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गई थी। कुछ देर मशक्कत के बाद पुलिस ने भीड़ को पीछे हटाया। दरअसल कार्यक्रम के दौरान आडियंस और स्टेज में काफी दूरी थी। कैलाश ने खुद इसे कम करने को कहा।

ये बात जब दर्शकों ने सुनी तो प्रस्तुति के दौरान ही लोग बैरिकेड्स लांघकर स्टेज की तरफ दौड़ने लगे। इस दौरान पुलिस ने लोगों को रोकर नहीं तो भीड़ स्टेज तक पहुंच गई, जिसके बाद कैलाश खेर नाराज हो गए। नाराजगी के बाद पुलिस ने मोर्चा संभाला। हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया।









मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।